●वर्ष : 16 ●अंक : 171 ●मूल्य : 02 रूपया मात्र पृष्ठ : 08

RNI No. DELHIN/2008/23928

# दैनिक लोकतंत्र की शान

लोकतंत्र का स्तंभ

दिल्ली से प्रकाशित

बुधवार 09 अक्टूबर 2024

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEU-TICALS (OPC) PRIVATE LIMITED



Distributorship ke liye contact Karen . ( 9315755133 / ya email Karen) angenpharmaceuticals@gmail.com

# हरियाणा में बीजेपी ने कांग्रेस को दे दिया बड़ा शॉक

## जम्मू-कश्मीर में इंडिया अलायंस को बहुमत



नूना न्यूज एजेंसी

**हरियाणा।** एग्जिट पोल की भविष्यवाणियों को धता बताते हुए बीजेपी ने हरियाणा में जीत की हैट्रिक लगाई। जम्मू-कश्मीर के परिणामों ने भी सभी अनुमानों को धता बताते हुए केंद्र शासित प्रदेश में नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन को बड़ी जीत दिलाई। परिणाम आते ही फारूक अब्दुल्ला की तरफ से अपने बेटे उमर अब्दुल्ला को अगले मुख्यमंत्री के रूप में ऐलान भी कर दिया। भाजपा ने हरियाणा में 90 में से 48 सीटें जीतीं; बहुमत का आंकड़ा 46 है। कांग्रेस ने 37 सीटें जीतीं। 1966 में अपनी स्थापना के बाद से किसी भी पार्टी ने हरियाणा में लगातार तीसरी बार जीत हासिल नहीं की है। कभी हरियाणा में ताकतवर रहे ओम प्रकाश चौटाला की इंडियन नेशनल लोकदल (आईएनएलडी) ने दो सीटें जीतीं, जबकि दुष्यंत चौटाला के नेतृत्व वाली जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) ने दो सीटें जीतीं। जिसने 2019 में भाजपा के साथ गठबंधन किया, वह अपना खाता खोलने में विफल रही। भाजपा ने 2014 के विधानसभा चुनाव में 47 सीट जीतकर पहली बार अपने बूते हरियाणा में सरकार बनाई थी। साल 2019 के चुनाव में उसे 40 सीट मिली थी। मोदी ने एक्स पर सिलसिलेवार पोस्ट में इस महाविजय के लिए हरियाणा की जनता को नमन करते हुए कहा कि यह विकास और सुशासन की राजनीति की जीत है। मैं यहां के लोगों को विश्वास दिलाता हूं कि उनकी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए हम कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे।

### ›› जम्मू ने बचाई बीजेपी की लाज, कश्मीर में एनसी-कांग्रेस पर विश्वास

जम्मू-कश्मीर में जहां एक दशक में पहली बार 90 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव हुए। कांग्रेस-एनसी गठबंधन ने 48 सीटें जीतीं, जबकि भाजपा ने 29 सीटें हासिल कीं। महबूबा मुफ्ती की पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) को तीन सीटें मिलीं। कुछ आश्चर्य की बात यह है कि आप के मेहराज मलिक ने डोडा में जीत हासिल की। बडगाम और गांदरबल निर्वाचन क्षेत्रों में जीत हासिल करने वाले एनसी नेता उमर अब्दुल्ला ने भाजपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जो लोग हमें नष्ट करना चाहते थे, उन्हें नष्ट कर दिया गया। केंद्र शासित प्रदेश में त्रिशंकु विधानसभा की संभावना से विपक्षी दलों को आशंका है कि उपराज्यपाल द्वारा मनोनीत पांच विधायक सरकार गठन में निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं। बीजेपी को इन चुनावों में बेहतर करने की उम्मीद थी. पार्टी नेता जम्मू में 30 से 35 सीटें जीतने का दावा कर रहे थे। हालांकि, बीजेपी इस चुनाव में 29 सीटें ही जीत पाई हैं. ये सभी सीटें जम्मू रीजन में हैं।

## ज्वलंत मुद्दा

सम्पादकीय



### जम्मू-कश्मीर के चुनावी नतीजों के निहितार्थ

जम्मू और कश्मीर राज्य एवं राम मंदिर में क्या कोई समानता हो सकती है? मोटे तौर पर देखें तो इनमें कोई समानता नहीं हो सकती। लेकिन जब भारतीय जनता पार्टी के संदर्भ में दोनों को ही देखें तो समानता नजर आती है। राममंदिर और जम्मू-कश्मीर, भारतीय जनता पार्टी के कोर मुद्दे रहे हैं। लेकिन चुनावी मोर्चे पर दोनों ही मुद्दे कम से कम स्थानीय स्तर पर भाजपा को निराश ही करते रहे हैं। संविधान के अनुच्छेद 370 और कैबिनेट के प्रस्ताव 35 ए की वजह से जम्मू-कश्मीर की स्थिति देश के अन्य राज्यों से अलग रही है। यह अलग स्थिति ही वहां के अलगाववाद की नासूर का कारण मानी जाती रही है। भारतीय जनता पार्टी ने अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 को निष्प्रभावी करके एक तरह से इस नासूर को ही खत्म कर दिया। ऐसे में इसका चुनावी श्रेय भारतीय जनता पार्टी को मिलने की उम्मीद होना स्वाभाविक है। लेकिन विधानसभा चुनाव नतीजों ने पार्टी को निराश ही किया है। यहां पर राममंदिर आंदोलन और उस बीच हुए उत्तर प्रदेश के चुनावों की याद आना स्वाभाविक है। छह दिसंबर 1992 को बाबरी मस्जिद के विध्वंस के बाद अव्वल तो होना चाहिए था कि आगामी चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को अपने दम पर भारी जीत मिलती। लेकिन 1993 के विधानसभा चुनावों में भाजपा सबसे बड़ा दल बनकर भले ही उभरी, लेकिन वह बहुमत से दूर रही। जनवरी 2024 में अयोध्या में भव्य राममंदिर बनकर तैयार हो गया। देश और दुनिया में राममंदिर को लेकर अलग तरह का उत्साह देखा गया। पांच सौ वर्षों के संघर्ष का अंत हुआ। इस संघर्ष की अगुआ भारतीय जनता पार्टी ही रही। इसलिए इस संघर्ष का उसे चुनावों में फायदा मिलना चाहिए था। लेकिन उलटबांसी देखिए कि कुछ ही महीनों बाद हुए लोकसभा चुनावों में अयोध्या वाली फैजाबाद सीट भारतीय जनता पार्टी हार गई। इस कड़ी में कोर मुद्दे से जुड़े इलाके जम्मू-कश्मीर में बीजेपी को चुनावी बढ़त ना मिलना, पार्टी के लिए तीसरा झटका कहा जा सकता है। जम्मू-कश्मीर में जिस नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस के गठबंधन को बहुमत मिला है, उसका चुनावी वादा है कि राज्य की पुरानी स्थिति बहाल करेंगे यानी अनुच्छेद 370 को फिर से प्रभावी बनाएंगे।

**SYED ZAKI HAIDER**

( EDITOR / PUBLISHER CUM MANAGING DIRECTOR OF NAI UMMEED NEWS AGENCY

MOBILE NO. 9911371802

EMAIL SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

# जाति जनगणना रिपोर्ट को लेकर हमलावर हुई बीजेपी

## सिद्धारमैया की मंशा पर उठाए सवाल

नूना न्यूज एजेंसी



**कर्नाटक।** में चल रहे जाति जनगणना विवाद को लेकर राज्य प्रमुख बीवाई विजयेंद्र ने इसे कैबिनेट में पेश करने के कदम की आलोचना की। उन्होंने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया पर अपने मुख्यमंत्री पद की रक्षा के लिए इसे जल्दबाजी में आगे बढ़ाने का आरोप लगाया। उन्होंने सिद्धारमैया की मंशा पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने रिपोर्ट में खामियां स्वीकार की हैं। विजयेंद्र ने सुझाव दिया कि जनगणना के लिए मुख्यमंत्री का दबाव उनके प्रशासन और संभावित घोटालों के बारे में बढ़ती चिंताओं से जनता का ध्यान भटकाने का एक हताश प्रयास था। उन्होंने दावा किया कि सिद्धारमैया सत्ता में बने रहने के लिए विवादों में इतने उलझे हुए हैं। मुझे लगता है कि सिद्धारमैया लंबे समय तक अपना मुख्यमंत्री पद बरकरार नहीं रख सकते। उन्होंने आगे कहा कि आरोपों और दबाव का सामना कर रहे सिद्धारमैया अपनी राजनीतिक स्थिति बनाए रखने के लिए जाति जनगणना को 'ब्रह्मास्त्र' या आखिरी हथियार के रूप में इस्तेमाल करने की कोशिश कर रहे हैं। कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने जाति जनगणना का बचाव करते हुए कहा कि यह वर्षों से चल रही प्रक्रिया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी गई है, और डेटा के आधार पर निर्णय लेना सरकार पर निर्भर है। परमेश्वर ने आग्रह किया कि राजनीति करने के बजाय, सभी को निष्कर्षों से सच्चाई सामने आने देनी चाहिए। उन्होंने कहा, "हमारा उद्देश्य जनगणना की वास्तविकताओं के आधार पर सरकारी कार्यक्रमों को आकार देना है।

# असम में आनलाइन शेयर कारोबार घोटाला मामलों की जांच सीबीआई ने संभाली: हिमंत

नूना न्यूज एजेंसी

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने पूरे राज्य भर में दर्ज ऑनलाइन शेयर कारोबार घोटाले के 41 मामलों की जांच आधिकारिक तौर पर संभाल ली है। शर्मा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, ऑनलाइन शेयर कारोबारघोटाले की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए, हमने भारत सरकार से सभी 41 पंजीकृत मामलों को औपचारिक रूप से सीबीआई को सौंपने का अनुरोध किया था। राज्य के मुख्यमंत्री शर्मा के पास राज्य का गृह प्रभार भी है। उन्होंने कहा, सीबीआई आधिकारिक रूप से इस मामले को अपने हाथ में ले रही है और राज्य सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव सहायता प्रदान करेगी कि जल्द से जल्द न्याय मिले राज्य में ऑनलाइन कारोबार घोटाला अगस्त के अंतिम सप्ताह में प्रकाश में आया था, जब 29 वर्षीय दीपांकर बर्मन की कंपनी में भारी मात्रा में धन लगाने वाले निवेशकों ने शिकायत की कि उसने उन्हें उचित रिटर्न नहीं दिया है और उसका कार्यालय 21 अगस्त से बंद है। वह फिलहाल फरार है। शर्मा ने कहा था कि असम मंत्रिमंडल ने सितंबर में ऑनलाइन शेयर कारोबार घोटाले के संबंध में तब तक दर्ज 32 मामलों को जांच के लिए सीबीआई को स्थानांतरित करने का फैसला किया है। मुख्य सचिव रवि कोटा ने भी इस मामले पर सीबीआई निदेशक प्रवीण सूद से चर्चा की, जिन्होंने आश्वासन दिया कि एजेंसी मामलों को अपने हाथ में लेने की प्रक्रिया जल्द ही शुरू करेगी। कई कंपनियों ने कथित तौर पर राज्य भर के लोगों से इस वादे पर सैकड़ों करोड़ रुपये जुटाये कि उन्हें शेयर बाजारों में निवेश करके भारी रिटर्न मिलेगा। इन कंपनियों के प्रवर्तक में से ज्यादातर युवा हैं। हालांकि, पिछले कुछ महीनों में ये कंपनियां निवेशकों को रिटर्न चुकाने में विफल होने लगीं। घोटाले के सिलसिले में अब तक 65 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है और अनियमित जमा योजना प्रतिबंध अधिनियम, 2019 के अलावा भारतीय न्याय संहिता के तहत जिलों में दर्ज मामलों की जांच के लिए 14 विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित किये गए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### मालदीव के राष्ट्रपति ने पत्नी संग किया ताज का दीदार



**आगरा।** ताजमहल का दीदार करने के लिए मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू और प्रथम महिला साजिदा मोहम्मद आगरा पहुंच गईं हैं। आगरा में खेरिया एयरपोर्ट पर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने उनका स्वागत किया। इसके बाद वे सीधे ताज पहुंचे। इस दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहे। उन्होंने ताज का दीदार किया और यहां फोटोग्राफी भी कराई। राष्ट्रपति एयरपोर्ट से सीधे शिल्पग्राम पहुंचें। वहां उन्हें प्रदेश की संस्कृति और धरोहर से अवगत कराने के लिए मयूर नृत्य और रास प्रदर्शित किया गया।

### सेंसेक्स 500 अंक चढ़ा सुबह 200 अंक नीचे था

**मुंबई।** सेंसेक्स आज यानी 8 अक्टूबर को करीब 500 अंकों की तेजी के साथ 81,570 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। निफ्टी में भी 170 अंक की तेजी है, ये 24,970 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 19 में तेजी और 11 में गिरावट है। निफ्टी के 50 शेयरों में से 30 में तेजी और 20 में गिरावट है। आईटी और ऑटो सेक्टर को छोड़कर सभी तेजी के साथ कारोबार कर रहे हैं।

### दुनियाभर में ठप हुआ फोटो शेयरिंग एप इंस्टाग्राम

**नईदिल्ली।** मेटा के स्वामित्व वाले फोटो शेयरिंग एप इंस्टाग्राम के डाउन होने की खबर है। वेबसाइट के आउटेज को ट्रैक करने वाली साइट डाऊन डिटेक्टर ने भी इंस्टाग्राम के आउटेज की पुष्टि की है। डाउनडिटेक्टर पर अभी तक करीब 500 लोगों ने आउटेज की शिकायत की है। इंस्टाग्राम में आउटेज की शुरुआत आज यानी 8 अक्तूबर को सुबह 11.15 बजे से हुई है।

# रांची में ईडी की आधा दर्जन ठिकानों पर कार्रवाई





### यह है मामला

बताया जाता है कि जमीन कारोबारी संजीव कुमार पांडेय ने पंडरा ओपी में वकील सुजीत कुमार के खिलाफ प्राथमिकी करायी थी। जिसमे बताया गया था कि ईडी की चार्जशीट से पांडेय का नाम हटाने के लिए अधिवक्ता सुजीत कुमार ने करोड़ों रुपये लिए थे, फिर भी नाम नहीं हटा पाया।

एजेंसी, रांची

ईडी को मैनेज करने के मामले में पंडरा थाना में दर्ज प्राथमिकी मामले में मंगलवार को रांची में आधा दर्जन ठिकानों पर ईडी का छापा। यह छापेमारी मैनेज करने वाले कथित अधिवक्ता के साथ साथ तीन अंचलाधिकारियों व उनके सहयोगियों के ठिकानों पर जारी है। आरोपितों में जय कुमार राम, दिवाकर द्विवेदी, प्रभात भूषण, संजीव पांडे, रवि नामक व्यक्तियों के ठिकानों पर छापा मारा है। रांची की परवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धनबाद के जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी के झारुडीह स्थित फ्लैट में छापामारी की है। झारुडीह के देव विहार अपार्टमेंट के नौवें तल पर द्विवेदी का फ्लैट है। छापामारी के लिए ईडी की छह सदस्यीय टीम यहां पहुंची है। इसमें एक महिला अधिकारी भी हैं। टीम ने सुबह नौ बजे छापामारी शुरू की है। जानकारी के अनुसार ईडी पंडरा थाना में दर्ज एक मामले को लेकर परवर्तन निदेशालय को मैनेज करने का आरोप है। मैनेज करने को लेकर पांच करोड़ रुपये लेनदेन करने का मामला सामने आ रहा है। यह मामला जमीन

# ग्वालियर एमपी, एमएलए कोर्ट ने पूर्व मंत्री राजा पटेरिया को किया दोषमुक्त

**दमोह।** दिग्विजय सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे राजा पटेरिया को ग्वालियर एमपी एमएलए कोर्ट ने दोष मुक्त करार दिया है। इन्होंने करीब 2 साल पवई के रेस्ट हाउस में एक सभा के दौरान देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हत्या करने के लिए तैयार रहने जैसा आपत्तिजनक बयान दिया था। ये बयान सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।



**नरेंद्र मोदी की हत्या करने के लिए तैयार रहने जैसा आपत्तिजनक बयान दिया था।**

इसके बाद इस मामले में राजा पटेरिया के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी और पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जिसके बाद उन्होंने 2 महीने 18 दिन जेल में काटे थे। अब इसी मामले में कोर्ट ने उन्हें बरी कर दिया है। 11 दिसंबर 2022 को पन्ना जिले के पवई में लोक निर्माण विभाग के रेस्ट हाउस में कांग्रेस की एक बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ जिसमें राजा पटेरिया देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हत्या करने के लिए तैयार रहने जैसा बयान देती सुनाई और दिखाई दिए थे। राजा पटेरिया के अधिवक्ता संजय शर्मा ने बताया सोमवार को ग्वालियर एमपी एमएलए कोर्ट के न्यायाधीश धीरेंद्र सिंह परिहार ने इस मामले पर अंतिम सुनवाई करते हुए पूर्व मंत्री पटेरिया को दोष मुक्त करार दिया है। कोर्ट से बरी हुए कांग्रेस नेता राजा पटेरिया का कहना है कि न्यायालय द्वारा दिया गया निर्णय सच्चाई की जीत है।

# बड़वानी में चाय पी रही दंपत्ति को मारी टक्कर, मौके पर मौत

बड़वानी

सेंधवा में तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने सड़क किनारे खड़े तीन लोगों को टक्कर मार दी। दंपती और उनका एक साल का नाती छिटककर दूर जा गिरे। दंपती की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बच्चा गंभीर है। उसे सेंधवा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पिकअप महिला को करीब 150 फीट तक घसीटता ले गया। शव पिकअप वाहन के नीचे बाइक के साथ दबा मिला। एक हाथ का पंजा भी कटकर दूर जा गिरा। पिकअप का ड्राइवर मौके से भाग निकला। पुलिस के मुताबिक, हादसा आज सुबह करीब 6 बजे हुआ। संजय मंडले उर्फ संजू सेंधवा (44) की अभिनव कॉलोनी में रहते थे। ऑटो रिक्शा चलाते थे। वे पत्नी कल्पना (40) और नाती अंशु के साथ शहर से 16 किमी दूर महाराष्ट्र बॉर्डर पर बने बड़ी बिजासन माता के मंदिर दर्शन करने जा रहे थे। नेशनल हाईवे पर गवाड़ी गांव में ग्रामीण श्रद्धालुओं को चाय बांट रहे थे। पति-पत्नी अपनी बाइक नंबर एमपी 46 एमई 3975 खड़ी कर चाय पीने लगे। इसी दौरान इंदौर में सब्जी खाली कर मुंबई की ओर जा रहे तेज रफ्तार पिकअप वाहन नंबर एमएच 41 एयू 6143 ने उनको टक्कर मार दी।



# धार में पिकअप पलटा, सोयाबीन कटाई के लिए जा रहे दो मजदूर की मौत, एक गंभीर, 12 घायल

धार। मध्यप्रदेश में रफ्तार का कहर थम नहीं रहा है। धार जिले में सोयाबीन कटाई के लिये जा रहे मजदूरों का वाहन हादसे का शिकार हो गया। हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई एवं एक गंभीर रूप से घायल है। दर्जन भर से अधिक घायल लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मालवाहक वाहन में 36 मजदूर सवार थे, जिसमें से 10 नाबालिग भी शामिल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोयाबीन कटाई के लिए आए बाग क्षेत्र के मजदूरों से भरा तूफान वाहन राजगढ़-पारा मार्ग पर मोहनखेड़ा के समीप पहिया निकलने से अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। घटना की सूचना मिलते ही राजगढ थाना प्रभारी संजय रावत और तिरला चौकी प्रभारी कालुसिंह बामनिया दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचे और घायलों को अस्पताल



पहुंचाया। सरदारपुर एसडीओपी आशुतोष पटेल के अनुसार वाहन में सवार अनिल पिता चेनसिंह उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम झिरपानिया तथा मुकेश पिता भांगडा उम्र 45 साल निवासी झिरपानिया थाना बाग की मौत हुई है। बता दें कि इन दिनों सोयाबीन फसल की कटाई चल रही है। ठेकेदारों द्वारा ओवरलोडिंग वाहनों में मजदूरों को ले जाया जा रहा है। उनकी जान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है जिम्मेदारों का ध्यान इस ओर नहीं है।

### रिश्तों की मर्यादा को शर्मसार कर देने वाली घटना

# नाबालिग के साथ पिता और बड़े भाई ने रिश्तों को किया कलंकित

शिवपुरी

कलयुग के इस दौर में रिश्तों की पवित्रता और सम्मान बनाए रखना किसी चुनौती से कम नहीं है। इसी बीच एक बार फिर मध्य प्रदेश से रिश्तों की मर्यादा को शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां एक पिता ने ही अपनी नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। इतना ही नहीं डरी सेहमी किशोरी ने जब थोड़ी हिम्मत जुटा कर अपने भाई को बताया तो रक्षा का वचन निभाने की जगह उसने भी अपनी हवस बुझाई। मामला शिवपुरी के जिले की करैरा विधानसभा के दिनारा थाना क्षेत्र का है। जहां एक पिता ने अपनी 15 साल की नाबालिग बेटी के साथ एक या दो बार नहीं कई बार दुष्कर्म की वारदात को



अंजाम दिया। परेशान होकर डरी सहमी नाबालिग ने यह बात अपने बड़े भाई को बताई तो भाई ने कहा कि किसी को नहीं बताना। फिर मौका देख उसने भी बहन को अपनी हवस का शिकार बनाते हुए उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। इतना कुछ होने के बाद भी नाबालिग ने हिम्मत नहीं हारी और अपने छोटे भाई को सब बताया। बड़ी बहन की आपबीती सुनकर छोटे भाई के पैरों तले जमीन खिसक गई। वो तुरंत बहन के साथ थाने पहुंचा और पुलिस से शिकायत की। वारदात की पूरी कहानी सुन पुलिस भी हैरान हो गई। जिसके बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया।

### मां छोड़ चुकी हे घर

15 साल की नाबालिग मासूम ने पुलिस को बताया कि, उसकी मां का पिता के साथ कई सालों पहले विवाद हो गया था जिसके बाद से ही मां घर छोड़कर ओड़िशा चली गई है। तीन साल पहले पिता ने पहली बार उसे गलत तरह से छुआ। इसके बाद पिता ने सारी हदें पार कर कई बार दुष्कर्म किया। वहीं जब बड़े भाई को पूरी बात बताई तो उसने भी उसे अकेला पाकर दुष्कर्म किया। इतना ही नहीं जब नहाती थी या कपड़े बदलती थी तो भाई उसे देखता था। इसके साथ ही उसे गंदे वीडियो दिखा कर उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म करता था। इधर जब वो विरोध करती थी तो पिता उसकी पिटाई करता था। पूरे मामले में पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

### टैम्पा से 1 हजार किमी दूर है तुफान, 67 काउंटी में से 51 में अलर्ट जारी

# फ्लोरिडा में तूफान की आशंका, 5 लाख को हटाया

एजेंसी, फ्लोरिडा

अमेरिका में 10 दिनों में दूसरी बार बड़ा तूफान आने वाला है। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, फ्लोरिडा में मिल्टन तूफान को लेकर चेतावनी जारी की गई है। नेशनल हरिकेन सेंटर ने इसे सबसे ज्यादा विनाशकारी तूफानों की कैटेगरी-5 में रखा है। इस कैटेगरी में जान-माल के भारी नुकसान का खतरा रहता है। मिल्टन बुधवार को फ्लोरिडा के घनी आबादी वाले इलाके 'टैम्पा बे से टकरा सकता है। अभी यह टैम्पा से 1000 किमी दूर है। टैम्पा की आबादी 30 लाख से ज्यादा है। तूफान के टैम्पा बे तक पहुंचने पर इसके कमजोर पड़ने की संभावना जताई जा रही है। इसके बाद ये मध्य फ्लोरिडा से अटलांटिक महासागर की तरफ बढ़ जाएगा। मिल्टन तूफान फिलहाल मेक्सिको की खाड़ी से गुजर रहा है। सोमवार रात को तूफान की गति करीब 285 किमी थी। यह फ्लोरिडा राज्य की तरफ बढ़ रहा है। तूफान के कारण फ्लोरिडा की 67 में से 51 काउंटियों में इमरजेंसी अलर्ट जारी किया गया है।



फ्लोरिडा में तटवर्ती इलाकों को खाली कराया जा रहा है। अब तक करीब 5 लाख लोगों को सुरक्षित जगह पर पहुंचाया जा चुका है। अमेरिका में इससे पहले हेलेन तूफान आया था। इसमें कम से कम 225 लोगों की मौत हुई थी। स्ट्रॉर्म या तूफान वातावरण में एक तरह का डिस्टर्बेंस होता है, जो तेज हवाओं के जरिए सामने आता है और उसके साथ बारिश, बर्फ या ओले पड़ते हैं। जब ये धरती पर होते हैं तो आम तूफान कहलाते है, लेकिन समुद्र से उठने वाले स्टॉर्म को हरिकेन कहते हैं। हरिकेन आम स्टॉर्म से ज्यादा खतरनाक होते हैं।






(1) लद्दाख भवन में अनशन पर बैठे लद्दाख के सोनम वांगचुक (2) दिल्ली के झंडेवाला मंदिर में सोमवार को दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालु (3-4)सड़क किनारे लगी रावण की प्रतिमा को अंतिम रूप देते कलाकार।

# आकाश मार्ग में रथ पर सवार रावण ने किया सीता हरण

## अगस्त्य मुनि ने राम, लक्ष्मण को दिए दिव्य अस्त्र

**दिल्ली।** देश-विदेश में ख्याति प्राप्त लव कुश रामलीला कमेटी, लालकिला मैदान दिल्ली के अध्यक्ष श्री अर्जुन कुमार बताया कि आज लीला मंच पर फिल्म नवरस कथा कालेज के हीरो पारितोष त्रिपाठी (इंडियन आईहेल सुपर डान्सर फेम), फिल्म की हीराईन रेवती पिल्लई (टाईगर थ्री फेम) के साथ फिल्म डायरेक्टर, एक्टर प्रवीण हीगोनिया ने प्रभु श्री रामचन्द्र जी की वंदना की और आशीर्वाद लिया। लीला के अध्यक्ष अर्जुन कुमार के अनुसार आज सुतिक्षण प्रसंग, अगस्त्य मुनि से भेंट, अगस्त्य मुनि द्वारा राम, लक्ष्मण को दिव्य अस्त्र देना, पचंवटी जयन्ता प्रसंग, सूर्पनखा प्रसंग, राम द्वारा खर-दूषण वध, रावण दरबार में सुर्पणखा द्वारा रावण को उकसाना, रावण का मारीच को स्वर्ण मृग बनना, मारीच वध, पंचवटी में लक्ष्मण द्वारा रेखा खीचना, साधुवेश में भिक्षा मांगना, सीता



का अग्नि प्रवेश, सीता हरण, पंचवटी में सीता को ना पकार, राम-लक्ष्मण विलाप, रावण-जटायु युद्ध, जटायु मोक्ष तक की लीला का मंचन हुआ। लीला पश्चात कमेटी के महासचिव सुभाष गोयल, चैयरमैन पवन गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सत्यभूषण जैन, सौरव गुप्ता, संदीप भूटानी, कोषाध्यक्ष अंकुर गोयल, लीला मंत्री प्रवीण सिंहल आदि सभी पदाधिकारियों ने आये हुए सभी अतिथियों का सम्मान किया और प्रभु श्रीराम की आरती एवं चरण वंदना के साथ लीला सम्पन्न हुई।

# जम्मू और कश्मीर के लोगों को कांग्रेस पार्टी और नेशनल कॉन्फ्रेन्स गठबंधन को सेवा का मौका देने के लिए हृदय से धन्यवाद।

**दिल्ली।** नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला जी और उपाध्यक्ष एवं गठबंधन सरकार के मुखिया, @OmarAbdullah जी को शानदार जीत की बधाई। यह जनमत जम्मू और कश्मीर के लोगों ने भाजपा के जनविरोधी नीतियों, जनता के अधिकारों का हनन और उत्पीड़न तथा संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग के खिलाफ दिया है। हमारी गठबंधन सरकार आपकी आकांक्षाओं पर पूरी तरह से खरा उतरने का हर संभव प्रयास करेगी। आपकी खुशहाली और संवैधानिक हकों की रक्षा के लिए INDIA गठबंधन पूरी तरह संकल्पित है। हरियाणा का परिणाम अप्रत्याशित है। पार्टी इस जनमत का आकलन कर रही है। हमारे जमीनी कार्यकताओं से बात कर, पूरी जानकारी हासिल करने



और तथ्यों को जाँच लेने के बाद पार्टी की तरफ से विस्तृत प्रतिक्रिया आएगी। हम हरियाणा के लोगों को कांग्रेस पार्टी को वोट देने के लिए आभार व्यक्त करते हैं। हमारे कर्मठ कार्यकताओं को निराश होने की जरूरत नहीं है। तानाशाही से हमारी लड़ाई लंबी है।

# दिल्ली में हुआ फिल्म 'जिगरा' का प्रमोशन

**दिल्ली।** हाल ही में फिल्म 'जिगरा' की स्टार कास्ट प्रमोशन के सिलसिले में दिल्ली आई थी। नई दिल्ली के द इंपीरियल होटल में आयोजित



प्रमोशनल कार्यक्रम में में फिल्म के लीड एक्टर आलिया भट्ट और वेदांग रैना के साथ-साथ निर्देशक वसाबा बाला भी मौजूद थे। यह फिल्म 11 अक्टूबर, 2024 को रिलीज होने वाली है। रणबीर की फिल्म 'एनिमल' के साथ 'जिगरा' की तुलना पर आलिया भट्ट ने कहा, 'दोनों फिल्मों के बीच कोई तुलना नहीं है और मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि मेरे जीवन में रणबीर हैं। वह वास्तव में बेहतरीन सहायक हैं और मेरे सभी काम की प्रशंसा करते हैं।

# आईजेए ने यूट्यूबर मिश्रा की गिरफ्तारी की निंदा की।

**मुजफ्फरपुर, 8 अक्टूबर 2024.** इंडियन जर्नलिस्ट एसोसियेशन (आईजेए) ने बिहार के मुजफ्फरपुर में यूट्यूबर मिथुन मिश्रा की गिरफ्तारी की कड़ी निन्दा करते हुए दोषी पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है। आईजेए के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामनाथ विद्रोही ने आज जिलाधिकारी को एक ज्ञापन देकर इस आशय की मांग की। पत्र में कहा गया है, कि यूट्यूबर मिश्रा बाढ़ की विभीषिका का रिपोर्टिंग कर रहे थे। जहां लोग काफी परेशान एवं उत्तेजित थे। एक सीओ के इशारे पर पुलिस ने भीड़ का हिस्सा बताकर मिश्रा को गिरफ्तार कर लिया, जो पूरी तरह से अभिव्यक्त की आजादी का खुला उल्लंघन है। श्री विद्रोही ने



कहा है,कि पत्रकारों के खिलाफ ऐसी कई घटनायें आए दिन बिहार में हो रही है। राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को तुरंत संज्ञान में लेना चाहिए एवं दोषी अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।

# श्री गुरु रविदास विश्व महापीठ का स्वयंभू अध्यक्ष बने सुरजीत सिंह का आजीवन निष्कासन

- दिल्ली के पूर्व विधायक चौधरी चांदराम के नेतृत्व में कमेटी करेगी मामले की जांच

नई दिल्ली, अक्तूबर : श्री गुरु रविदास विश्व महापीठ (रजि.) जोकि पिछले कई वर्षों से देशभर में श्री गुरु रविदास समाज के प्रमुख लगभग 20 लाख लोगों का जन समूह का सामाजिक, धार्मिक एवं राजनितिक रूप से सामाजिक संगठन है और श्री गुरु रविदास जी कथा-प्रवचनों का देशभर के विभिन्न हिस्सों में आयोजन कार्य भी करता है।

आज प्रातः शोसल मीडिया में माध्यम से प्राप्त जानकारी के अनुसार सुरजीत सिंह जोकि दिल्ली प्रदेश का रविदासी समाज का कार्यकर्ता है और जिसको हमारे सामाजिक संगठन श्री गुरु रविदास विश्व महापीठ में पूर्व में दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष और गत माह गठीत राष्ट्रीय कार्यकारणी में महामंत्री पद पर नियुक्त किया गया था, ने स्वयंम में महापीठ का राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित कर लिया है जिसने महापीठ के गलत तरीके से लेटर हेड आदि छपवाकर (अपना फोन नंबर व अपना निजी ईमेल आईडी आदि तथा मुख्यालय बुग्गावाला, हरिद्वार और कार्यालय विकासपुरी दिल्ली के अलावा किसी अन्य स्थान को दर्ज करके) गठित राष्ट्रीय कार्यकारिणी पदाधिकारीयो के नाम का दुरुपयोग किया है।

यह स्पष्ट रूप से है की श्री गुरु रविदास विश्व महापीठ सामाजिक संगठन का पंजीकृत केंद्र हरिद्वार है और कार्यालय विकासपुरी, दिल्ली में वर्षो से कार्यरत है और संगठन को भारत सरकार के ट्रस्ट नियमानुसार पंजीकृत कराया गया है जिसमें शासकीय नियमअनुसार किसी भी पद की नियुक्ति एवं पद मुक्त करने का अधिकार केवल मात्र अध्यक्ष (नाम) रविदास आचार्य श्री सुरेश राठौर और मुख्य संगठन महामंत्री (नाम) श्री सूरज भान कटारिया को ही अंकित है।



दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने आगामी दिल्ली विधानसभा चुनावों के लिए दिल्ली कांग्रेस की घोषणापत्र समिति का शुभारंभ के दौरान।

# फाइनैंसरों से परेशान हेयर सैलून संचालक ने की आत्महत्या

- मृतक ने छोड़ा सुसाइड नोट, मरने से पहले परिजनों ने बनाई वीडियो

जींद, अक्तूबर : फाइनेंसरों से परेशान हेयर सैलून संचालक ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ निगल आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक ने मरने से पहले अपने बयान वीडियो में दर्ज करवाए हैं। यह वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ। पुलिस ने एक सुसाइड नोट भी बरामद किया है। सिविल लाइन थाना पुलिस ने मृतक की पत्नी की शिकायत पर बैंक कर्मी समेत पांच लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चाबरी कालोनी निवासी कालोनी निवासी पवन (40) हेयर सैलून चलाता था। गत दिवस शाम को उसने संदिग्ध हालात के चलते जहरीला पदार्थ निगल लिया। हालात बिगड़ने पर उसे शहर के निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मरने से पूर्व परिजनों ने उसका बयान भी रिकार्ड मोबाइल में किया है। जिसमें फाइनेंसरों के नाम लेकर उसे प्रताड़ित करने बात कह रहा है। घटना की सूचना पाकर सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। मृतक द्वारा छोड़े गए सुसाइड नोट में फाइनेंसर गांव सिवाहा निवासी मनजीत, अर्बन एस्टेट निवासी अशोक नैन, सब्जी मंडी निवासी सचिन, रानी तालाब के निकट रहने वाला गांव मेहरड़ा निवासी सचिन, इंडस बैंक कर्मी शुभम मोर को मौत के लिए जिमेवार ठहराया गया है। जिसमें बताया गया है कि उसने बैंक कर्मी शुभम मोर को बैंक से तीन लाख रुपये का लोन लेने के लिए 56770 रुपये एडवांस में दिए थे। बावजूद इसके उसका बैंक से लोन नही हुआ। मृतक की पत्नी सोनिया ने पुलिस को बताया कि उसके पति पवन ने लगभग अढ़ाई साल पहले फाइनेंस पर रुपये लिए थे। मूल राशि का भुगतान कर दिया गया था लेकिन ब्याज नही दे पाया था। लोन के लिए रुपये भी दिए लेकिन लोन नही हुआ। आरोपित उसके पति को परेशान करते थे। उन्हीं से परेशान होकर उसके पति ने आत्महत्या की है। सिविल थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि पुलिस ने सुसाइड नोट को आधार मान मृतक की पत्नी की शिकायत के पांचों आरोपियों के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सोनीपत में पत्नी ने शराब पीने से रोका तो बाप ने 6 साल के इकलौते बेटे की हत्या कर शव झाड़ियों में फैंका

सोनीपत, अक्टूबर : जिले के सेक्टर-15 में शराब पीने से रोकने पर एक युवक ने अपने इकलौते के बेटे की गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद शव को पास में ही झाड़ियों में फेंक आया। काफी देर तक जब बच्चा घर नहीं लौटा तो उसकी मां को चिंता हुई। बच्चे की तलाश की गई तो उसका शव मिला। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी पिता को हिरासत में लिया है। आरोपित उस समय भी शराब के नशे में धुत था। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल में रखवा दिया है। वहीं, आरोपित के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है।

## सेक्टर-15 के धर्मस्थल में चौकीदारी करता है आरोपी बाप

बच्चे के मामा सुजीत और प्रिंस ने बताया कि उनकी बहन संगीता की शादी करीब आठ साल पहले रूपेश से हुई थी। संगीता अपने पति रूपेश, बेटे हर्षित (6) और दो बेटियों के साथ के साथ सेक्टर-15 के गुरुद्वारे में रह रही थी। रूपेश यहां चौकीदारी का काम करता है। वह शराब पीने का आदी है रविवार को वह शराब के नशे में था। दोपहर बाद उनका बेटा आठ साल का बेटा हर्षित अचानक लापता हो गया। किसी अनहोनी की आशंका पर बच्चे की तलाश की गई तो उसका शव पास में ही झाड़ियों में पड़ा मिला।सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंची। इसी दौरान रूपेश भी घर आ गया। वह शराब के नशे में धुत था। परिजन ने उस पर शक जाहिर किया तो वह संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। सीसीटीवी की जांच की गई तो वह बच्चों को कंधे पर ले जाता दिखाई दिया। फिलहाल पुलिस कार्रवाई में जुटी है।

# बिहार बाढ़ से त्रस्त और तेजश्वी यादव दुबई में मस्त : वसीम राजा

नई दिल्ली, अक्तूबर : बिहार भाजपा के प्रवक्ता एवं मुस्लिम कल्याण बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष वसीम राजा बिहार मे विपक्ष के नेता तेजश्वी यादव को घेरते हुए कहा है की बिहार बाढ़ की भयंकर तबाही से त्रस्त है इस समय बिहार के सभी राजनैतिक दल सरकार एवम बिहार की सारी सामाजिक संस्थाए इस आपदा से लड़ रही है और बाढ़ पीड़ित लोगो की सहायता करने मे लगी है परंतु बिहार के विपक्ष के नेता दुबई में मस्ती कर रहे। वसीम राजा ने कहा की इस संकट की घड़ी मे तेजश्वी जी को बिहार के लोगो के बीच रहना चाहिए परंतु तेजश्वी जी को बिहार के



लोगो की कोई चिंता नही है वो अपनी मस्ती मे मस्त है बिहार मे तेजश्वी यादव के लापता होने के पोस्टर तक लग गए है परंतु उन्हें कोई फर्क नहीं है। राजा ने कहा है कि तेजश्वी सिर्फ भाषण दे सकते है बिहार की समस्यावों एवम बिहार के लोगो से उन्हे कोई लेना देना नही है भाजपा संगठन के माध्यम से पांच लाख बाढ़ पीड़ितों को अपने सतर से सहायता पहुँचा रही है।

# 4 साल की सफलता का मनाया जश्न

नई दिल्ली, अक्तूबर : शुगर के ब्यूटी ब्रांड्स का हिस्सा और हाई क्वालिटी वाले किफायती मेकअप उत्पादों के लिए लोकप्रिय शुगर पॉप ने बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सेनन को ब्रांड आइकॉन बनाया है। कलर सही, ट्रांसफर नहीं कैंपेन शुगर पॉप का फेमस टेलीविजन एड है। इसकी अल्ट्रास्टे ट्रांसफरप्रूफ लिपस्टिक को फेस्टिव सीजन के लिए लॉन्च किया जा रहा है। शुगर पॉप का टीवीसी देशभर में 7 भाषाओं में प्रसारित किया जाएगा। कृति सेनन ने शुगर पॉप से जुड़ने पर कहा मैं शुगर पॉप परिवार का हिस्सा बनकर उत्साहित हूं क्योंकि हम ह्लकलर सही, ट्रांसफर नहींह्व कैंपेन लॉन्च कर रहे हैं, जो कि मुझसे गहराई से मेल खाता है। शुगर कॉस्मेटिक्स की सह-संस्थापक और सीईओ वीनीता सिंह ने शुगर पॉप के साल के सबसे बड़े लॉन्च की घोषणा करते हुए कहा, हम कृति सेनन के साथ जुड़कर रोमांचित हैं।

# पैसों के लेन-देन में धक्का-मुक्की, महिला की मौत

यमुनानगर, अक्तूबर : दिल का दौरा पड़ने से एम महिला की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची व शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजन को सौंप दिया। परिजनों ने दो व्यक्तियों पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस के अनुसार बीएनएसएस 194 के तहत कार्रवाई की गई। मृतक महिला की पहचान रूपकला (50) निवासी इस्माइलपुर थाना छछरौली के रूप में हुई। छछरौली पुलिस थाना के जांच अधिकारी रोहतास सिंह ने बताया कि परिजन द्वारा पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार पांच अक्टूबर को रूपकला के घर पर पैसे के लेनदेन को लेकर देवीलाल व मांगेराम आए थे और उसके लडके प्रवीण से पैसे को लेकर बहस हो गई। जिसमें रूप कला और उसकी लडकी नेहा से धक्का मुक्की हो गई। जिसके कुछ देर बाद रूपकला की तबीयत खराब होने पर उसे नथनपुर के स्थानीय डॉक्टर को दिखाया गया। जहां पर डॉक्टर ने उसे दवाई देकर घर भेज दिया। तबीयत ठीक ना होने से इसके बाद रूपकला का झाडफूंक द्वारा भी इलाज कराया गया है, लेकिन उसे आराम नहीं आया, जिसके चलते कल उसे फिर से स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर उसकी तबीयत बिगड़ गई और उसे यमुनानगर के निजी अस्पताल में लाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन के द्वारा देवी लाल व मांगेराम पर मारने का आरोप लगाया है। पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजन को सौंप दिया।

# विधानसभा चुनाव से पहले क्षतिग्रस्त सड़कों और गड्ढों की मरम्मत की जाएगी: आतिशी

**दिल्ली।** की मुख्यमंत्री आतिशी ने सोमवार को कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) सरकार सड़क मरम्मत समेत विभिन्न कार्यों को फिर से शुरू करेगी, जिन्हें आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल के जेल में रहने के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कथित तौर पर बाधित किया था। आतिशी ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उनकी सरकार अगले साल की शुरूआत में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत करवाएगी। उन्होंने कहा कि पार्टी ने 89 क्षतिग्रस्त पीडब्ल्यूडी (लोक निर्माण विभाग) सड़कों की पहचान की है, जिनकी मरम्मत की जाएगी। उन्होंने कहा कि इसके लिए 74 टेंडर जारी किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप



नेताओं ने कई निरीक्षणों के दौरान कुल 6,671 गड्ढों की पहचान की है और इनमें से 3,454 को पहले ही भरा जा चुका है। संवाददाता सम्मेलन को केजरीवाल ने भी संबोधित किया। केजरीवाल ने कहा, जब मैं जेल में था, तो इन लोगों (भाजपा) ने दिल्ली सरकार के कई काम रोक दिए थे। मेरे लौटने के बाद, मैंने और आतिशी ने सड़कों का निरीक्षण किया और पाया कि वे अच्छी स्थिति में नहीं थीं। मैंने उन्हें पत्र लिखा और अनुरोध किया कि आतिशी जी तुरंत प्रभाव से इन सड़कों की मरम्मत करवाएं।

# मैं अरविंद केजरीवाल को चुनौती देता हूं यदि उनके पास कुछ छुपाने को नहीं है तो बंगले की कस्टडी लोक निर्माण सचिव को सौंपे : वीरेन्द्र सचदेवा

नई दिल्ली, अक्तूबर : दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने दिल्ली सरकार के लोक निर्माण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री कार्यालय के विशेष सचिव प्रशांत रंजन झा को लिखा एक पत्र जारी करके कहा कि यह आश्चर्यजनक है कि अरविंद केजरीवाल ने अपने भ्रष्टाचार के प्रतीक 6 फ्लैग स्टाफ रोड़ स्थित शीश महल बंगले को कभी खाली ही नहीं किया है। चार दिन पूर्व जो नौटंकी अरविंद केजरीवाल ने अपने माता-पिता का हाथ पकड़ कर बाहर निकलने की कि वह हम सब ने देखी लेकिन सरकारी नियमों के तहत उस शीश महल को आज तक अरविंद केजरीवाल का कब्जा है। वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने जिस प्रकार से पूरे नौटंकी को एक सहानुभूति लेने की कोशिश की और जैसे दिखाया गया है कि सुनीता केजरीवाल एक पदाधिकारी को चाभी दे रही हैं। सचदेवा ने कहा कि 6 फ्लैग स्टाफ रोड़ स्थित बंगला कोई मुख्य मंत्री आवास के रूप में आरक्षित बंगला नही है, वह एक कामन पूल बंगला है जिसका स्वामित्व लोक निर्माण विभाग के पास है और उसके पुनर्निर्माण एवं विस्तार को लेकर एक सतर्कता विभाग जांच चल रही है। सचदेवा ने कहा कि नियमानुसार बंगला खाली करके उसके मुख्य द्वार की चाबी लोकनिर्माण के सैक्शन आफिसर विजय कुमार को सौंपी जानी थी पर उनको चाबी केवल कैमरे पर दिखावे के लिए सौंपी गई और कुछ ही मिनट बाद चाबी मुख्य मंत्री कार्यालय के विशेष सचिव प्रशांत रंजन झा ने वापस ले ली। नियमानुसार जब भी कोई सरकारी बंगला खाली होता तो उसकी इन्वेंट्री बनती है, सही हालात मे बंगला मिला इसकी विडियोग्राफी होती है पर यहाँ ऐसा कुछ नहीं हुआ।

# सीबीआई ने कोर्ट में दाखिल की सील कवर रिपोर्ट, 18 नवंबर को सुनवाई

**दिल्ली** सीबीआई ने राजेंद्र नगर कोचिंग मामले के संबंध में दिल्ली हाई कोर्ट में एक सीलबंद कवर रिपोर्ट पेश की, जहां बाढ़ के कारण तीन छात्रों की मौत हो गई थी। दिल्ली हाई कोर्ट ने मामले में अब तक हुई जांच की स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने के लिए सीबीआई और एमसीडी को तीन हफ्ते का वक्त दिया है। कोर्ट ने मुख्य सचिव को मामले पर रिपोर्ट दाखिल करने का समय भी दिया है और कहा है कि यह बेहद गंभीर मामला है, इसलिए सीबीआई को जांच पूरी करने के लिए समय दिया गया है, सीवीसी को जांच की निगरानी करने के लिए कहा गया है। कोर्ट ने कहा कि यह बेहद दुर्लभ मामला है, इसलिए हमने जांच सीबीआई को सौंप दी है। दिल्ली हाई कोर्ट में मामले की अगली सुनवाई 18 नवंबर को होगी। पिछले महीने, सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश की सरकारों से पुराने राजेंद्र नगर जैसी घटनाओं को रोकने के लिए गठित समिति की सहायता करने और ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए किए गए उपायों पर रिपोर्ट देने को कहा था। मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस सूर्यकांत और उज्जल भुइयां की पीठ ने तीनों राज्यों को समिति की मदद करने का निर्देश दिया ताकि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में इसी तरह की घटनाओं को रोकने के लिए समान पहल लागू की जा सके। शीर्ष अदालत का यह निर्देश तब आया जब अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया कि दिल्ली के पुराने राजिंदर नगर में एक कोचिंग संस्थान में लोगों की मौत जैसी दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं को रोकने के लिए एक समिति का गठन किया गया है। अदालत ने यह भी देखा कि ऐसी समस्याएं देश के अन्य हिस्सों में भी उत्पन्न हो सकती हैं और उल्लेख किया कि वह अखिल भारतीय स्तर पर अपना ध्यान केंद्रित करने पर विचार कर सकती है। ओल्ड राजेंद्र नगर में हाल की त्रासदी के आलोक में, सुप्रीम कोर्ट ने पहले कोचिंग सेंटरों में सुरक्षा मानदंडों से संबंधित मुद्दों पर स्वतः संज्ञान लिया था।

# एसिड अटैक से झुलसी छात्रा की उपचार के दौरान मौत, आरोपी गिरफ्तार

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर/रहरा।** रविवार रात को एसिड अटैक में घायल हुई युवती की उपचार के दौरान मौत हो गई, आरोपी बाप बेटे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया, बता ते चले कि रहरा थाना क्षेत्र के गांव पथरा मुस्तकम के रहने वाले प्रकाश की 14 साल की बेटी यशोदा गांव के स्कूल में आठवीं की छात्रा थी तथा जिसे आरोपी बाप बेटे रात्रि में धोखे से दरवाजा खुलवाकर अपहरण कर ले गए और जंगल में ले जाकर तेजाब डाल दिया, तथा उपचार के दौरान मेरठ में 60 घंटे बाद युवती की मौत हो गई, युवती 14 वर्ष की थी, इस संबंध में छात्र के भाई यशवीर ने बताया कि रविवार की रात को लगभग 2 बजे पड़ोसी प्रेमपाल व उसका बेटा योगेंद्र घर पहुंचे और धोखे से दरवाजा खुलवा लिया दरवाजा खोलते ही दोनों बाप बेटों ने बहन को मोटरसाइकिल पर बैठ कर उसका अपहरण करके ले गए, सुबह को बहन किसी तरह से घर पहुंची तो उसने रोते हुए पूरी घटना के बारे में बताया उसने बताया कि हैदलपुर के कीकर के जंगल में ले गए तथा उसे मारा पीटा वह उसके ऊपर तेजाब डाल दिया, यशवीर ने बताया कि घायल बहन को लेकर सीएचसी ले गए वहां से मेरठ के लिए रेफर कर दिया गया तथा इलाज के दौरान मंगलवार को बहन यशोदा की मौत हो गई, यशवीर ने बताया कि 2020 में उसके ताऊ की हत्या कर दी गई थी, ताऊ साहूकार थे इन उपरोक्त आरोपियों ने उनसे पैसे लिए थे, पैसों के लेनदेन के विवाद के चलते प्रेमपाल से रंजीस चल रही थी, जिसके चलते आज उन्होंने इस घटना को अंजाम दे दिया, नाबालिक छात्रा पर एसिड अटैक से मौत के बाद छात्रा का शब गांव पथरा मुस्तकाम में पहुंचा तो परिजनों ने अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया परिवार वालों का कहना है कि जब तक हमारी बेटी को न्याय नहीं मिल जाता तब तक हम अंतिम संस्कार नहीं करेंगे वहीं भारी संख्या में ग्रामीण भी पीड़ित परिवार के साथ दिखे, उधर पुलिस प्रशासन परिवार वालों को मनाने में जुटा रहा, इस संबंध में अपर पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि गांव के ही आरोपी बाप बेटे को अरेस्ट किया गया है दोनों से पूछताछ की जा रही है आरोपियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# कश्मीर से लेकर पंजाब तक लोगों का रास आ रही कुशीनगर के केले की मिठास

## कुशीनगर में करीब 16 हजार हेक्टयर रकबे पर हो रही केले की खेती



**लखनऊ।** योगी सरकार द्वारा एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) घोषित बुद्ध महापरिनिर्वाण की धरती कुशीनगर के केले की मिठास पंजाब से लेकर कश्मीर तक के लोग ले रहे हैं। दिल्ली, मेरठ, गाजियाबाद, चंडीगढ़, लुधियाना और भटिंडा तक जाता है कुशीनगर का केला। यही नहीं गोरखपुर मंडल से संबद्ध सभी जिलों और कानपुर में भी कुशीनगर के केले की धूम है। नेपाल और बिहार के भी लोग कुशीनगर के केले के मुरीद हैं। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद से संबद्ध कुशीनगर कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी अशोक राय के मुताबिक यहां के किसान फल और सब्जी दोनों के लिए केले की फसल लेते हैं। इनके रकबे का अनुपात 70 और 30 फीसद का है। खाने के लिए सबसे पसंदीदा प्रजाति जी-9 और सब्जी के लिए रोबेस्टा है। जिले में लगभग 16000 हेक्टेयर में केले की खेती हो रही है।

**›› ओडीओपी घोषित होने के बाद और बढ़ा केले की खेती का क्रेज**

योगी सरकार द्वारा केले को कुशीनगर का एक जिला एक उत्पाद घोषित करने के बाद केले की खेती और प्रसंस्करण के जरिये सह उत्पाद बनाने का क्रेज बढ़ा है। कुछ स्वयंसेवी संस्थाएं केले का जूस, चिप्स, आटा, अचार और इसके तने से रेशा निकालकर चटाई, डलिया एवम चप्पल आदि भी बना रहीं हैं। इनका खासा क्रेज और मांग भी है।

**17 साल में 32 गुना बढ़ा खेती का रकबा**

अशोक राय बताते हैं कि 2007 में कुशीनगर में मात्र 500 हेक्टेयर रकबे में केले की खेती होती होती थी। अब यह 32 गुना बढ़कर करीब 16000 हेक्टेयर तक हो गया है। जिले का ओडीओपी घोषित होने के बाद इसके प्रति रुझान और बढ़ा है। सरकार प्रति हेक्टेयर केले की खेती पर करीब 31 हजार रुपये का अनुदान भी किसान को देती है।

**›› कुशीनगर के केले को लोकप्रिय बनाने में गोरखपुर की अहम भूमिका**

कुशीनगर, गोरखपुर मंडल में आता है। यहां फलों और सब्जियों की बड़ी मंडी है। शुरू में कुशीनगर के कुछ किसान केला बेचने यहां की मंडी में आते थे। फल की गुणवत्ता अच्छी थी। लिहाजा गोरखपुर के कुछ व्यापारी कुशीनगर के उत्पादक क्षेत्रों से जाकर सीधे किसानों के खेत से केला खरीदने लगे। चूंकि सेब, किन्नू और पलटी के माल के कारोबार के लिए गोरखपुर के व्यापारियों का कश्मीर, पंजाब और दिल्ली के व्यापारियों से संबंध था, लिहाजा यहां के कारोबारियों के जरिये कुशीनगर के केले की लोकप्रियता अन्य जगहों तक पहुंच गई। मौजूदा समय में कुशीनगर का केला कश्मीर, पंजाब के भटिंडा, लुधियाना, चंडीगढ़, भटिंडा, लुधियाना, कानपुर, दिल्ली, गाजियाबाद और मेरठ समेत कई बड़े शहरों तक जाता है।

# भारत को विश्व गुरु बनाना है तो जागरूक होना पड़ेगा= कृष्ण कुमार शर्मा

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**




**हसनपुर।** मंगल वार को तहसील क्षेत्र के ग्राम भदौरा में राष्ट्र सेवी संगठन के संयोजक एवं पूर्व जिलाध्यक्ष भा कि संघ कृष्ण कुमार शर्मा के आवास पर गायत्री यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमे विश्व मंगल कामना एवं गजरौला ब्लाक क्षेत्र के ग्राम सुलतान ठेर के विद्यालय के अध्यापक की आत्मा की शान्ति और दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही को लेकर यज्ञ में आहुतियां डाली गई। इस अवसर पर उपस्थित शान्ति कुंज हरिद्वार से संबंधित कार्यकर्ता ओमपाल सिंह ने गायत्री एवं महामृत्युंजय मंत्रों के साथ यज्ञ में आहुतियां डलवाई गई, और कहा कि बिना साधना एवं यज्ञ के जीवन में खुशहाली संभव नहीं। इस मौके पर कृष्ण कुमार शर्मा ने कहा कि राष्ट्र सेवी संगठन का उद्देश्य देश एवं समाज की मजबूती के लिए कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करना है। ज्ञान के अभाव में समाज में बाल हत्या, महिला हत्या एवं आत्म हत्या की घटनाएं घटित हो रही हैं। देश को विश्व गुरु बनाना है तो प्रत्येक भारत वासी को इसके लिए कार्य करना होगा। इस अवसर पर खिलेन्द्र सिंह, सतवीर सिंह,परवीन सिंह, रामचंद्र शर्मा, ऋषि पाल सिंह, शिवा शर्मा,चंद्रशेखर शर्मा आदि मौजूद रहे।

# श्री राम सेवा समिति द्वारा मां भगवती की भव्य आरती का किया गया आयोजन

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**




**हसनपुर।** मंगलवार को नगर के मुख्य बाजार स्थित मंदिर में मां दुर्गा की भव्य आरती का आयोजन किया गया जिसमें विधायक तथा पालिका अध्यक्ष वह गणमान्य लोग मौजूद रहे, बताते चलें कि श्री राम सेवा समिति द्वारा नगर के मेन बाजार बजाजा स्थित शिव मंदिर में नवरात्रि के उपलक्ष में मां दुर्गा भवानी की भव्य आरती का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक महेंद्र सिंह खड़कवंशी एवं पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी आदि ने माता की आरती उतार कर आशीर्वाद प्राप्त किया, वही आरती के उपरांत श्री राम सेवा समिति द्वारा प्रसाद का वितरण किया गया, इस मौके पर मुख्य रूप से श्री राम सेवा समिति के जिला अध्यक्ष पंकज भटनागर, वरिष्ठ व्यापारी नेता मुकेश गुप्ता, राजीव अग्रवाल एच एस एस वाले, डॉ अनुज अग्रवाल, सचिन गुप्ता, मुकुल अग्रवाल, रानू रस्तोगी, विजय पारछा, कुलदीप अग्रवाल आदि सहित भारी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय गौरक्षा वाहिनी गौसेवा संघ के अमरोहा जिले के जिला अध्यक्ष मनोनीत हुए अंकुर अग्रवाल

**लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**




**हसनपुर।** मंगलवार को नगर में उसे समय खुशी की लहर दोड़ गई जब लोगों को पता लगा कि राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ के जिला अध्यक्ष के पद पर अंकुर अग्रवाल को मनोनीत किया गया है, खबर लगते ही अंकुर अग्रवाल के परिचितों ने उनके आवास पर पहुंचकर उन्हें बधाई दी तथा फूल माला पहनकर उनका स्वागत किया, बताते चले की राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ के विस्तार कार्यक्रम के तहत सोमवार को संघ के राष्ट्रीय संरक्षक डॉ इंद्रेश कुमार एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव सिंह सेंगर व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रिंस जैन तथा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष इकबाल त्यागी वह प्रदेश अध्यक्ष सीतेश सिंह एवं प्रवीण मिश्रा की संस्तुति पर अमरोहा जिले के हसनपुर नगर निवासी युवा व्यापारी व समाजसेवी अंकुर अग्रवाल को अमरोहा जिले का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया है, संगठन के वरिष्ठ अधिकारियों ने अंकुर अग्रवाल से संगठन के हित में कार्य करते हुए अपनी जिले कार्यकारिणी का विस्तार करने का आवाहन किया है, वही इस संबंध में नव मनोनीत जिला अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल ने बताया कि वह गौ रक्षा के उत्कृष्ट कार्य को गतिशील बनाने में अपना पूरा सहयोग करेंगे तथा क्षेत्र में गोकशी तथा गोवंश की हत्या किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी, उधर मंगलवार को भी अंकुर अग्रवाल के आवास पर बधाई देने वालों का ताता लगा रहा।

# औद्योगिक वादों के निस्तारण के लिए ई-कोर्ट प्रणाली को सुदृढ़ करेगी योगी सरकार

**लखनऊ, 8 अक्टूबर।** उत्तर प्रदेश में औद्योगिक परिवेश को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न मोर्चों पर कार्य कर रही योगी सरकार ने औद्योगिक वादों के निस्तारण के लिए ई-कोर्ट प्रक्रिया के सुदृढ़ीकरण के दिशा में भी सार्थक प्रयास करने जा रही है। सीएम योगी के विजन अनुसार, औद्योगिक न्यायाधिकरण में ई-कोर्ट प्लेटफॉर्म से औद्योगिक विवादों के प्रबंधन के लिए एक व्यापक डिजिटल समाधान का विकास किया जाएगा। इस प्रणाली के निर्माण व विकास का जिम्मा श्रीट्रॉन इंडिया लिमिटेड को सौंपा गया है। उल्लेखनीय है कि इस प्रणाली के जरिए औद्योगिक विवाद से संबंधित मामले दर्ज करने तथा सभी पक्षों के लिए एक सहज इंटरफेस विकसित करने पर फोकस किया जाएगा। खास बात यह है कि इस प्लेटफॉर्म पर पक्ष अपना इनपुट व दस्तावेज अपलोड कर यह सुनिश्चित कर सकेंगे कि उनकी प्रस्तुतियां कानूनी आवश्यकताओं को पूरा करती हैं या नहीं। इसके अतिरिक्त, सिस्टम स्वचालित रूप से प्रस्तुतियों को मान्य कर एक यूनीक केस नंबर उत्पन्न करेगा जो आवेदकों को यह पुष्टि प्रदान करेगा कि संबंधित मामले समीक्षाधीन हैं।

**प्राप्त वादों के प्रभावी प्रबंधन का माध्यम बनेगा ई-कोर्ट प्लेटफॉर्म**

सीएम योगी की मंशा अनुसार, ई-कोर्ट प्लैटफॉर्म सभी प्राप्त वादों के प्रभावी प्रबंधन की सुविधा प्रदान करेगा, जिसमें स्वीकृति से लेकर समाधान तक ट्रैकिंग सक्षम होगी। साथ ही न्यायालय के कर्मचारियों के लिए मामलों की समीक्षा और सत्यापन के लिए उपकरण होंगे। इससे उचित वर्गीकरण और प्रक्रियाओं का पालन किया जा सकेगा। साथ ही वादों को प्रकार के अनुसार वर्गीकृत किया जाएगा, जैसे कि वेतन विवाद, गलत तरीके से बर्खास्तगी, आदि, ताकि प्रसंस्करण और असाइनमेंट को सुव्यवस्थित हो सकेगी। इस प्लेटफॉर्म में सुनवाई के लिए तारीख और समय निर्धारित करने के लिए एक शेड्यूलिंग सिस्टम होगा, जो न्यायालय के संसाधनों और पक्षकारों के शेड्यूल की उपलब्धता को समायोजित करेगा। यह अधिकारियों या न्यायालयों के बीच केस के हस्तांतरण का भी समर्थन करेगा। इसके साथ ही, सभी पक्षों को स्वचालित सूचनाएं और केस रिकॉर्ड को अपडेट करने व निर्धारित तिथियों और समय को प्रबंधित करने के लिए एक कैलेंडर सिस्टम को एकीकृत करने में मदद करेगा। अदालती आदेश और नोटिस जारी करने तथा अनुकूलन योग्य टेम्पलेट्स के माध्यम से इसे सुव्यवस्थित किया जाएगा जिसमें केस विकास के आधार पर स्वचालन क्षमताएं होंगी।

**केवल सूचनाओं की डिलीवरी ही नहीं, ट्रैकिंग सिस्टम से भी होगा लैस**

यह प्लेटफॉर्म इलेक्ट्रॉनिक सूचनाओं और भौतिक मेल सहित विभिन्न डिलीवरी विधियों का समर्थन करेगा, और जारी किए गए दस्तावेजों की स्थिति को ट्रैक करेगा ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे प्राप्त हुए हैं और स्वीकार किए गए हैं। उपयोगकर्ता प्रबंधन अंतर्गत यह न्यायालय के कर्मचारियों, अधिकारियों और वकीलों के लिए अनुमतियों का प्रबंधन करने के लिए रोल बेस्ड एक्सेसिबिलिटी से लैस होगा, जिसमें प्रोफाइल बनाई जाएगी और अपडेट की जाएगी। प्लेटफॉर्म केस के आंकड़ों, प्रोसेसिंग टाइम व बैकलॉग सहित विभिन्न तथ्यों से संबंधित इनसाइट भी उपलब्ध करवा सकेगा और इसके लिए रिपोर्टिंग और एनालिटिक्स टूल का इस्तेमाल करेगा। यह मौजूदा प्रणालियों के साथ एकीकृत होगा और कानूनी फर्मों और सरकारी एजेंसियों के साथ डाटा एक्सचेंज को सक्षम करेगा।

**संवेदनशील जानकारियों को सुरक्षित रखने के लिहाज से विकसित होगा इंटरफेस**

-मजबूत सुरक्षा उपायों के माध्यम से विकसित किए जा रहे ई-कोर्ट प्लैटफॉर्म व इंटरफेस को संवेदनशील जानकारी की रक्षा करने में सक्षम बनाया जाएगा और वह सभी कानूनी मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करेगा।

-सिस्टम हेल्प डेस्क के माध्यम से उपयोगकर्ता सहायता भी प्रदान करेगा और प्लेटफॉर्म पर नेविगेट करने में उपयोगकताओं की सहायता के लिए ट्यूटोरियल और गाइड सहित प्रशिक्षण सामग्री प्रदान करेगा।

-प्लेटफॉर्म को कार्यात्मक और उभरती जरूरतों के प्रति उत्तरदायी बनाए रखने के लिए नियमित रखरखाव और अपडेट किए जाएंगे, जिससे औद्योगिक विवादों का प्रभावी और कुशल प्रबंधन सुनिश्चित होगा।

-यह चार फेज में वाद निस्तारण संबंधी सुविधाएं उपलब्ध करवाने में सक्षम होगा तथा कोर्ट ऑर्डर व नोटिस को इशू करने के साथ ही विभिन्न क्षेत्रों पर प्राथमिकता से कार्य करेगा।

# हरियाणा में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनने पर पालिका अध्यक्ष के आवास पर मनाया गया जश्न

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर।** मंगलवार को नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष राजपाल सैनी के कैंप कार्यालय पर हरियाणा में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार बनने पर मिठाई का वितरण किया गया, इस संबंध में पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने कहा कि हरियाणा में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनने से विरोधी सदमे में आ गए हैं उन्होंने कहा कि भाजपा की इस जीत से आने वाले अगले चुनाव में भी भाजपा को फायदा पहुंचेगा, इस मौके पर मुख्य रूप से पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी, नगर स्वच्छता प्रेरक प्रशांत सैनी, इशांत सैनी, कविता सैनी, रमा यादव, बबीता सैनी, ज्योति गर्ग, राहुल सैनी, नितिन सैनी, संजय सहदेव, अर्पण गुप्ता, अजय पाल, देव महंत, विनय शर्मा, राहुल शर्मा, आदि सहित भारी संख्या में भाजपा समर्थक मौजूद रहे।

# योगी सरकार की अनूठी पहल, प्रदेश की 7500 छात्राएं बनेंगी एक दिन की अधिकारी

**लखनऊ, 08 अक्टूबर।** योगी सरकार के मिशन शक्ति 5.0 अभियान को बल देने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। प्रदेश की परिषदीय और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों (केजीबीवी) की छात्राओं को प्रशासनिक कार्यों और जिम्मेदारियों से अवगत कराने के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास करने के लिए उन्हें एक दिन का अधिकारी नियुक्त किया जाएगा। प्रदेश की बेटियों के सशक्तिकरण के लिए योगी सरकार की ओर से की गई इस महत्वपूर्ण पहल के तहत प्रत्येक जिले से 100 और कुल 7500 बेटियों को एक दिन का अधिकारी बनने का अवसर मिलेगा। इससे इनमें निपुणता और नेतृत्व क्षमता का विकास होगा। इसकी योजना तैयार कर ली गई है।

**बनेंगी डीएम, सीडीओ, बीएसए**

प्रदेश सरकार के बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य बालिकाओं को प्रशासनिक जिम्मेदारियों का अनुभव देना और उनके आत्मविश्वास व नेतृत्व गुणों का विकास करना है। चयनित बालिकाएं डीएम, सीडीओ, बीएसए, खंड विकास अधिकारी, तहसीलदार, डीआईओएस जैसे पदों पर एक दिन के लिए कार्य करेंगी। कासगंज की टॉपर भूमिका और संभल की शालू पहले ही इस योजना के तहत एक दिन की जिलाधिकारी बन चुकी हैं, जिन्होंने सफलतापूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। सरकार का यह प्रयास बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ समाज में उनके योगदान को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**लीडरशिप का भाव होगा जाग्रत**

उन्होंने बताया कि चयन प्रक्रिया में उन बालिकाओं को प्राथमिकता दी जाएगी, जो अपनी निपुणता के लिए जानी जाती हैं और जिनमें लीडरशिप के गुण निखर कर सामने आ रहे हैं। इस कार्यक्रम में सभी जाति, वर्ग और श्रेणियों की बालिकाओं को समान अवसर प्रदान किया जाएगा। सरकार का यह प्रयास बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें प्रशासनिक कार्यों की जमीनी समझ देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। मिशन शक्ति के माध्यम से सरकार की यह पहल उन बालिकाओं के लिए एक सुनहरा अवसर है, जो अपनी नेतृत्व क्षमताओं को पहचानना चाहती हैं और समाज में बदलाव लाने की आकांक्षा रखती हैं।

**लोगों की समस्याओं का करेंगी निस्तारण**

इस योजना के तहत चुनी गई बालिकाएं एक दिन के लिए सरकारी अधिकारियों की भूमिका निभाएंगी। वे न सिर्फ लोगों की समस्याओं की सुनवाई करेंगी, बल्कि उनके निस्तारण में भी सक्रिय भागीदारी निभाएंगी। यह अनुभव उन्हें निर्णय लेने की क्षमता और सामर्थ्य को निखारने में मदद करेगा, जो उनके भविष्य के लिए बेहद महत्वपूर्ण होगा।

**शालू और भूमिका बन चुकी हैं एक दिन की डीएम**



मुख्यमंत्री के आदेश के बाद संभल जिले के बहजोई स्थित कस्तूरबा गांधी विद्यालय की छात्रा शालू और कासगंज जिले की टॉपर छात्रा कुमारी भूमिका को एक दिन के लिए सांकेतिक रूप से जिलाधिकारी बनाया जा चुका है। इस दौरान शालू ने मिशन शक्ति की बैठक का सफलतापूर्वक संचालन किया, अधिकारियों का परिचय लिया और मिशन शक्ति के कार्यों की रूपरेखा पर निर्देश दिए थे तो कासगंज की टॉपर भूमिका ने महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान, और स्वावलंबन के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज-5 के तहत कासगंज तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में एक दिन का जिलाधिकारी बन जनसमस्याओं की सुनवाई की और उनके समाधान के निर्देश दिए।

**इन छात्राओं को भी मिल चुका है अवसर**

इसी तरह से चित्रकूट स्थित कस्तूरबा गांधी विद्यालय की छात्रा मनोरमा पटेल को भी एक दिन के लिए सांकेतिक रूप से डीआईओएस (जिला विद्यालय निरीक्षक) बनाया गया था। मनोरमा ने इस दौरान अधिकारियों की जिम्मेदारियों को बखूबी निभाया और विभिन्न मामलों की समीक्षा की। इसके अलावा केजीबीवी की बालिकाओं को मुख्य विकास अधिकारी, जिला पिछड़ा एवं कल्याण अधिकारी और खंड विकास अधिकारी के रूप में भी एक दिन का अधिकारी बनने का अवसर मिल चुका है। बता दें कि चित्रकूट जनपद के पारो नाम की छात्रा को भी एक दिन का बीएसए (जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी) बनाया गया था, जिस दौरान पारो ने भी इन बालिकाओं की तरह विभागीय सुनवाई जैसे कार्यों का निर्वहन किया और उनके समाधान के निर्देश दिए।

# 14 जनवरी तक पेड़ बचाओ अभियान त्रैमास चलाएगी योगी सरकार

**लखनऊ, 8 अक्टूबर:** योगी सरकार 36.80 करोड़ पौधरोपण के बाद अब पेड़ बचाओ अभियान त्रैमास चलाएगी। यह अभियान 3 अक्टूबर से लेकर 14 जनवरी तक चलेगा। मंगलवार को वन, पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने कुकरैल नदी तट पर स्थित सौमित्र वन में पेड़ बचाओ अभियान त्रैमास का शुभारंभ किया। उन्होंने सौमित्र वन में रोपित वृक्षों का अवलोकन भी किया।

**जनपदों का निरीक्षण करेंगे वन मंत्री**

वन मंत्री ने कहा कि 3 अक्टूबर से 14 जनवरी तक पेड़ बचाओ अभियान त्रैमास का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत वृक्षारोण महाअभियान के अंतर्गत रोपित किये गये वृक्षों की देख-भाल एवं सुरक्षा का कार्य किया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूरे प्रदेश में जितने भी पेड़ लगाये गये हैं, उनका विशेष ध्यान रखा जाय, क्योंकि ये पेड़ माँ के नाम से लगाये गये हैं और माँ से बढ़कर दुनिया में कुछ भी नहीं है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर वह स्वयं जनपदों का भ्रमण कर रोपित पौधों की स्थिति को देखेंगे। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। इस दौरान प्रधान मुख्य वन संरक्षक व विभागाध्यक्ष सुधीर कुमार शर्मा, पीसीसीएफ वन्य जीव संजय श्रीवास्तव, एमडी वन निगम सुनील चौधरी, पीसीसीएफ कार्ययोजना अशोक कुमार, उप्र वन निगम के महाप्रबंधक संजय पाठक, सीसीएफ लखनऊ मंडल रेनू सिंह आदि की मौजूदगी रही।

# 'विकसित हरियाणा-विकसित भारत' की संकल्पना की सिद्धि को समर्पित है जीत: सीएम योगी

**लखनऊ, 8 अक्टूबर:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हरियाणा विधानसभा चुनाव-2024 में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी की जीत पर प्रसन्नता जाहिर की। सीएम योगी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर पोस्ट कर भाजपा कार्यकताओं, पदाधिकारियों व मतदाताओं को बधाई दी।

**यह जीत पीएम की लोककल्याणकारी नीतियों व सीएम के नेतृत्व पर विश्वास की मुहर**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लिखा कि 'विकसित हरियाणा-विकसित भारत' की संकल्पना की सिद्धि को समर्पित यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की लोक-कल्याणकारी नीतियों, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जी के कुशल नेतृत्व और डबल इंजन की भाजपा सरकार की शक्ति पर हरियाणा की जनता जनार्दन के विश्वास की मुहर है।

**सीएम योगी ने दी बधाई**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लिखा कि हरियाणा विधानसभा चुनाव-2024 में भारतीय जनता पार्टी को मिली ऐतिहासिक विजय की सभी समर्पित कार्यकताओं, पदाधिकारियों एवं सम्मानित मतदाताओं को हार्दिक बधाई!

राष्ट्र प्रथम भाव से ओतप्रोत भाजपा को सौभाग्य देने के लिए हरियाणावासियों का अभिनंदन सीएम योगी ने राष्ट्र प्रथम भाव से ओतप्रोत भाजपा को पुनः सेवा का सौभाग्य प्रदान करने के लिए सभी हरियाणा वासियों का हार्दिक अभिनन्दन किया।

CMYK

# कैथल

# मतगणना की सभी तैयारियां पूरी, सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद

▫ डीसी ने किया चारों विधानसभा क्षेत्रों के मतगणना केंद्रों का दौरा


मतगणना केन्द्र का दौरा करते हुए डीसी डा. विवेक भारती।

कैथल, अक्तूबर : जि--ला निर्वाचन अधिकारी डॉ. विवेक भारती ने 8 अक्तूबर को विधानसभा 2024 की मतगणना के दृष्टिगत जिला की चारों विधानसभाओं क्षेत्रों में बने मतगणना केंद्रों का दौरा किया और किए गए प्रबंधों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि मतगणना की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। चुनाव आयोग की हिदायतानुसार सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इसके साथ-साथ विभिन्न नाकों तथा मतगणना केंद्रों के बाहर डयूटी मैजिस्ट्रेट लगाए गए हैं। इन मतगणना केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे से नजर रखी जा रही है। मतगणना केंद्र में ड्यूटी पास के बिना प्रवेश नहीं दिया जाएगा। भारती ने बताया कि चारों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 807 बूथ बनाए गए थे जिनकी गणना के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 14-14 टेबल लगाई गई हैं। इनके अलावा एक टेबल आरओ की लगाई गई है। गुहला व कलायत विधानसभा के मतों की गणना 15-15 राऊंड में होगी। इसी प्रकार कैथल विधानसभा के मतों की गणना 16 तथा पूंडरी विधानसभा क्षेत्र के मतों की गणना 14 राऊंड में होगी। पहले राऊंड का परिणाम क्लीयर होने के बाद ही दूसरे राऊंड के लिए मशीन टेबल पर लाई जाएंगी। मतगणना के पूरे कार्य की वीडियोग्राफी की जाएगी। उन्होंने बताया कि कैथल विधानसभा क्षेत्र के मतों की गणना आरकेएसडी कॉलेज में, कलायत विधानसभा क्षेत्र की आरकेएसडी स्कूल में तथा पूंडरी व गुहला विधानसभा क्षेत्रों के मतों की गणना आईजी कालेज के अलग अलग हॉल में की जाएगी। उन्होंने कहा कि काऊंटिंग हॉल में केवल अधिकृत व्यक्ति को ही प्रवेश दिया जाएगा। अनाधिकृत व्यक्ति को किसी भी सूरत में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने मतगणना प्रक्रिया की निगरानी के लिए मतगणना केंद्रों पर काउंटिंग ऑब्जर्वर की नियुक्ति की गई है।

### सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम

डीसी डॉ. विवेक भारती ने कहा कि मतगणना को शांति पूर्ण ढंग से संपन्न करवाने एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस कर्मचारी लगाए गए हैं। मतगणना केंद्र में प्रवेश करने वाले प्रत्येक व्यक्ति की गहनता से तलाशी लेने के बाद ही केंद्र में प्रवेश करने दिया जाएगा। मतगणना केंद्र के बाहर या अंदर कोई भी व्यक्ति ब्लेड, बीड़ी, माचिस, मोबाईल फोन, खतरनाक रसायन, आग्नेय शस्त्र इत्यादि के साथ प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। इस दौरान पिहोवा चौक से लेकर आईजी कॉलेज करनाल रोड तक अंबाला रोड खुरानिया पैलेस से पीडब्ल्यूडी रैस्ट हाउस अंबाला रोड कैथल तक तथा ढांड रोड पर भगवती साड़ी शोरूम से लेकर आईजी स्कूल ढांड रोड तक वाहनों के लिए पूर्ण रूप से बंद रहेगा। इस मौके पर एसडीएम एवं कैथल आरओ अजय सिंह, एसडीएम एवं गुहला आरओ कृष्ण कुमार एवं एसडीएम एवं कलायत आरओ सत्यावान सिंह मान, पूंडरी आरओ गिरिश कुमार आदि मौजूद रहे।

### दुकानें, शिक्षण संस्थान आदि रहेंगे बंद

जिलाधीश डॉ. विवेक भारती ने बताया कि मतगणना के दृष्टिगत भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत अंबाला रोड स्थित विश्वकर्मा चौक से छोटू राम चौक, ढांड स्थित छोटू राम चौक से चरण दास शौरेवाला मार्ग तक सभी दुकानें, शिक्षण संस्थान आदि बंद रहेंगे। अस्पताल व मैडिकल स्टोर खोले जा सकते हैं। इसी प्रकार करनाल रोड स्थित पेहवा चौक से जाट कॉलेज तक वन-वे रास्ता रहेगा।

## मतगणना के दृष्टिगत आज अदालतों में रहेगा वर्क सस्पैंड


प्रधान बलजिंद्र सिंह मलिक।

**कैथल :** विधान सभा चुनावों की मतगणना के मध्यनजर 8 अक्तूबर को कैथल की अदालतों में वर्क सस्पेंड रहेगा। इस दिन अदालतों में कोई कामकाज नहीं होगा। यह जानकारी देते हुए जिला बार एसोसिएशन के प्रधान बलजिन्द्र सिंह मलिक ने बताया कि 8 अक्तूबर को हरियाणा विधानसभा के चुनावों की मतगणना होनी है जिस पर सभी की नजरें रहती हैं। मतगणना के दिन आम लोगों की रूचि चुनाव परिणाम देखने की रहती है। वकील और उसके मुवक्किल भी चुनाव परिणाम जानने के इच्छुक रहते हैं। इस बारे में एसोसिएशन के प्रधान ने अपनी कार्यकारिणी और सीनियर वकीलों से सलाह करके यह फैसला लिया कि 8 अक्तूबर को अदालतों का कामकाज बंद रखा जाए ताकि सभी मतगणना देख सकें। उन्होंने वकीलों से सहयोग की अपील की है।

## इनर व्हील क्लब क्वीन्स द्वारा नवरात्रों के उपलक्ष्य में डांडिया नाईट आयोजित


कार्यक्रम में उपस्थित क्लब की सदस्याएं।

**कैथल :** इनर व्हील क्लब कैथल क्वीन्स ने नवरात्रों के उपलक्ष्य में डांडिया नाईट का आयोजन किया। क्लब की प्रधान डिंपल जिन्दल ने बताया कि डांडिया इवेंट की चेयरमैन क्लब की मेंबर और नगर परिषद की चेयरपर्सन सुरभि गर्ग और मेंबर ऋचा गुप्ता रहीं। क्लब की सचिव रीना अग्रवाल ने बताया कि डांडिया नाईट में पूरे शहर से 80 महिलाओं ने भाग लिया जिसमें शहर की 12 डॉक्टर्स के साथ साथ सभी वर्ग की महिलाओं ने मिलकर कार्यक्रम को उत्साह से मनाया। चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने कहा कि गुजराति संस्कृति का प्रतीक गरबा के तर्ज पर महिलाओं ने डांडिया का खूब आनंद लिया। क्लब कि प्रधान ने बताया कि इस दौरान क्लब कि तरफ से एक ग्रुप डांस किया गया जिसमें अनु गोयल, रीना अग्रवाल, रिचा गुप्ता और खुद उन्होंने भाग लिया। इसमें लेडीज गेम्स और तम्बोला भी खेली गयी और सभी विजेताओं को पुरस्कार दिए गए। उप प्रधान रेनू बंसल और कैशियर निशी गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम में सभी महिलाएं गरबा के रंग में रंगी दिखी। रंग बिरंगे लेहंगे और साडि?ों के पहनावे के साथ डांडिया लेकर आयी महिलाओं ने खूब नृत्य भी किया। सबसे भाग्यशाली गरबा क्वीन का ईनाम भी दिया गया। इस मौके पर क्लब की सदस्य उर्वशी कंसल, नेहा सिंगला, नेहा सिंघल, साक्षी सिंगला, बबली मित्तल, सुरभि गोयल, सोनिया बंसल, सुमन मित्तल आदि मौजूद रहीं।

## रामलीला में किया कोप भवन व रामवनवास का मंचन


सीवन में चल रही रामलीला का दृश्य।

**सीवन :** बाबा नारायण दास रंगमंच क्लब सीवन की ओर से रामलीला मैदान में रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। रविवार रात्रि हुई रामलीला में कोप भवन के दृश्य का मंचन किया गया। रविवार की रामलीला का शुभारंभ विक्रम और प्रवीण मदान ने रिबन काटकर किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से आपसी भाईचारा बढ़ता है। यह बहुत पुराने समय से चली आ रही प्रथा जोकि आज के युवा चला रहे हैं बहुत ही सराहनीय है। यह युवा पुरानी संस्कृति को संजोये है। रामलीला में कैकई द्वारा राजा दशरथ से अपने दो वरदान मांग लिए जिसमें भरत के लिए राजतिलक और राम को 14 वर्षों का बनवास। श्री राम ने वनवास जाते हुए गाए गीतों के माध्यम से दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। रामलीला में श्री राम का किरदार जोगिन्द्र शर्मा निभा रहे हैं जोकि पिछले 30 वर्षों से इस भूमिका में हैं। इस अवसर पर रोहित गोल्डन, सोमनाथ शर्मा, दर्शन सैनी, अमित सैनी, सन्नी, चेतन शर्मा, दिनेश शर्मा, विनोद शर्मा व अन्य उपस्थित थे।

## पौधा रोपण सबकी नैतिक जिम्मेवारी : अभिषेक मेहता


सीवन में पौधा रोपण करते अभिषेक मेहता व अन्य।

**कोहली, सीवन :** समाजसेवी अभिषेक मेहता ने रणमोचन तीर्थ एवं मन्दिर में पौधा रोपण किया। इस अवसर पर मन्दिर के महंत सुभाष शर्मा ने कहा कि समय समय पर हमें इस प्रकार के समाज सेवा के कार्य करते रहना चाहिए। पर्यावरण की सुरक्षा समय की मांग है और हम सभी को इस पुनीत कार्य में सहयोग करना चाहिए। यह सभी की जिम्मेवारी है। उन्होंने इस पौधा रोपण के लिए अभिषेक मेहता का धन्यवाद किया। इस अवसर श्री किशन, रक्षित व अन्य उपस्थित रहे।

## पानी निकासी न होने से लोगों का जीना हुआ दुश्वार



**राजौंद, अक्तूबर :** गांव बीर बांगड़ा गली में पानी निकासी न होने कारण लोगों का जीना दुश्वार होकर रह गया है। लोगों ने कहा कि गली में भरे गंदे पानी पर हर समय जहरीले मच्छर में मंडराते रहते हैं जिससे घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। क्योंकि मौसम जनित बीमारियों के कारण मच्छर मडराने भय बना हुआ है की डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारी न फैल जाए। क्योंकि ऐसे में सफाई न होने के कारण गंदे पानी पर हर समय मच्छर मंडराते रहते हैं जिससे छोटे बच्चे, बड़े बुजुर्ग सभी परेशान हैं। उन्होंने कहा कि कई बार प्रशासन को पानी की निकासी के लिए कहा गया लेकिन पंचायत प्रशासन इस ओर कोई भी ध्यान नहीं दे रहा जिसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि पानी की निकासी तुरंत की जाए ताकि मच्छरों की मार से कोई बीमारी न फैल सके।

## महीपाल ढांडा को प्राप्त मत प्रतिशत सबसे ज्यादा

### प्रचंड जीत भाजपा के देव तुल्य कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत का परिणाम : महीपाल ढांडा

**करनाल राजेश जिंदल**



**करनाल।** भारतीय जनता पार्टी के पानीपत ग्रामीण से प्रत्याशी महीपाल ढांडा आज पार्टी में और मजबूत चेहरा बनकर उभरे। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी कांग्रेस के सचिन कुंडू को 50212 मतों के भारी अंतर से पराजित कर तीसरी बार ऐतिहासिक जीत दर्ज की। भारतीय जनता पार्टी में मत प्रतिशत में संभवतः यह सबसे बड़ी जीत है। भारतीय जनता पार्टी के बड़े बड़े नेता जहां 2019 और इस चुनाव में चुनाव हार गए, वहीं महीपाल ढांडा ही एकमात्र जाट नेता है जो लगातार तीसरी बार प्रचंड मतों से जीत दर्ज करवा रहे हैं। अनुमान लगाया जा रहा है कि इस बार महीपाल ढांडा को उपमुख्यमंत्री के पद पर नवाजा जाएगा। आज चुनाव नतीजे आने के बाद महीपाल ढांडा एक विशाल जुलूस के रूप में एल्डिको स्थित अपने निवास पर पहुंचे। रास्ते में जगह-जगह पर उनका पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। कार्यकर्ता ढोल धमाकों की आवाज पर नाच गा रहे थे। आतिशबाजी की जा रही थी। अपने निवास पर पहुंचने पर महिपाल ढांडा ने उपस्थित समर्थकों का संबोधित करते हुए कहा कि मेरी यह प्रचंड जीत कार्यकताओं की अथक मेहनत का परिणाम है। भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता कभी भी विश्राम नहीं करता, वह हिंदुस्तान को परम वैभव पर पहुंचाने के लिए हमेशा परिश्रम करता रहता है। आज मैं इन देव तुल्य कार्यकर्ताओं को नमन करता हूं और विश्वास दिलाता हूं की तीसरी बार चुने जाने पर हम सब मिलकर प्रदेश में विकास की एक नई गाथा लिखेंगे। उन्होंने पानीपत की जनता के साथ साथ प्रदेश में भाजपा को बहुमत देने के लिए प्रदेश की जनता का आभार व्यक्त किया।

## कुट्टू का आटा खाने से एक ही परिवार के 7 लोग बीमार


अस्पताल में भर्ती बीमार लेग।

कैथल, अक्तूबर : कुट्टू का आटा खाने से यहां एक ही परिवार के 7 लोगों को तबीयत बिगड़ गई, उनको शहर के एक निजी अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। सभी बीमार माडल टाउन निवासी के रहने वाले बताए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार परिवार का एक सदस्य हरीश बीती रात एक करियाना स्टोर माडल टाउन से कुट्टु का आटा लेकर आया था जिसे खाने की वजह से सभी बीमार हो गए। नाजुक हालत के चलते सभी को निजी अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। वहीं अस्पताल में पहुंचे परिजनों ने आरोप लगाया कि दुकानदार ने उनको कुट्टु का पुराना खराब आटा दिया है जिस कारण वे बीमार हुए। फिलहाल सभी का इलाज चल रहा है, मामले को लेकर पुलिस अपनी कार्रवाई में लगी हुई है। अभी तक आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज नहीं किया गया है।

### ये हैं अस्पताल में दाखिल

अस्पताल में 40 वर्षीय मीनू पत्नी गौरव, 12 वर्षीय सारांश पुत्र हरीश, 13 वर्षीय सृष्टि पुत्री गौरव, 25 वर्षीय दीपिका पत्नी सुरेश कुमार, 40 वर्षीय पूजा पत्नी हरीश कुमार, 9 वर्षीय कुनाल पुत्र हरीश कुमार, 8 वर्षीय बच्ची लवनिया पुत्री हरीश कुमार का अस्पताल में उपचार चल रहा है।

## 75 वर्ष से अधिक उम्र वाले 26 वरिष्ठ नागरिक सम्मानित

▫ मासिक बैठक में वरिष्ठ नागरिकों ने पुरानी यादें की ताजा


वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित करते हुए संस्था के पदाधिकारी।

कैथल, अक्तूबर : बुजुर्गों का सम्मान करना परमात्मा को पूजने तुल्य है, हमें बुजुर्गों का सम्मान करना चाहिए। उपरोक्त विचार सीनियर सिटीजन वैलफेयर सोसायटी कैथल के प्रधान नरेंद्र निझावन ने संस्था द्वारा अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस समारोह में वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित करते हुए प्रकट किए। मंच संचालन करते हुए महासचिव धन सचदेवा ने सदस्यों को शारदीय नवरात्रि व विजयदशमी की बधाई दी। प्रधान नरेंद्र निझावन व मुख्य संरक्षक महेश दुआ की अध्यक्षता में हुई मासिक बैठक में संस्था के 75 वर्ष से अधिक उम्र वाले 26 वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया गया। बैठक में संस्था के वरिष्ठ साथी मुरारी मक्कड़ की दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी गई। वरिष्ठ साथियों शंकुतला निझावन, कमलेश चावला, रामलाल कालड़ा, वीके चावला, ईश्वर अरोड़ा, धर्मपाल खत्री, मनोहर लाल आहूजा, जगदीश कालड़ा ने भजनों से मंत्रमुग्ध किया। मुख्य संरक्षक महेश दुआ और प्रेम बठला ने रामलीला की यादों को तरोताजा करते हुए भगवान राम, परशुराम, राजा जनक व रावण के संवादों को जीवंत करते हुए समारोह को भक्तिमय व राममय कर दिया। इस अवसर पर इन्द्रजीत सरदाना, श्याम लाल खेड़ा, राकेश मल्होत्रा, राजकुमार मुखीजा, सतीश चावला, भीमसेन सचदेवा, प्रेम चराया, गोबिंद लाल खट्टर, अशोक गोगिया, डॉ शिवचरण अरोडा, बिमला देवी, कमलेश, सरोज, बाबूराम धीमान, मोहन लाल जैन, रमेश सरदाना, विजय कुमार जैन, बालकृष्ण बतरा, देवेन्द्र आहूजा, ओमप्रकाश गोगिया, शिव गाबा भी उपस्थित रहे।

### इन वरिष्ठ नागरिकों को किया सम्मानित

जिन वरिष्ठद्द नागरिकों को सम्मानित किया गया उनमें महेश दुआ, वीके चावला, तुलसी दास सचदेवा, मनोहर लाल आहूजा, डॉ जैली राम बंसल, ओमप्रकाश दुआ, रतनलाल जैन, नरेंद्र झंदई, कश्मीरी लाल सीकरी, हरीश मदान, धर्मपाल खत्री, धर्मपाल खेत्रपाल, डॉ जीएल चावला, सोहनलाल ढींगरा, ईश्वर चंद शर्मा, लक्ष्मी चंद खुराना, केएल ग्रोवर, राजपाल भंडूला, हरिकिशन पुनयानी, जोगी राम गिल, अर्जुन लाल गेरा, शांति देवी गेरा, कैलाश देवी अरोड़ा शामिल हैं।

### इन वरिष्ठ नागरिकों का मनाया जन्म दिन

सितंबर व अक्टूबर माह में जन्मे साथियों कृष्ण मिगलानी, अरविंद चावला, विजय गुलाटी, रमेश आहूजा, डॉ जैली राम बंसल, सुभाष चावला, जगदीश कटारिया, गुलशन चुघ, अमरनाथ अरोड़ा, विमल खेड़ा, ऊषा चावला का जन्मदिन हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया।

## कानों की बालियां छीनने के मामले में सुनाम का आरोपी काबू

गुहला


एसडीयू पुलिस गिरफ्त में आरोपी ललित।

**चीका :** कानों की बालियां छीनने के एक मामले की जांच स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट प्रभारी एसआई रमेश कुमार की अगुवाई में एएसआई तरसेम कुमार की टीम द्वारा करते हुए आरोपी सुनाम जिला संगरूर पंजाब निवासी ललित कुमार को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सुभाष नगर सलेमपुर निवासी गुरजेंट की शिकायत के अनुसार 3 अगस्त की शाम को बाइक पर आए 2 अज्ञात लडके घर के बाहर बैठी उसकी माता की दोनों कानों की बालियां छीनकर फरार हो गए। इस बारे थाना गुहला में मामला दर्ज किया गया था। उपरोक्त मामले में पहले ही एक आरोपी काबु किया जा चुका हैं। आरोपी ललित के कब्जे से 2 कानों की बालियां बरामद की गई हैं। ललित को सोमवार को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया हैं।

## नेशनल स्कूल जूडो में हरियाणा की गर्ल्ज टीम ने जीती ट्राफी


ट्राफी के साथ हरियाणा की टीम।

**कैथल :** हेमसाना गुजरात में हुई 14 वर्षीय लडके और लड़कियों की नेशनल स्कूल जूडो टूनार्मेंट में हरियाणा की टीम ने उम्दा प्रदर्शन करते हुए लड़कियों की टीम ने चैंपियनशिप जीती। टीम के ओवरआल इंचार्ज नरमैल सिंह एईओ ने बताया कि हरियाणा ने 3 गोल्ड, 1 सिल्वर और 2 ब्रॉन्ज मेडल जीते। डॉक्टर विजय लक्ष्मी जिला शिक्षा अधिकारी कैथल, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सरोज दहिया और रमेश चहल एईओ ने बच्चों को आशीर्वाद देकर टीम को रवाना किया था। टीम के कोच संदीप कुमार डीपी दीवाल, नीलम आर्य डीपी हिसार और मैनेजर इंदिरा ने बताया कि दिशा, हेतल और सुषमा ने गोल्ड मेडल, रिया ने सिल्वर और विहान आदि ने ब्रॉन्ज मेडल जीते। इस उपलब्धि के लिए जूडो कोच जोगिंदर, गुरमीत सिंह, अमरजीत, शैलेश, विजय कोच, राजेश कोच, प्रशांत कोच, सपना, मनोज कुमार शारिरिक शिक्षक, संदीप, नसीब पीटीआई, अमित डीपी और रविंद्र भट्टी ने खिलाडि?ों को बधाई दी।

## नशा होता अच्छा तो मां कहती खा ले मेरे बच्चा : डॉ. अशोक

▫ संसार में 80 लाख लोग प्रतिवर्ष केवल तम्बाकू से मरते हैं


कार्यक्रम में जयहिंद का जयघोष करते हुए।

कैथल, अक्तूबर : हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ अशोक कुमार वर्मा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पबनावा पहुंचे और प्राचार्य करमवीर सिंह की अध्यक्षता में नशे के विरुद्ध 84वां जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में 250 विद्यार्थियों, 10 शिक्षकों और अन्य कर्मियों ने भाग लिया। संस्थान के प्राचार्य करमवीर सिंह ने अशोक कुमार वर्मा का स्वागत करते हुए कहा कि नशा एक ज्वलंत विषय है और सभी विद्यार्थियों को ध्यानपूर्वक चिंतन और मनन करना चाहिए। डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि नशा आरम्भ में मनुष्य को अच्छा लगता है लेकिन एक दो बार लेने के पश्चात वह इसका आदि हो जाता है। मनुष्य नशा छोड?ा चाहता है लेकिन नशा उसके रक्त में समाहित होकर उसके जीवन की आवश्यकता बन जाता है। पहले तो व्यक्ति नशा शौक में लेता है। कभी किसी के कहने पर, ब्याह शादी में, जन्मदिन और अन्य अवसरों पर ले लेता है। धीरे धीरे उसको नशे की लत लग जाती है। व्यक्ति नशा छोड?ा चाहता है लेकिन नशा व्यक्ति को नहीं छोड़ता। यह एक बहुत ही गंभीर समस्या है। उन्होंने प्रतिबंधित नशे से लेकर शराब और तम्बाकू के नशे पर खुलकर चर्चा की और सिद्ध किया कि नशा कोई भी अच्छा नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि नशा होता अच्छा तो मां कहती खा ले मेरे बच्चा। यदि नशा होता अच्छा तो पिता कहता ले थोड़ी सी पी ले। उन्होंने बताया कि पूरे संसार में केवल धूम्रपान और तंबाकू से मरने वालों की औसतन संख्या 80 लाख प्रतिवर्ष है और हमारे भारत में प्रतिवर्ष मरने वाले लोगों की संख्या 19 लाख है। कार्यक्रम के अंत में शपथ दिलाई गई।

# मंडियों में धान की खरीद न होने से नाराज किसानों ने लगाया जाम

▫ प्रशासन से बात न बनने पर किसानों ने किया अनिश्चतकालीन धरने का ऐलान


ब्रहमानंद चौक पर जाम लगा कर बैठे किसान।

पूंडरी, अक्तूबर : पूंडरी में सोमवार सुबह भारतीय किसान यूनियन चढूनी की एक बैठक किसान भवन पूंडरी में हुई। बैठक की अध्यक्षता युवा प्रदेशाध्यक्ष विक्रम कसाना ने की। किसान यूनियन द्वारा आयोजित बैठक का मूल उद्देश्य मंडियों में धान की खरीद न होने को लेकर था। धान का सीजन अपने जोरों पर है। मंडियों में धान की खरीद न होने के कारण मजबूरन किसान अपना पीला सोना शहर की सडकों पर डालने को मजबूर हैं। मंडियों में धान की खरीद न होने के कारण शहर के हालात इस प्रकार हैं कि पूंडरी शहर की दोनों मंडियां पूरी तरह से भर चुकी है। बैठक के बाद किसानों ने मिलकर पूंडरी गुरू ब्रहमानंद चौक पर जाम लगा दिया। जाम लगने के बाद पूंडरी शहर की हालत तो खराब हो गई। इसी के साथ प्रशासन भी हरकत में आया और जाम खुलवाने के लिए किसानों से बातचीत करने के लिए पहुंचे। लेकिन किसान अपनी एक मांग पर अड़े रहे और जाम को न खोलने की बात कह कर वहीं पर बैठे रहे। उपायुक्त स्वयं किसानों से बात करने के लिए मौके पर पहुंचे जिसके बाद भी बातचीत का कोई हल न निकलने पर किसानों ने अनिश्चतकालिन धरने का ऐलान कर दिया। किसानों की एक ही मांग है जोकि उन्होंने प्रशासन के सामने रखी है कि उनकी फसल की खरीद जल्द से जल्द शुरू की जाए क्योंकि मंडियों व सडकों पर पड़ा किसान का पीला सोना दिन प्रतिदिन खराब हो रहा है। जितनी देरी फसल की खरीद होने में लगेंगे उतना ही किसान को प्रतिदिन के हिसाब से नुकसान हो रहा है। उन्होंने सरकार व प्रशासन से मांग ही है कि वे जल्द से जल्द उनकी फसल की खरीद शुरू करवा दें, वे अपने इस धरने को तुरंत ही समाप्त कर देंगे। इस मौके पर भाकियू जिलाध्यक्ष गुरना सिंह फरल, युवा जिलाध्यक्ष विक्रम दुसैण, रणधीर बरसाना, पिरथी कौल, ओमप्रकाश चंदलाना, सतनाम दुसैण, रामपाल मुंदडी, भीम सिंह खनौदा, आशू कौल, सतपाल पूंडरी, मंजीत करोडा के साथ सैकडों किसान मौके पर मौजूद रहे।

## धान की खरीद न होने पर किसानों ने राजौंद मंडी के सामने लगाया जाम



**शर्मा राजौंद, अक्तूबर :** अनाज मंडी में धान की फसल की खरीद न होने पर किसानों ने मंडी के सामने 2 घंटे तक जाम लगाए रखा। थाना प्रभारी इंद्र सिंह पुलिस पार्टी के साथ मौके पर पहुंची। उन्होंने किसानों को समझाने की काफी कोशिश की लेकिन किसान अपनी जिद पर अड़े रहे की जब तक धान खरीद शुरू नहीं होती वह जाम नहीं खोलेंगे। थाना प्रभारी इंद्र सिंह द्वारा खरीद एजेंसी के प्रबंधक से बात की गई और मौके पर हरियाणा वेयर हाउस के प्रबंधन दीपक कुमार को बुलाया गया जिसने किसानों से कहा कि 17 मोचर की सारी धान खरीद ली जाएगी। इस पर किसानों ने आश्वासन के बाद जाम खोल दिया। किसानों का आरोप था कि लगातार एक तारीख से मंडी में धान लेकर बैठे हैं, कुछ किसान 30 सितंबर से भी बैठे हैं। 8 दिन तक भी धान की खरीद नहीं हो रही जिससे वह यहां 24 घंटे मंडी में अपनी धान की फसल के पास बैठने को मजबूर हो रहे हैं जबकि उनकी कटाई का काम भी खेतों में चल रहा है। उधर आढ़तियों ने कहा कि जो धान खरीदी गई है, उसका उठान धीमा चल रहा है, अभी तो मंडी में पूरी तरह सीजन शुरू भी नहीं हुआ मंडी धान से भर भी गई है अगर शीघ्र उठान नहीं हुआ तो मंडी में धान की फसल डालने के लिए जगह नहीं बचेगी। किसानों ने कहा कि अगर खरीद में किसी ने भी आनाकानी की तो वह फिर से रोड जाम करने को मजबूर होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### आयुष्मान कार्ड पंजीयन शिविर आयोजित



**औबेदुल्लागंज।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी सोनाली शर्मा के निर्देश पर आयुष्मान पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत नगर परिषद द्वारा वार्ड 12 के अंबेडकर भवन में आयुष्मान कार्ड पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वार्ड वासियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। इस अभियान में वार्ड नंबर 12 पार्षद सुनील सेरिया, नगर परिषद कर्मचारी, समस्त वार्ड प्रभारी, महिला एवं बाल विकास केंद्र की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता भागीदारी निभा रहे हैं। शिविरि में नगर परिषद के सुभाष सराठ, राजकुमार शर्मा, आशीष यादव, सुशील चतुर्वेदी, प्रमोद कुमार पाण्डेय, महेंद्र,पवन निरापुरे,संजय वाजपेयी, दीपेश दास बैरागी एवं अन्य कर्मचारियों के द्वारा आयुष्मान कार्ड पंजीयन का कार्य किया जा रहा है।

### शिविर में हुई बच्चों के दांतों की जांच



**गुलाबगंज।** बाल रक्षा भारत एनजीओ के दान उत्सव के अंतर्गत आकाश अहिरवार व उनकी टीम द्वारा दंत परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बच्चों के दांतों की जांच की और दांतों की देखभाल की जानकारी दी गई। शिविर में चिकित्सकों ने तंबाकू मुक्त भारत बनाने की पहल के बारे में अवगत कराते हुए तंबाकू या तंबाकू के उत्पादों के सेवन से होने वाली हानियों के बारे में बताया गया। शिविर में मुख्य अतिथि मनोहर राणावत रहे। टीम ने बच्चों को को टूथब्रश दिए गए।

### भारत भारती संस्कार जैन मंडल ने बच्चों को दी गणवेश

**विदिशा।** सोमवार को भारत भारती संस्कार जैन मंडल की और से सूरज निकेतन विशेष स्कूल में बच्चों को ड्रेस वितरित की गईं। जिसमें विधायक मुकेश टंडन नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा, सनातन श्री हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष नितिन माहेश्वरी, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष बसंत जैन, नगर पालिका उपाध्यक्ष संजय दिवाकीर्ति,पूर्व पार्षद राजेश राय, संस्था अध्यक्ष एडवोकेट दीपक सक्सेना द्वारा बच्चों को ड्रेस का वितरण किया गया। इस अवसर पर भारत भारती संस्कार जैन मंडल की प्रमुख नीता सराफ एवं मंडल की सदस्य विधुलता, सरिता, संध्या प्रीतिबाला, नीतू, साधना उपस्थित रहीं। भारत भारती संस्कार जैन मंडल द्वारा 50 बच्चों को ड्रेस वितरित की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में संस्था के सदस्य और स्कूल के बच्चे मौजूद थे।

### आउटसोर्स कर्मचारियों ने जिला प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

**विदिशा।** स्वास्थ्य विभाग में डाटा ऑपरेटिंग का कार्य देख रहे आउटसोर्स के कर्मचारियों ने वेतन कटौती और कम वेतन मिलने की शिकायत को लेकर कलेक्टर के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने बताया कि जिस कंपनी द्वारा उन्हें स्वास्थ्य विभाग में डाटा एंट्री करने के लिए नियुक्त किया गया था, उस कंपनी द्वारा उन्हें समय पर भुगतान नहीं किया जा रहा है। कंपनी द्वारा उनके वेतन में कटौती की जा रही है। जबकि शासन द्वारा निर्धारित वेतन उन्हें नहीं मिल रहा है। इस दौरान कर्मचारियों ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग में वह लंबे समय से कार्य करते आ रहे हैं, उनकी नियुक्ति एक कंपनी द्वारा आउटसोर्स कर्मचारी के पद पर की गई है। इन कर्मचारियों ने बताया कि जिला विदिशा अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, खण्ड चिकित्सा अधिकारी कार्यालय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय पर आउटसोर्स के माध्यम से डाटा एन्ट्री आपरेटर पदस्थ हैं। जिनका पारिश्रमिक न्यूनतम वेतन का भुगतान प्रथम नेशनल सिक्युरिटी सर्विस कंपनी इन्दौर के द्वारा किया जाता है। जो कि हर दो माह में एक बार वेतन दिया जाता है, वह भी मासिक वेतन 13,710 रूपये में से मात्र 8000 वेतन दिया जाता है। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि शासन द्वारा निर्धारित वेतन दिया जाए और उनके वेतन में हो रही कटौती को बंद किया जाए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में आउटसोर्स के कर्मचारी मौजूद थे।

### नगर में खुलेआम चल रहा सट्टा-नशे का कारोबार

**विदिशा।** एकनाथ शिंदे शिवसेना के सदस्यों द्वारा नगर में खुलेआम चल रहे सट्टा और अवैध नशे के कारोबार को लेकर पुलिस प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें शिवसेना जिला प्रमुख राहुल जोशी ने बताया कि नगर में खुलेआम जगह-जगह सट्टा खिलाया जा रहा है। साथ ही अवैध शराब, गांजा, हीरोइन का खुलेआम विक्रय हो रहा है। जिससे नवयुवक पीढ़ी इसका शिकार बन रही है। उन्होंने बताया कि सावरकर बाल विहार, रामलीला चौराहे के पास, डंडापुरा, बस स्टैंड, शेरपुरा, सागर पुलिया आदि स्थान पर खुलेआम सट्टे का कारोबार खूब फल फूल रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा कार्यवाही तो की जाती है लेकिन पुलिस के जाने के बाद ही फिर से सट्टा खिलाने काम फिर से शुरू हो जाता है। इन लोगों को पुलिस का कोई भय नहीं है। यही कारण है कि नगर में जगह-जगह खुलेआम सट्टा खिलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नगर में बड़े पैमाने पर अवैध शराब और अन्य नशीले पदार्थों का विक्रय जोरों पर है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि नगर में चल रहे अवैध सट्टा और नशीले पदार्थों पर रोक लगाई जाए। इस अवसर पर शिवसेना के अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### छुरीबाजी से घायल नारायण बघेल की मौत



**मौत के पहले वॉयरल वीडियो में बघेल ने हमलावरों के बताए नाम**

**सिरोंज।** छुरीबाजी से गंभीर घायल नारायण सिंह बघेल की मृत्यु हो गई। सोसल मिडिया पर मृतक का उसकी मृत्यु से पूर्व का एक वीडियो वायरल हुआ है। वीडियो में नारायण सिंह बघेल हमलवारों में मोहित रघुवंशी, अंकित शर्मा, छोटू यादव का नाम और हमले के लिए पुलिस वाला सन्तोष को जिम्मेदार बताते दिख रहा है। हालांकि हम वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करते हैं। जानकारी के अनुसार रविवार शाम को घायल नारायण सिंह बघेल की इलाज के दौरान मौत हो गई। सोमवार को उसके गांव रूसल्ली साहू मे उसका दाह संस्कार किया गया। बता दें कि 3 अक्टूबर को रात्री लगभग साढ़े दस बजे नगर के गोकुलधाम कॉलोनी के सामने नव दुर्गा झांकी प्रागंण में आरोपी मोहित रघुवंशी, अंकित शर्मा एवं छोटू यादव ने मृतक नारायण सिंह बघेल पर छुरी से हमला किया गया था। घटना में गंभीर रुप से घायल नारायण सिंह को विदिशा रिफर किया गया था। पुलिस ने घायल की पत्नि कलावती की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 109(1), 118(1), 3(5) बीएनएस के तहत प्रकरण कायम किया है। वही इस मामले में सिरोंज के थाना प्रभारी संदीप कुमार पवार ने कहा कि वायरल वीडियो में जो दिखाई दे रहा है जांच का विषय है। जिसकी जांच की जा रही है। वीडियो में किसी व्यक्ति द्वारा घायल से उसे उकसा कर पूछा जा रहा है। वीडियो बनाने वाले को सामने आना चाहिए। दोनों ही पार्टी के लोग चोरी की शराब के सप्लायर हैं।

# जिले के सभी 18 संकुल संघ की लीडर्स के साथ संवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन।

## समुदाय प्रबंधित प्रशिक्षण केंद्र हरनाटांड में जीविका दीदियों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।



(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)

**बेतिया।** ज़िला स्थित बगहा अनुमंडल के सभी प्रखंडों के कुल 18 संकुल संघ से आयी जीविका दीदियों के साथ जिला परियोजना प्रबंधक आर. के. निखिल की अध्यक्षता में संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी दीदियों ने जीविका परियोजना से जुड़ने के बाद सामाजिक परिवर्तन और आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनने की दास्तान बयान की। दीदियों ने बारी-बारी से अपना परिचय देते हुए यह बताया कि समूह से कर्ज ले कर उन्होंने बकरी पालन, मुर्गी पालन, खेती बारी, किराना दुकान, सब्जी और फल की दुकान, नाश्ता की दुकान, कपड़े की दुकान जैसे जीविकोपार्जन कार्य कर अपने परिवार की आमदनी बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रही हैं। सभी दीदियों ने अपना परिचय देते हुए जानकारी दी कि सभी दीदी समूह के पाँच नियम, जैसे नियमित बैठक, नियमित बचत, लेन देन, नियमित ऋण वापसी और सही सही लेखांकन का खुद भी पालन कर रही है और समूह की दूसरी दीदियों इन नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित कर रही हैं। दीदियों ने बताया कि सभी दीदी ने अपना और अपने परिवार का जीवन बीमा भी करा रखा है. हरनाटांड की रहने वाली सत्याग्रह संकुल संघ की अध्यक्ष रंजीता काजी ने बताया कि समूह मैके से भी ज्यदा भरोसेमंद है, और हर अच्छे बुरे वक्त में समूह ढाल की तरह काम करता है। दीदियों ने यह भी बताया कि उनके घर में शौचालय और स्नानघर है जिसका उनके परिवार के सभी लोग इस्तेमाल कर रहे हैं। इस संवाद कार्यक्रम में दीदियों को संबोधित करते हुए जिला परियोजना प्रबंधक आर.के. निखिल ने जानकारी दी की जीविका दीदी इस अनुमंडल में संचालित अनुसूचित जाति जनजाति आवासीय विद्यालयों में रसोइया और स्कूल की साफ सफाई का काम बखूबी निभा रही है। जिससे जीविका दीदियों रोजगार का वैकल्पिक अवसर भी मिला है। उन्होंने सभी दीदियों से अनुरोध किया कि सभी दीदी अपने घरों में पोषण वाटिका लगायें ताकि उनको निरंतर पोषण मिलता रहे। साथ ही साथ उन्होंने स्वस्थ रहने के लिए वैक्तिगत स्वच्छता ,और अपने परिवेश की स्वच्छता पर ध्यान दे कर बहुत सारी बीमारियों से बचा जा सकता हैं।

# अब हर माह मिलेंगे 1000 रुपये टीबी मरीजों को,पोषण राशि हुई दोगुनी




(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)

**बेतिया।** भारत सरकार ने टीबी मरीजों के लिए बहुत बड़ी राहत की घोषणा की है। टीबी मरीजों को निक्षय पोषण योजना के तहत मिलने वाली राशि अब दोगुनी कर दी गयी है। टीबी मरीजों को अब तक 5 सौ रुपए प्रतिमाह मिलते थे। अब इसे बढ़ाकर 1 हजार रुपए की गयी है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अपर सचिव एवं मिशन निदेशक आराधना पटनायक द्वारा जारी पत्र के मुताबिक, अप्रैल 2018 से नेशनल टीबी एलिमिनेशन प्रोग्राम के तहत टीबी के इलाजरत मरीजों को 500 सौ की राशि दी जाती थी। अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह संचारी रोग पदाधिकारी डॉ रमेश चंद्र ने बताया कि उपचाराधीन और नए सभी टीबी मरीजों को यह राशि अगले माह एक नवंबर से मिलेगी।

**डेढ़ लाख से अधिक टीबी मरीजों को होगा फायदा:**

टीबी के उपचार में पोषण महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसे देखते हुए टीबी मरीजों को बीमारी के खिलाफ उनकी लड़ाई को मजबूत करने के लिए यह ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है। इस निर्णय से राज्य के करीब 1.54 लाख से अधिक टीबी मरीजों को इसका फायदा मिलेगा। राज्य में एक जनवरी 2024 से मंगलवार तक टीबी के 61 हजार 587 मरीज सरकारी अस्पतालों में तथा 92 हजार 741 टीबी मरीज निजी अस्पतालों में का नोटिफाइड हुए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार उपचार की अवधि के दौरान सभी टीबी रोगियों के लिए निक्षय पोषण योजना के तहत मासिक पोषण सहायता को मौजूदा 500 रुपये से बढ़ाकर 1000 रुपये प्रतिमाह कर दिया है। इसके अलावा, अब टीबी रोगियों के सभी घरेलू संपर्कों को प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत कवर किया जाएगा और समुदाय से सामाजिक सहायता प्राप्त करने के भी वे पात्र होंगे।

**क्या है निक्षय पोषण योजना:** टीबी होने पर प्रोटीन व पौष्टिक भोजन की ज्यादा जरूरत होती है। अधिकांश टीबी मरीज गरीब घरों के होते हैं। लेकिन गरीबी के कारण ऐसे गरीब मरीज पौष्टिक भोजन नहीं कर पाते हैं। इसी को देखते हुए सरकार ने निक्षय पोषण योजना की शुरूआत की है। ताकि मरीज को पौष्टिक भोजन मिल पाए।

# जनता सरकार एवं प्रेस की बीच की कड़ी है समाचार पत्र वाहक। अंतर्राष्ट्रीय समाचार पत्र वाहक दिवस पर पत्रकारों एवं समाचार पत्र? वाहकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की सरकार से की मांग।

**पटना।** अंतरराष्ट्रीय समाचार पत्र वाहक दिवस पर भारतीय ऑल मीडिया पत्रकार संघ ने एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन बेतिया में किया गया। इस अवसर पर भारतीय ऑल मीडिया पत्रकार संघ के सदस्य व सहयोगी संस्था सत्याग्रह रिसर्च फाउंडेशन,मदर ताहिरा चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक सह पत्रकार डॉ अमानुल हक ने कहा कि जनता सरकार एवं प्रेस हाउस की की कड़ी हैं समाचार पत्र वाहक। इस अवसर पर वक्ताओं ने सरकार से पत्रकारों एवं समाचार पत्र? वाहकों की सुरक्षा गारंटी सुनिश्चित करने की मांग की। इसके लिए कानून बनाने की भी वकालत की गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि 8 अक्टूबर को राष्ट्रीय समाचार पत्र वाहक दिवस उन समाचार पत्र वाहकों का जश्न मनाता है जो स्वयं समाचार पत्रों के समान ही लंबे समय से अस्तित्व में हैं। ये निडर सवार हर सुबह हमारे लिए समाचार लाते हैं, प्रेस हाउस के अंदर से बाहर उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं, चाहे बारिश हो या धूप, सड़क के किनारे खड़े रहना है। समाचार पत्र वाहकों का समर्पण निश्चित रूप से मान्यता का पात्र है। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि समाचार पत्र वाहक दिवस के अवसर पर 10 वर्षीय ब्लार्नी फ्लेहर्टी को श्रद्धांजलि अर्पित की, जो संयुक्त राज्य अमेरिका में न्यूयॉर्क शहर के संग्रहालय द्वारा नियुक्त पहला पेपरबॉय थे। 1833 में, "द सन" में "स्थिर पुरुषों" को आवेदन करने के लिए बुलाए गए एक विज्ञापन के जवाब में, युवा फ्लेहर्टी ने समाचार पत्रों का एक समूह लहराया। प्रकाशक बेंजामिन डे ने फ़्लेहर्टी को मंजूरी दे दी और उसे काम पर रख लिया, और इसके तुरंत बाद, न्यूयॉर्क की सड़कें "पेपर!" के नारे से भर गईं! अपना पेपर यहाँ प्राप्त करें!ह्व तब से, अनगिनत आकांक्षी उनके नक्शेकदम पर चले हैं, और 190 से अधिक वर्षों के बाद, समाचार पत्र वाहक दिवस उन सभी का सम्मान करता है। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि यह उल्लेखनीय है कि इतिहास में कितने महान लोगों को एक पेपरबॉय की विनम्र शुरूआत से आकार मिला, जो बाद में वे बने, जिनमें अल्बर्ट आइंस्टीन, जेम्स कॉग्नी, मार्टिन लूथर किंग जूनियर और इसहाक असिमोव शामिल थे, जो पेपर वाहकों की पीढ़ियों में से थे। समाचार पत्र वाहक बनने से व्यक्ति का सड़क ज्ञान, लोगों के साथ व्यवहार करना, नवीनतम समाचारों से अपडेट रहना और एक अच्छा सेल्समैन बनना तेज हो जाता है। 1960 में, इतिहास के कुछ सबसे प्रसिद्ध समाचार पत्र वाहकों को सम्मानित करने के लिए एक समाचार पत्र कैरियर हॉल ऑफ फेम बनाया गया था। आजकल, बहुत से युवा समाचार पत्र वाहक हैं, कई स्थानीय समुदायों में अभी भी युवाओं को नौकरी की पेशकश की जाती है। युवा लड़कियाँ और लड़के मौसम और अन्य परिस्थितियों का सामना करते हुए आस-पड़ोस के लोगों तक समाचार पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# प्रकाश नाथ मुजफ्फरपुर भारतीय अकलियत मोर्चा की बैठक

**मुजफ्फरपुर।** जलील हुसैन हाउस पर हुई जिसमें लोकनायक स्वर्गीय जयप्रकाश नारायण जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देते हुए नमन किया गया उन्हें हमेशा याद किया जाएगा मोर्चा के राष्ट्रीय संयोजक अली अब्बास आबदी ने कहा लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी ने हमेशा जुल्म अत्याचार महंगाई बेरोजगारी भ्रष्टाचार संप्रदाय जातिवाद नफरत के खिलाफ देश में आंदोलन करते रहे 1974 में स्वर्गीय जॉर्ज फर्नांडिस के साथ देश में बहुत बड़ा आंदोलन और इंकलाब पैदा कर दिया जिसको केंद्र सरकार को आंदोलन में जाना पड़ा मेरे पिताजी स्वर्गीय सैयद जलील हुसैन साहब इन लोगों के साथ आंदोलन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते थे और देश में 1977 में मोरारजी देसाई की सरकार बनी गलत करने वालों के खिलाफ हमेशा संघर्ष के रास्ते पर ही चलना चाहिए और गलत का विरोध हमेशा करना चाहिए चाहे वह दुनिया की कोई भी ताकतहो इंसान को घबराना नहीं चाहिए संघर्ष का रास्ता देश को हमेशा सही दिशा देता है।




## राज्य स्तरीय ताइक्कांडो-लॉन टेनिस प्रतियोगिता संपन्न

# भोपाल संभाग रहा ओवर ऑल चैंपियन



■ विदिशा

विदिशा में राज्य स्तरीय ताइक्कांडो और लॉन टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा था। 4 तारीख से शुरू हुई है प्रतियोगिता का सोमवार को समापन हुआ। प्रतियोगिता में प्रतियोगिता में भोपाल संभाग का बोलबाला रहा और उसे ओवर ऑल चैंपियन का दर्जा दिया गया। मगधम इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित पुरस्कार वितरण के दौरान विदिशा विधायक मुकेश टंडन, समाजसेवी राकेश शर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष संदीप डोगर सिंह, एसडीएम क्षितिज शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी राम ठाकुर सहित अन्य अतिथि मौजूद रहे। इस दौरान सभी संभागों को उनके विजेताओं के आधार और जीती हुई प्रतियोगिता के आधार पर अंक तालिका में पुरस्कृत किया गया।

## खाद व्यापारी की दुकान के आगे खड़ा रहा ट्राला बना मुसीबत

# अतिक्रमण की चपेट में करोड़ों की सड़क, प्रशासन मौन

■ शहर की सड़कों पर व्यापरियों ने जमा रखा है कब्जा, आमजन हो रहे परेशान



■ गंजबासोदा

शहर के व्यस्ततम मार्ग बरेठ रोड व त्योंदा रोड पर ट्रैफिक की व्यवस्था दुरुस्त रहे व नागरिकों के आवागमन के लिए मिनी स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत शहर में करोड़ों रुपए की लागत से मुख्य मार्ग बरेठ रोड व त्योंदा रोड पर सड़क बनाई जा रही है। लेकिन प्रशासन की मौन साधना के कारण इस सड़क पर करोड़ों खर्च होने के बाद भी इस नवीन सड़क का उपयोग आवागमन के लिए नागरिक तो नहीं कर पा रहे हैं परंतु इसका पूर्ण उपयोग व्यापारी जरूर कर रहे हैं।

इस सड़क पर अधिकांश व्यापारियों का ही अतिक्रमण रहता है या तो व्यापारी इस सड़क पर अपनी सामग्री रखते हैं या फिर सड़क पर व्यापारियों के वाहन खड़े रहते हैं। जिसके कारण करोड़ों रुपए से बनी सड़क औचित्य हीन रह गई है और व्यापारी इसका पूर्ण उपयोग कर रहे हैं जिसके जाम के हालात बने रहते हैं। ऐसा ही एक नजारा सोमवार की दोपहर त्योंदा रोड पर देखा गया जब एक खाद विक्रेता ने दोपहर के समय ही एक भारी भरकम ट्राला अपनी दुकान के सामने खाद उतारने के लिए लगवा लिया। ट्राला की लम्बाई इतनी अधिक थी की वह आधे से अधिक सड़क पर ही पहुंच गया।। लेकिन व्यापारी को खुद के कारोबार के आगे जनता की परेशानी नजर आई। यह ट्राला सड़क पर घंटों खड़ा रहा। हालांकि इसकी सूचना ट्रैफिक पुलिस को लगी तब पुलिस ने व्यापारी को खूब फटकार भी लगाई। शहर के त्योंदा रोड से बरेठ रोड के अधिकांश दुकान की यही स्थिति बनी हुई है और नपा द्वारा बनाए जा रहे करोड़ों रुपए की लागत की सड़क पर अतिक्रमण होता चला जा रहा है।

### व्यापारी पर कार्यवाही का नहीं होता असर

हालांकि पूरे मामले में नपा समय-समय पर व्यापारियों को सामग्री पीछे करने के लिए मुनादी कराती रहती है लेकिन इसका खासा असर व्यापारी पर नहीं पड़ता और दिन दो दिन व्यापारी अपनी सामग्री पीछे रख लेता है और फिर पुनः सड़क पर अतिक्रमण कर लेता है जिसके कारण सड़क और सिकुड़ती जा रही है। प्रशासन जब कार्यवाही करता है तब व्यापारी सामग्री पीछे करने के लिए आश्वाशन देते हैं लेकिन कुछ दिनों बाद स्थिति जस की तस हो जाती है।

### नाम की नो एंट्री

शहर के कुछ हिस्से में नो एंट्री भी लागू है और तय समय सीमा में भारी वाहन शहर में प्रवेश निषेध है। लेकिन इसका असर नहीं दिख रहा है। नवरात्रि का पर्व चल रहा है। ऐसे में भी भारी वाहनों का शहर में रेलमपेल मची रहती है।

### अतिक्रमणकारियों पर प्रशासन का सुस्त रवैया

यह एक मामला नहीं है, शहर की त्योंदा रोड, बरेठ रोड हो या मुख्य पाराशरी पुल हो या फिर नपा की मुख्य पाइप लाइन। अतिक्रमणकारियों ने दबंगता से कब्जा जमा रखा है। जबकि कार्रवाई के नाम कुछ नही होता सिर्फ अतिक्रमणकारियों को नोटिस थमाकर इतिश्री कर ली जाती है।

## धर्म -आस्था

## लोगों ने जगह-जगह मंच सजाकर किया स्वागत

# श्रीराम बारात को भव्य चल समारोह निकाला

■ मंडीदीप

शहर में विगत 61 वर्षों से परंपरागत बाबा रामदेव मंदिर समिति के द्वारा रामलीला का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में युवाओं द्वारा भगवान श्री राम की लीलाओं का वर्णन किया जाता है। रामलीला के माध्यम से युवा पीढ़ी को भगवान श्री राम जी के चरित्र के बारे में बताया जाता है।



नवरात्रि के शुभ अवसर पर 9 दिनों तक भगवान श्री राम जी की अनेक लीलाओं का वर्णन किया गया। नगर के भगवान श्री राम जानकी मंदिर गणेश चौक से श्री राम बारात का भव्य चल समारोह निकाला गया। चल समारोह में डीजे ढोल बैंड बाजे के साथ भगवान श्री राम की सेना सजे हुए रथ पर नगर के मुख्य मार्गो से निकले। नगर के भक्तों के द्वारा जगह-जगह स्वागत किया गया। श्री राम बारात का श्री हनुमान मंदिर नवदुर्गा उत्सव समिति एवं सरिता हार्डवेयर के संचालक एवं समिति के मुख्य यजमान रोहित नागर द्वारा स्टेशन रोड पर मंच सजाकर भव्य स्वागत किया गया। चल समारोह में नगर के सकल हिंदू समाज, वरिष्ठ समाजसेवी एवं धार्मिक संगठनों के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस धार्मिक कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए युवा उत्सव समिति के पदाधिकारियों ने नगर के सभी समाज बंधुओं का आभार जताया।

# पश्चिम चंपारण मे बाढ़ प्रभावित इलाका के गर्भवती महिलाओं का कराया गया सुरक्षित संस्थागत प्रसव।

## आठ सौ प्रभावितों की हुई समुचित चिकित्सा।



(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)

**बेतिया।** पश्चिम चम्पारण जिले के कुल 12 ब्लॉक बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। बाढ़ के कारण जिले में कई पंचायत ,गाँव के लोगों को अन्य कठिनाई के साथ स्वास्थ्य संबंधित असुविधा हुई। सिविल सर्जन पश्चिम चम्पारण द्वारा बताया गया कि स्वास्थ्य असुविधाओं को ध्यान में रखते हुए जिले के विभिन्न स्थलों पर अबतक कुल 28 चिकित्सक, 34 ए०एन०एम० तथा 62 आशा कार्यकर्ता के साथ कुल 28 चिकित्सा शिविर,मेडिकल टीम सभी जीवन रक्षक दवाओं के साथ लगाये गये, जिनके द्वारा लगभग 800 व्यक्तियों को स्वास्थ्य लाभ दिया गया। सभी स्वास्थ्य शिविर,मेडिकल टीम के साथ एम्बुलेंस सम्बद्ध किया गया था। मेडिकल टीम द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के 10 गर्भवती महिलाओं का संस्थागत सुरक्षित प्रसव कराया गया।



सोमवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने महाराष्ट्र के कोल्हापुर में दलित समुदाय से आने वाले अजय तुकाराम सनाडे और अंजना तुकाराम सनाडे के आवास पर जाकर भोजन किया।

# जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल होने तक सरकार न बनाएं: राशिद शेख

● श्रीनगर,

**जम्मू**-कश्मीर में अवामी इत्तेहाद पार्टी (एआईपी) के अध्यक्ष और सांसद अब्दुल राशिद शेख ने सोमवार को राजनीतिक दलों से आग्रह किया कि वे जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल होने तक सरकार न बनाएं। अब्दुल राशिद शेख को इंजीनियर राशिद के नाम से भी जाना जाता है।

श्रीनगर में सोमवार को मीडियाकर्मियों से श्री शेख ने कहा कि जो भी पार्टी अगली सरकार बनाएगी, वह केंद्र शासित प्रदेश की सरकार होगी और उसके पास केवल अधिकार होंगे। यदि कोई पार्टी या गठबंधन या स्वतंत्र उम्मीदवारों के समर्थन से बहुमत प्राप्त करता है, तो सभी दलों को चुनाव के बाद वादे के अनुसार राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए केंद्र सरकार पर दबाव बनाने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, ताकि कुछ हद



तक जम्मू-कश्मीर की गरिमा बहाल हो सके। उन्होंने जोर देकर कहा कि यदि पार्टियों को जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल करने के मुद्दे पर आवश्यकता होती है, तो वे अपनी पार्टी का समर्थन करेंगे। शेख ने कहा कि मैं इंडिया ब्लॉक, पीडीपी, पीपुल्स कॉन्फ्रेंस (पीसी), अपनी पार्टी (एपी) और अन्य से करबद्ध अनुरोध है कि वे एकजुट हों और राज्य का दर्जा बहाल होने तक अगली सरकार न बनाएं। शेख ने कहा कि यदि नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष ने खुद कहा है कि नई सरकार के पास एक नगर समिति से अधिक अधिकार नहीं होंगे, तो उनके और अन्य नेताओं के लिए जम्मू-कश्मीर में सरकार बनाने से पहले राज्य का दर्जा मांगना अनिवार्य हो जाता है।



सोमवार को गुमला झारखंड में एक रैली के दौरान झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन।

## सार संक्षेप

### अजय देवगन-करीना कपूर की फिल्म 'सिंघम अगेन' का ट्रेलर रिलीज



**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की आने वाली फिल्म सिघम अगेन का ट्रेलर रिलीज हो गया है। रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनी फिल्म सिंघम अगेन, सिंघम फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म है। सिंघम अगेन का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर में अजय देवगन, करीना कपूर, अक्षय कुमार, दीपिका पादुकोण, रवि किशन, टाइगर श्रॉफ, अर्जुन कपूर, रणवीर सिंह, श्वेता तिवारी और जैकी श्रॉफ की झलक देखने को मिली है और कई दमदार डायलॉग्स सुनने को मिले हैं। इस फिल्म के ट्रेलर को हिन्दी फिल्मों के इतिहास का सबसे लंबा ट्रेलर बताया जा रहा है। फिल्म के 4:58 सेकंड के इस ट्रेलर की शुरुआत अजय देवगन के सीन से होती है, जो देश की सीमा पर बर्फ से लदे पहाड़ों की तरफ देख रहे हैं। करीना कपूर अजय देवगन की पत्नी की भूमिका में हैं, जो रामलीला आयोजित कर रही हैं। करीना अपने रामलीला के अगले सीन के बारे में अजय देवगन और अपने बेटे से डिस्कस करती दिख रही हैं।

### शिमला का टर्शरी कैंसर सेंटर प्रधानमंत्री मोदी की देन: जयराम

**शिमला:** हिमाचल प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सोमवार को कहा कि इंदिरा गांधी चिकित्सा महाविद्यालय (आईजीएमसी) स्थित टर्शरी कैंसर सेंटर के निर्माण में सारा पैसा केंद्र सरकार का लगा है लेकिन उद्घाटन करने पहुंचें मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने केंद्र के बारे में एक भी अच्छा शब्द नहीं कहा। ठाकुर ने यहां अपने आधिकारिक आवास पर मीडिया के प्रतिनिधियों से बात करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हर दिन केंद्र सरकार को जी भर कर गाली देते हैं और केंद्र सरकार द्वारा वित्त पोषित योजनाओं का ही फीता भी काटते हैं। लेकिन केंद्र सरकार के सहयोग का आभार जताने के लिए दो शब्द भी नहीं कहते हैं। उन्होंने दावा किया कि आईजीएमसी स्थित टर्शरी कैंसर सेंटर के निर्माण में सारा पैसा केंद्र सरकार का लगा है लेकिन उद्घाटन करने पहुंचें मुख्यमंत्री ने केंद्र के बारे में एक भी अच्छा शब्द नहीं कहा। आईजीएमसी में अत्याधुनिक उपकरणों से लैस जिस कैंसर अस्पताल के भवन का लोकार्पण हुआ उसके भवन और उपकरणों के निर्माण के लिए केंद्र सरकार ने 56 करोड़ रुपए दिए।

### दुनिया बदल रही है, इनोवेशन पर जोर देने की जरुरत: हरिवंश

**रांची:** राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने कहा कि जिस तरह आज तकनीक की दुनिया निरंतर बदल रही है, ऐसे में इनोवेशन आज के दौर की महती आवश्यकता है इसलिए इसे अवसर में तब्दील करने और प्रोत्साहित करने की जरूरत है। हरिवंश ने सरला बिरला विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ जर्नलिज्म और मास कम्युनिकेशन द्वारा आयोजित व्याख्यान 'भावी दुनिया में भारत, विशेष संदर्भ: मीडिया की भूमिका' विषय पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर जीडी बिरला सभागार में कहा कि भारत अब अपनी पहचान बनाने में सक्षम है।

# पाकिस्तान: कराची में आंतकी हमला

## 2 चीनी इंजीनियरों की मौत, बलूच विद्रोहियों ने ली हमले की जिम्मेदारी

● कराची, एजेंसी

**पाकिस्तान** के कराची एयरपोर्ट के पास हुए एक विस्फोट में कम से कम 2 चीनी नागरिकों की मौत हो गई है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक इस घटना में एक चीनी नागरिक घायल भी है। हमले में कुल कितने लोग मरे हैं इसकी अभी जानकारी नहीं मिली है।

पाकिस्तान में स्थित चीन के दूतावास ने इसे एक आंतकी हमला बताया है। चीनी दूतावास ने अपने बयान में कई स्थानीय लोगों के घायल होने का भी जिक्र किया है। दूतावास ने कहा कि ये हमला सिंध प्रांत में एक बिजली प्रोजेक्ट पर काम कर रहे चीनी इंजीनियरों के काफिले को निशाना बनाकर किया गया। ऐंबैसी ने पाकिस्तान से इस हमले की जांच करने और अपराधियों को कड़ी सजा देने की मांग की है। चीनी ऐंबैसी ने कहा, हम पाकिस्तान के साथ मिलकर इस हमले के जो नतीजे सामने आए हैं उनको संभालने के लिए हर संभव कोशिश कर रहे हैं। पाकिस्तानी अलगाववादी आतंकवादी समूह बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। समूह का कहना है कि उन्होंने चीनी इंजीनियरों और निवेशकों के काफिले को अपना निशाना बनाया था।राची पुलिस के प्रवक्ता गुलाम महेसर ने कहा कि विस्फोट से एक टैंकर में आग लग गई, जिससे आस-पास मौजूद गई गाड़ियां जल गईं। धमाके वाला इलाका आमतौर पर



वीआईपी प्रोटोकॉल वाहनों के लिए इस्तेमाल किया जाता है। विस्फोट एयरपोर्ट से बाहर जाने वाली सड़क पर हुआ। फिलहाल अधिकारी घटना की जांच कर रहे हैं।पाकिस्तान के बलूचिस्तान में अगस्त में अलग-अलग आतंकी हमले में कम से कम 73 लोगों की मौत हो गई थी। इस हमले की जिम्मेदारी बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने ली थी। इसके बाद पाकिस्तानी आर्मी ने बयान जारी कर बताया कि बलूचिस्तान में जवाबी कार्रवाई में 21 आतंकियों को भी ढेर कर दिया। इसी साल मार्च में पाकिस्तान में चीन की मदद से बनाए जा रहे ग्वादर पोर्ट अथॉरिटी (जीपीए) पर आतंकी हमला हुआ था। ग्वादर के कॉम्प्लेक्स में कई धमाके और फायरिंग हुई। यहीं एक पासपोर्ट ऑफिस भी था, जो धमाके में तबाह हो गया। 8 आतंकी भी मारे गए थे। मारे गए आठों लोग बलूचिस्तान के प्रतिबंधित संगठन बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के थे।फरवरी में पाकिस्तान चुनाव से एक दिन पहले बलूचिस्तान में दो ब्लास्ट हुए।

पहला धमाका पिशिन शहर में हुआ। इसमें 12 लोगों की मौत हुई और 30 घायल हो गए। यह धमाका निर्दलीय उम्मीदवार असफंद यार खान काकड़ के ऑफिस के बाहर हुआ। धमाके के दौरान काकड़ दफ्तर में मौजूद नहीं थे।

# राहुल गांधी की मेहनत लाई रंग कार्यकर्ताओं में भरा जोश: सैलजा

### कहा- मुख्यमंत्री पद का फैसला कांग्रेस हाईकमान ही करेंगे

● चंडीगढ़,

**कांग्रेस** महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद कुमारी सैलजा ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में पार्टी की संभावित जीत का श्रेय लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को देते हुए कहा कि उनकी मेहनत रंग लाई है, उन्होंने कार्यकर्ताओं में नये जोश का संचार किया।

कुमारी सैलजा ने इस सवाल के जवाब में कि क्या प्रदेश में महिला-दलित मुख्यमंत्री होगा, कहा कि इसका फैसला हाईकमान ही तय करेगा। उन्होंने कहा कि पद पर दावा कोई भी कर सकता है पर फैसला हाईकमान ही लेता है। मीडिया से बातचीत में कुमारी सैलजा ने कहा कि इसमें कोई दो राय नहीं हरियाणा में बहुमत से कांग्रेस सरकार बनने जा रही है। इसके पीछे तीन फैक्टर है, एक गांधी ने धरातल पर मेहनत की है, यात्राओं के माध्यम से कार्यकर्ताओं में नये जोश और नयी ऊर्जा का संचार किया है, दूसरा भाजपा विरोधी लहर क्योंकि प्रदेश की जनता



भाजपा सरकार की गलत नीतियों से परेशान थी, जनता के पास कांग्रेस उचित विकल्प रहा। उन्होंने कहा कि तीसरा फैक्टर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मेहनत जिन्होंने एकजुट होकर पार्टी के लिये जमीन तैयार की।

हरियाणा में मुख्यमंत्री कौन होगा के जवाब में उन्होंने कहा कि वह पहले भी कह चुकी हैं, दावा चाहे कोई करे पर फैसला हाईकमान ही करेगा क्योंकि कांग्रेस में मुख्यमंत्री पद के चयन की एक प्रक्रिया होती है। क्या इस प्रक्रिया में कुमारी सैलजा भी शामिल है, पूछने पर उन्होंने कहा कि इसका फैसला भी हाईकमान करेगा। क्या सैलजा की पद पर दावेदारी रहेगी के जवाब में उन्होंने कहा कि ये दावेदारी शब्द मीडिया की देन है।

### रजौरी, सांबा में संदिग्ध आईईडी बरामद

**जम्मू:** सुरक्षा बलों ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर के राजौरी और सांबा जिलों में एक संदिग्ध शक्तिशाली विस्फोटक उपकरण (आईईडी), एक जंग लगी एंटी टैंक माइन और एक मोर्टार शेल बरामद किया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने नियमित गश्त के दौरान सरनू गांव में एक लिंक रोड पर एक संदिग्ध आईईडी बरामद किया। उन्होंने बताया कि बम निरोधक दस्ते को मौके पर भेजा गया और उसे निष्क्रिय कर दिया गया। सुरक्षाकर्मियों ने बताया कि एक अलग घटना में रीगल पोस्ट के पास अलग-अलग स्थानों पर ग्रामीणों द्वारा जंग लगी एंटी टैंक माइन और मोर्टार शेल पाए जाने के बाद उन्हें निष्क्रिय कर दिया गया। ग्रामीणों द्वारा निकटवर्ती बीएसएफ की चौकी और बारी ब्राह्मणा क्षेत्र में इसकी सूचना दी थी।

### दो बाइक की टक्कर, तीन की मौत

**दरभंगा:** बिहार में दरभंगा जिले के बहेड़ा थाना क्षेत्र में दो बाइक के बीच हुई टक्कर में तीन युवकों की मौत हो गयी तथा एक अन्य घायल हो गया। बेनीपुर अनुमंडल के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आशुतोष कुमार ने सोमवार को बताया कि बेनीपुर से बिरौल जाने वाली राजकीय उच्च पथ संख्या 56 पर मलिया चौक के समीप दो बाइक के बीच टक्कर हो गयी। इस घटना में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गयी तथा दो अन्य घायल हो गये। घायलों को दरभंगा मेडिकल कॉलेज अस्पताल (डीएमसीएच) में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान एक अन्य युवक की भी मौत हो गयी। एक अन्य युवक का इलाज चल रहा है। कुमार ने बताया कि मृतकों में दो युवक की पहचान हो गई है।

### वंदे भारत ट्रेन पर दूसरे दिन भी पथराव

**ऊना:** देश की प्रीमियम ट्रेन सेवाओं में से एक वंदे भारत ट्रेन पर हिमाचल प्रदेश के ऊना जिला में लगातार दो दिन पथराव करने की घटनाएं सामने आई है। जिला में शनिवार और रविवार लगातार दो दिन जिला में अलग-अलग जगह पर वंदे भारत ट्रेन पर पत्थरबाजी की गई है। हालांकि इस पथराव के दौरान ट्रेन में सफर कर रहे यात्रियों को किसी प्रकार का कोई नुकसान नहीं पहुंचा लेकिन पथराव के चलते ट्रेन के कई शीशे क्षतिग्रस्त हुए हैं। इस पथराव के पीछे साजिश या शरारत का मामला अब एक बड़ा प्रश्न बन गया है। शनिवार को जिला मुख्यालय के निकट स्थित गांव बसाल में वंदे भारत ट्रेन की चार बोगियों पर पत्थर मारे गए, जबकि रविवार को अंब में ट्रेन की दो बोगियों को निशाना बनाया गया।



सोमवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने नई दिल्ली में उपराष्ट्रपति एन्क्लेव में एक बैठक के दौरान उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की।

# 'अगले सत्र से पेपरलेस होगी राजस्थान विस'

### प्रत्येक विधायकों दिए जाएंगे एक-एक आईपैड : देवनानी

● उदयपुर,

**राजस्थान** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि अगले सत्र से प्रदेश की विधानसभा पूरी तरह से पेपरलेस होगी। इसके लिये तकनीकी कार्य चल रहे हैं।

देवनानी ने सोमवार को यहां सर्किट हाउस में पत्रकारों से कहा कि राजस्थान विधानसभा में कई नवाचार किये गये हैं, प्रत्येक विधायक की टेबल पर आईपेड सेट किये जा रहे हैं। इसके अलावा एक-एक आईपेड विधायकों को भी दिये जायेंगे, ताकि वे अपने निवास से भी सदन से जुड़े कार्य कर सकें। पेपरलेस व्यवस्था के तहत प्रश्न



लगाने, जवाब देने से लेकर सभी कार्य ऑनलाइन ही संपादित किये जायेंगे। इसके अलावा विधायकों द्वारा सदन में बोलने पर त्वरित रूप से उन्हें पेनड्राइव में प्रोसेडिंग भी उपलब्ध कराने की शुरुआत कर दी है।

उन्होंने अवगत कराया कि राजस्थान की विधानसभा तुलनात्मक दृष्टि से बहुत अच्छी तरह से संचालित हो रही है। गत सत्र में विधायकों की ओर से प्रस्तुत प्रश्नों में से 92 फीसदी से अधिक के जवाब प्रस्तुत किये जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि सभी विभागों के उच्चाधिकारियों को इसके लिये पत्र लिखें गये हैं, ताकि भविष्य में भी विधायकों के प्रश्नों का समय पर जवाब दिया जा सके। देवनानी ने कहा कि विधानसभा में कई समितियां बनी हुई हैं। इन समितियों को जवाबदेही बनाने पर फोकस किया जा रहा है। इसके लिये सभी संबंधितों की बैठक ली हैं तथा पत्र भी लिखे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब सदन नहीं चल रहा होता है, तब कई काम समितियों के अधीन होते हैं। हमारा उद्देश्य है कि समितियां की नियमित बैठकें हों, सदस्य उसमें शामिल हों, ताकि जनता से जुड़े मुद्दों और कार्यों को समय पर संपादन सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि सदन में सकारात्मक विषयों को बल देने के उद्देश्य से गत सत्र में नवाचार किया।

# भारत-मालदीव स्थानीय मुद्राओं में करेंगे कारोबार

### प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति मुइज्जू ने भारतीय सहयोग से निर्मित हानीमाधू अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के नये रनवे और 700 से अधिक आवास का उद्घाटन तथा मालदीव में रूपे कार्ड का किया शुभारंभ

● नई दिल्ली,

**भारत** और मालदीव ने अपने द्विपक्षीय सहयोग को 'समग्र आर्थिक एवं समुद्री सुरक्षा साझीदारी' के रूप में आगे बढ़ाने की घोषणा करने के साथ ही मुक्त व्यापार समझौते की दिशा में बातचीत शुरू करने और स्थानीय मुद्राओं में कारोबार करने का फैसला किया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के बीच सोमवार के यहां हैदराबाद हाउस में हुई द्विपक्षीय शिखर बैठक में ये निर्णय लिए गए। दोनों नेताओं ने भारतीय सहयोग से निर्मित हानीमाधू अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के नये रनवे और 700 से अधिक आवास का उद्घाटन किया तथा मालदीव में रूपे कार्ड का शुभारंभ किया। इस मौके पर दोनों देशों के बीच आपसी सहयोग के पांच समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर करके आदान-प्रदान किया गया जो रक्षा, भ्रष्टाचार निरोधक कार्यवाही, विधि क्षेत्र में क्षमता विस्तार तथा खेल एवं युवा मामलों के क्षेत्र को लेकर हैं।

बैठक के बाद समग्र आर्थिक एवं समुद्री सुरक्षा साझीदारी पर एक संयुक्त वक्तव्य जारी किया गया जिसमें कहा गया है कि भारत और मालदीव हिंद महासागर क्षेत्र में समान चुनौतियां साझा करते हैं जिनका दोनों देशों की सुरक्षा और विकास पर बहुआयामी प्रभाव पड़ता है। स्वाभाविक साझीदार के रूप में, वे भारत और मालदीव दोनों के लोगों के साथ-साथ बड़े हिंद महासागर क्षेत्र के लाभ के लिए समुद्री और सुरक्षा सहयोग को आगे बढ़ाने में मिलकर काम करने का संकल्प लेते हैं। मालदीव, अपने विशाल विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र के साथ, समुद्री डकैती, मछली पकड़ने, नशीली दवाओं की तस्करी और आतंकवाद सहित पारंपरिक और गैर-पारंपरिक समुद्री चुनौतियों का सामना कर रहा है। दोनों देश इस बात पर सहमत हुए कि भारत, एक विश्वसनीय और विश्वसनीय भागीदार के रूप में, मालदीव के साथ विशेषज्ञता साझा करने, क्षमताओं को बढ़ाने और मालदीव की जरूरतों और आवश्यकताओं के अनुसार संयुक्त उपाय करने के लिए मिलकर काम करेगा। डॉ. मुइज्जू ने द्विपक्षीय मुद्रा विनिमय समझौते के रूप में 40 करोड़ अमेरिकी डॉलर और 3000 करोड़ रुपये के सहयोग देने के भारत सरकार के फैसले की सराहना की, जो मालदीव की मौजूदा वित्तीय चुनौतियों से निपटने में सहायक है। दोनों नेता मालदीव को उसकी वित्तीय चुनौतियों से निपटने में समर्थन देने के लिए और उपाय लागू करने पर भी सहमत हुए हैं। इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने अपने वक्तव्य में कहा कि भारत और मालदीव के संबंध सदियों पुराने हैं। भारत, मालदीव का सबसे करीबी पड़ोसी और घनिष्ठ मित्र देश है। हमारी 'पड़ोसी प्रथम' की नीति और 'सागर' विज़न में मालदीव का महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने कहा कि भारत ने सदैव मालदीव के लिए सबसे पहले मददगार की भूमिका निभाई है। चाहे मालदीव के लोगों के लिए आवश्यक वस्तुओं की जरुरत पूरा करना हो, प्राकृतिक आपदा के समय पीने का पानी उपलब्ध कराना हो या कोविड के समय वैक्सीन देने की बात हो। भारत ने हमेशा अपने पड़ोसी होने के दायित्व को निभाया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज हमने आपसी सहयोग को रणनीतिक दिशा देने के लिए 'समग्र आर्थिक एवं समुद्री सुरक्षा साझीदारी' विज़न अपनाया है। विकास साझीदारी हमारे संबंधों का अहम स्तंभ है। हमने, इसमें हमेशा मालदीव के लोगों की प्राथमिकताओं को प्रमुखता दी है। इस वर्ष भारतीय स्टेट बैंक ने मालदीव के 10 करोड़ डॉलर के 'ट्रेजरी बिल्स'का रोल ओवर किया है।



सोमवार को नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में बैठक से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू।

संपादकीय

# 'बिस्सलेरी' पर बिफरे डीएम

**उत्तर** प्रदेश के बागपत में एक कार्यक्रम के दौरान डीएम बिसलेरी पानी की बोतल की जगह बिस्सलेरी की बोतल सामने आ गई। डीएम साहब को गुस्सा आ गया। छापेमारी कर हजारों नकली पानी की बोतलें जब्त कराईं और उन्हें बुलडोजर से नष्ट कर दिया गया। डीएम साहब का बिफरना जायज था। लेकिन डीएम साहब ने कर्मचारियों और अधिकारियों के खिलाफ क्या एक्शन लिया, जिन्होंने डीएम साहब के सामने नकली पानी की बोतल सर्व की, यह सामने नहीं आया है। क्या यह हैरत की बात नहीं है कि बाजार में धड़ल्ले से पानी की नकली बोतलें बिक रही हैं और बागपत प्रशासन को पता ही तब चला, जब डीएम साहब के सामने बोतल आई? पिछले दिनों कुट्टू के आटे की कचौरी और पकौड़ी खाने से मेरठ और बिजनौर के सैकड़ों लोग अस्पताल पहुंच गए। बागपत जिले में भी कुट्टू के आटे से बनी कचौरी खाकर पांच लोग बीमार होकर अस्पताल पहुंचे। कुट्टू का आटा कहां से आया था? किस दुकान से खरीदा गया था, यह अब तक सामने नहीं आया है। जहां तक पानी की बात है, बागपत के कई गांवों में पानी पीने योग्य नहीं है। 'बिस्सलेरी' का पानी इतना भी खराब नहीं होगा, जो पिया न जा सके? बागपत के जिले के करीब 150 गांव के लोग गंदा-पानी पीने को मजबूर हैं। हिंडन नदी के पानी फैक्ट्रीयों और सीवेज का वेस्ट मिलकर घर-घर तक पहुंच रहा है। बागपत शहर से करीब 20 किलोमीटर दूर बसे सर्फाबाद गांव हिंडन नदी के किनारे पर बसा है। पूरा गांव गंदे पानी की चपेट में है। लोगों को बीमारियां हो रही हैं, फसल खराब हो रही हैं और पक्षी मर रहे हैं। यह मामला नया नहीं है। पानी की परेशानी सालों से चली आ रही है। दूषित पानी पीने से सर्फाबाद गांव के 70 प्रतिशत लोग पथरी और 50 प्रतिशत लोग पेट व लीवर से जुड़ी बीमारीयों से जूझ रहे हैं। गंगौली जैसे गांव में खराब पानी की वजह से लोगों को कैंसर और लकवे की बीमारी हो रही है। गांव के गरीब लोग 'बिसलेरी' का तो क्या 'बिस्सलेरी' का पानी भी नहीं पी सकते। बागपत के डीएम साहब को गांवों में चल रही पानी की दिक्कत भी देखनी चाहिए। बेशक यह डीएम साहब की जिम्मेदारी है कि नकली पानी की बोतलें न बिकें, लेकिन जिम्मेदारी यह भी है कि लोगों का साफ पानी पीने को मिले। सवाल सिर्फ पानी का नहीं है, सवाल खाद्य पदार्थों में मिलावट का भी है। जैसे नकली पानी बिक रहा है, वैसे ही बाजार में न जाने कितनी मिलावटी खाद्या सामग्री बिक रही है, जो लोगों को बीमार कर रही है।

**सवाल खाद्य पदार्थों में मिलावट का भी है। जैसे नकली पानी बिक रहा है, वैसे ही बाजार में न जाने कितनी मिलावटी खाद्या सामग्री बिक रही है, जो लोगों को बीमार कर रही है।**

# इक्कीसवीं सदी में अंधविश्वास



**शाहीन सबा**

**एक** नौ साल का बच्चा अपने स्कूल के हॉस्टल में सोया हुआ था। तभी एक शिक्षक ने उसे गोद में उठाने की कोशिश की। इससे बच्चे की नींद खुल गई और उसने शोर मचा दिया। स्थिति बिगड़ती देख बच्चे का गला दबाने की कोशिश की गई। लेकिन शोर मचने की वजह से दूसरे बच्चे जाग गए और उस बच्चे की जान बच गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह घटना छह सितंबर की रात को हाथरस के डीएल पब्लिक स्कूल में हुई। कुछ दिन बाद इसी स्कूल के एक दूसरे छात्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उस 11 साल के बच्चे का शव स्कूल प्रबंधक की गाड़ी में मिला। हाथरस पुलिस ने बच्चे की हत्या के आरोप में स्कूल प्रबंधक दिनेश बघेल, उसके पिता यशोदन समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया। कई मीडिया रिपोर्ट्स में पुलिस के हवाले से बताया गया कि आरोपी यशोदन तांत्रिक क्रिया करता था। उसने स्कूल की तरक्की और कर्ज से उबरने के लिए बच्चे की बलि देने का फैसला लिया था। एक बच्चा तो उनके चंगुल से बच गया लेकिन कुछ दिन बाद एक दूसरे बच्चे की कथित तौर पर बलि दे दी गई। उसे गला दबाकर मार डाला गया।

उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में हुआ यह अपराध मानव बलि का पहला या इकलौता मामला नहीं है। देश के अलग-अलग हिस्सों से इस तरह के मामले सामने आते रहते हैं। एनसीआरबी के डेटा के मुताबिक, भारत में 2022 में मानव बलि के आठ मामले सामने आए थे। साल 2014 से 2022 तक नौ सालों में मानव बलि के कारण 111 लोगों की जान चली गई। इनमें बच्चे और बड़े दोनों शामिल थे। मानव बलि अंधविश्वास के चरम पर पहुंचने का उदाहरण है। मानव बलि देने वाले लोग बहुत अंधविश्वासी होते हैं। वे उस बारे में तर्क के साथ नहीं सोचते हैं। उन्हें बस लगता है कि नरबलि देने से उनकी इच्छा पूरी हो जाएगी, जबकि असल में ऐसा कुछ नहीं होता है। पहले ऐसी कहानियां ज्यादा सुनने को मिलती थीं। अंग्रेजों के जमाने में भारतीय ठेकेदार रेलवे लाइन या पुल बनाने से पहले नरबलि दिया करते थे। इसकी कई रिपोर्ट्स गजट में भी मिलती हैं। लेकिन अब ऐसे मामलों की संख्या काफी कम हो चुकी है।



**समृद्धि अंधविश्वास भी लेकर आती है। वजह अपना रुतबा, अपनी दौलत कायम रखने का लालच। जो जितना समृद्ध, वो उतना ही अंधविश्वासी। और फिर समृद्धि के पीछे भागता मध्यमवर्ग, इस मामले में क्यों पीछे रहेगा। इसलिए इन बाबाओं की पौ-बारह हैं। फिर क्यों न ये बाबा डायबिटीज से पीड़ित व्यक्ति को खीर खाने की सलाह देंगे।**

अवैज्ञानिक सोच का एक और उदाहरण है जादू टोना। अगर एक साल में नरबलि के 10 मामले सामने आते हैं तो जादू-टोने की वजह से लोगों को मार देने के मामले इसके 10 गुना ज्यादा होते हैं। एनसीआरबी के आंकड़े इस बात को सही साबित करते हैं। 2022 में जादू-टोने के चलते 85 लोगों की मौत हुई थी। 2021 में यह संख्या 68 थी। साल 2013 से 2022 तक दस सालों में जादू-टोने की वजह से 1,064 लोगों ने अपनी जान गंवाई। इसमें बड़ी संख्या उन महिलाओं की थी, जिन्हें डायन बताकर और जादू-टोना करने का आरोप लगाकर मार डाला गया। डायन प्रथा के चलते सबसे ज्यादा हत्याएं छत्तीसगढ़, ओडिशा, मध्य प्रदेश और झारखंड में होती हैं।

अंधविश्वासों का सर्वसम्मत वर्गीकरण संभव नहीं है। इनका नामकरण भी कठिन है। पृथ्वी शेषनाग पर स्थित है, वर्षा, गर्जन और बिजली इंद्र की क्रियाएं हैं, भूकंप की अधिष्ठात्री एक देवी है, रोगों के कारण प्रेत और पिशाच हैं, इस प्रकार के अंधविश्वासों को प्राग्वैज्ञानिक या धार्मिक अंधविश्वास कहा जा सकता है। अंधविश्वासों का दूसरा बड़ा वर्ग है मंत्र-तंत्र। इस वर्ग के भी अनेक उपभेद हैं। मुख्य भेद हैं रोग निवारण, वशीकरण, उच्चाटन, मारण आदि। विविध उद्देश्यों के पूर्त्यर्थ मंत्र प्रयोग प्राचीन तथा मध्य काल में सर्वत्र प्रचलित था। मंत्र द्वारा रोग निवारण अनेक लोगों का व्यवसाय था। विरोधी और उदासीन व्यक्ति को अपने वश में करना या दूसरों के वश में करवाना मंत्र द्वारा संभव माना जाता था। उच्चाटन और मारण भी मंत्र के विषय थे। मंत्र का व्यवसाय करने वाले दो प्रकार के होते थे-मंत्र में विश्वास करने वाले, और दूसरों को ठगने के लिए मंत्र प्रयोग करने वाले।

असल में भारत में केंद्रीय स्तर पर अंधविश्वास के खिलाफ कोई कानून मौजूद नहीं है। लेकिन कई राज्यों ने अपने स्तर पर इसके खिलाफ कानून बनाए हैं। महाराष्ट्र, कर्नाटक और गुजरात में मानव बलि, काला जादू और अमानवीय दुष्ट प्रथाओं को खत्म करने के लिए कानून बनाए गए हैं। वहीं बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा, राजस्थान और असम में डायन प्रथा को रोकने के लिए कानून मौजूद हैं। हालांकि, यह सवाल जरूर उठता है कि ये कानून जमीनी स्तर पर किस हद तक लागू हुए हैं और कितने कारगर हैं।महाराष्ट्र में 2013 में जादू-टोना विरोधी कानून बना। उस समय राज्य में कांग्रेस और एनसीपी की सरकार थी। तब इस कानून को लागू करने और इसके प्रचार-प्रसार के लिए एक समिति गठित की गई थी। लेकिन राज्य में भाजपा सरकार आने पर इसका काम रोक दिया गया। 2019 में सरकार बदली तो काम शुरू होते-होते कोविड आ गया। फिर 2022 में दोबारा से सत्ता परिवर्तन हो गया। तब से उस समिति का काम पूरी तरह से बंद हैं।

भारत के कई प्रमुख टीवी चैनल और समाचार चैनलों पर दरबार लगा है। बड़ी संख्या में भक्तों के बीच चमत्कारी शक्तियों का दावा करने वाले शख्स सिंहासन पर विराजमान हैं। लोग प्रश्न पूछते हैं और बाबा जवाब देते हैं। सामान्य परेशानी वाले सवालों के असामान्य जवाब। एक छात्रा पूछती है, बाबा मैं आर्ट्स लूं, कॉमर्स लूं या फिर साइंस। बाबा कहते हैं- पहले ये बताओ आखिरी बार रोटी कब बनाई है, रोज एक रोटी बनाना शुरू कर दो। एक और हताश और परेशान व्यक्ति पूछता है, बाबा नौकरी कब मिलेगी। बाबा कहते हैं क्या कभी सांप मारा है या मारते हुए देखा है। ये है निर्मल बाबा का दरबार। जनता मस्त है और बाबा भी। बाबा की झोली लगातार भर रही है। बाबाओं को लेकर भारतीय जनता का प्रेम नया नहीं है। कभी किसी बाबा की धूम रहती है तो कभी किसी बाबा की। कभी

ये बाबा भी बड़ी सोच-समझकर ऐसे लोगों को अपना लक्ष्य बनाते हैं, जो असुरक्षित हैं। आस्था और अंधविश्वास के बीच बहुत छोटी लकीर होती है, जिसे मिटाकर ऐसे बाबा अपना काम निकालते हैं। लेकिन नौकरी के लिए तरसता व्यक्ति या फिर बेटी की शादी न कर पाने में असमर्थ कोई गरीब इन बाबाओं का टारगेट नहीं। इनका टारगेट हैं मध्यमवर्ग, जो बड़े-बड़े स्टार्स और व्यापारिक घराने के लोगों की ऐसी श्रद्धा देखकर इन बाबाओं की शरण में आ जाता है। बच्चन हों या अंबानी, राजनेता हों या नौकरशाह-इन बड़े लोगों ने जाने-अनजाने में इस अंधविश्वास को बल दिया है। ऐश्वर्या राय की शादी के समय अमिताभ बच्चन का ग्रह-नक्षत्रों को खुश करने के लिए मंदिरों का दौरा, अंबानी बंधुओं में दरार पाटने के लिए मोरारी बापू को मिली अहमियत। चुनाव जीतने के लिए बाबाओं के चक्कर लगाते नेता।

दरअसल समृद्धि अंधविश्वास भी लेकर आती है। वजह अपना रुतबा, अपनी दौलत कायम रखने का लालच। जो जितना समृद्ध, वो उतना ही अंधविश्वासी। और फिर समृद्धि के पीछे भागता मध्यमवर्ग, इस मामले में क्यों पीछे रहेगा। इसलिए इन बाबाओं की पौ-बारह हैं। फिर क्यों न ये बाबा डायबिटीज से पीड़ित व्यक्ति को खीर खाने की सलाह देंगे। आखिर हमारी मानसिकता ही तो ऐसे तथाकथित चमत्कारियों को मनुष्येतर और संपन्न बना रही है।

पाठकवाणी

## अलविदा ट्राम! कहना मुनासिब नहीं

**कोलकता** पूर्वी भारत की धड़कन और गिरमिटिया श्रम साधकों की कर्मभूमि। 1911 के पूर्व देश की राजधानी। अंग्रेजी हुकूमत का गढ़, तो 19 वीं सदी के सामाजिक-धार्मिक आंदोलन का केंद्र। मां, माटी और मानुष की भूमि। कई थातियों को संजोए। मेट्रो और ट्राम जिसकी थी शान। लेकिन अफसोस एवं विडम्बना की ममता बनर्जी सरकार ने कोलकाता में ट्रम को परिवहन के साधन से हटा कर सिर्फ विरासत के रूप में सीमित कर दिया है, जो सरकार की एक अदूरदर्शिता पूर्ण कदम है। सरकार का तर्क है कि कोलकाता की सड़कों पर यातायात जाम लगने का कारण ट्राम है। लेकिन शहर नियोजकों एवं विशेषज्ञों की माने तो कोलकाता की सड़कों पर जाम लगने का कारण ट्राम नहीं है। जाम का असल कारण बे-तरतीब स्ट्रीट वेंडर, हाकर्स, यत्र-तत्र पार्किंग, ऑटो, बस और निजी वाहनों की अनियंत्रित भीड़ है। यानी कारण कुछ और है, निदान कुछ और ढूढ़ा जा रहा है। गौरतलब तो है कि कोलकाता देश का आखिरी शहर था, जहां ट्राम 24 फरवरी 1873 से चल रहा था। अब भला ममता दीदी को कौन समझाए कि ट्राम कोलकाता की सामाजिक-सांस्कृतिक विरासत रही है। चाहे बांग्ला या बॉलीवुड फिल्मों में दर्शाया जाना वाला शूटिंग हो या कवि जीवनानंद दास की वनलता द ट्राम हेरिटेज रूट हो। ट्राम ने हर जगह अपनी पहचान छोड़ी है, लेकिन आज अब?

-**डॉ. हर्ष वर्द्धन**, पटना, बिहार

कुछ खास



भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा जी को यह जानकारी होनी चाहिए कि हम संघीय ढांचे के तहत काम कर रहे हैं। राज्य से टैक्स वसूल कर ही केंद्र की तिजोरी भरती है। हम किसी की दया पर निर्भर नहीं हैं, हम तो केवल अपना हक मांग रहे हैं।

-**सुखविंदर सिंह सुक्खु**, हिमाचल के मुख्यमंत्री

आज का ट्वीट



'' नीतीश चाहे एनडए के साथ रहें या महागठबंधन के, 20 सीटें भी नहीं मिलेंगी। नीतीश चुनाव तक बिहार का नेतृत्व करते रहें, इससे अधिक फायदा जनसुराज को ही होगा।'' -**प्रशांत किशोर**, जन सुराज अध्यक्ष

साइबरवर्ल्ड

## अब महाराष्ट्र की बारी?

10 वर्षों का भारतीय जनता पार्टी का शासन, किसान आंदोलन के दौरान अन्नदाताओं के साथ हुई शासन की ज़्यादतियां, महिला पहलवानों के साथ दुर्व्यवहार, विनेश फेक्टर समेत कई मुद्दे एक तरफ, तो दूसरी ओर राहुल गांधी का अपने दम पर किया गया प्रचार हरियाणा में कांग्रेस को बड़ी जीत की दहलीज पर खड़ा दिखला रहा है। इसके लिये मतदान शनिवार को हुआ था। ज्यादातर एक्जिट पोल साफ बता रहे हैं कि राहुल गांधी ने वहां जो आंधी चलाई थी, वह भाजपा समेत अन्य सारे दलों को उड़ा ले जायेगी। हरियाणा में जारी मतदान के बीच राहुल ने शनिवार को ही महाराष्ट्र में जो चुनावी प्रचार का बिगुल फूंका है, उसी से सवाल उठ रहा है कि क्या अब महाराष्ट्र की बारी है? सवाल इस सन्दर्भ में है कि यहां भी भारतीय जनता पार्टी को बहाकर ले जाने की तैयारी में कांग्रेस है; वैसे यहां आंधी या तूफान नहीं, सुनामी की बात कही जा रही है। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को मिली सफलता उसका ट्रेलर था। हरियाणा में कांग्रेस के सामने कई तरह के अवरोध थे। पहला तो यह कि यहां भूपेन्द्र सिंह हुड्डा और सैलजा कुमारी के बीच मनमुटाव। वे राहुल ही थे जिन्होंने नूंह की सभा में दोनों के हाथ मिलवा कर पार्टी के एकजुट होने का संदेश दिया। विधानसभा में सीटों की संख्या के लिहाज से महाराष्ट्र, हरियाणा के मुकाबले तीन गुना बड़ा है। हरियाणा में 90 सीटें हैं, तो महाराष्ट्र में 288। जाहिर है कि यहां मुकाबला भी बड़ा है। यहां भाजपा ने उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में चल रही शिवसेना और शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की कांग्रेस के साथ चल रही सरकार को गिराकर नेशनल डेमोक्रेटिक पार्टी की सरकार बनाई थी। इसमें शिवसेना के एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री तथा एनसीपी के अजित पवार को उप मुख्यमंत्री बनाया गया। स्वयं देवेन्द्र फडणवीस भी उप मुख्यमंत्री हैं। इसके कारण जनता तो नाराज है ही, भाजपा के अपने भीतर असंतोष है। यहां के सामान्य नागरिक अब भी ठाकरे की शिवसेना तथा शरद पवार की एनसीपी को असली मानते हैं- बेशक अदालती फैसले शिंदे और अजित पवार के पक्ष में गये हों। एनडीए कमजोर स्थिति में है।

-**पलाश सुरजन** की फेसबुक वॉल से

अमृतवाणी

## समय बीत जाएगा

**एक** बार एक राजा की सेवा से प्रसन्न होकर एक साधू नें उसे एक ताबीज दिया और कहा की राजन इसे अपने गले मे डाल लो और जिंदगी में कभी ऐसी परिस्थिति आए कि जब तुम्हें लगे की बस अब तो सब खतम होने वाला है, तब इस ताबीज को खोल कर इसमें रखे कागज को पढ़ना, उससे पहले नहीं! राजा ने वह ताबीज अपने गले में पहन लिया! एक बार राजा अपने सैनिकों के साथ शिकार करने घने जंगल मे गया! एक शेर का पीछा करते-करते राजा अपने सैनिकों से अलग हो गया और दुश्मन राजा की सीमा में प्रवेश कर गया, घना जंगल और शाम का समय, तभी कुछ दुश्मन सैनिकों के घोड़ों की टापों की आवाज राजा को आई और उसने भी अपने घोड़े को एड़ लगाई, राजा आगे-आगे दुश्मन सैनिक पीछे-पीछे! बहुत दूर तक भागने पर भी राजा उन सैनिकों से पीछा नहीं छुडा पाया! भूख-प्यास से बेहाल राजा को तभी घने पेड़ों के बीच में एक गुफा सी दिखी, उसने तुरंत स्वयं और घोड़े को उस गुफा की आड़ में छुपा लिया और सांस रोक कर बैठ गया, दुश्मन के घोड़ों के पैरों की आवाज धीरे-धीरे पास आने लगी! दुश्मनों से घिरे हुए अकेले राजा को अपना अंत नजर आने लगा, उसे लगा की बस कुछ ही क्षणों में दुश्मन उसे पकड़ कर मौत के घाट उतार देंगे! वो जिंदगी से निराश हो ही गया था कि उसका हाथ अपने ताबीज पर गया और उसे साधू की बात याद आ गई! उसने तुरंत ताबीज को खोल कर कागज को बाहर निकाला और पढ़ा! उस पर्ची पर लिखा था–यह समय भी बीत जाएगा। राजा को जैसे घोर अन्धकार में एक ज्योति की किरण दिखी। उसे लगा की सचमुच यह बुरा समय भी कट ही जाएगा। हुआ भी यही, दुश्मन के घोड़ों के पैरों की आवाज पास आते-आते दूर जाने लगी। कुछ समय बाद वहां शांति छा गई! राजा रात में गुफा से निकला और किसी तरह अपने राज्य में वापस आ गया!



तीखी नजर

## मस्त मौसम आया बाढ़ का



विनोद कुमार विक्की

**अ**तिवृष्टि से उत्पन्न बाढ़ का मौसम, जिस मौसम में स्थलीय जीव भी उभयचर प्रवृत्ति का आचरण करने लगते हैं। ऐसे स्थलीय जीव को आकाशीय कैमरों से जलीय जीव की तरह जीवन यापन करते देखा जा सकता है। चुनाव प्रचार के बाद माननीयों के लिए यह दूसरा मौका होता है जब उन्हें हेलीकॉप्टर से हवाई सर्वेक्षण करने का सौभाग्य प्राप्त होता है। मानसून सत्र के दौरान तड़ित अथवा ठनका से ज्यादा विपक्ष का गर्जन सुनाई देता है। संसद अथवा विधानमंडल के अन्य सत्रों के दौरान दादुर की तरह शीत निष्क्रियता का अनुपालन करने वाला विपक्ष बाढ़ के मौसम में बांध अथवा बाढ़ के स्थायी विकल्प के नाम पर सरकार पर हमलावर हो जाता है। बाढ़ ग्रस्त इलाकों में नाव से ज्यादा हेलीकॉप्टर को उड़ते हुए देखा जाता है। टीआरपी की लालसा से अभिप्रेरित इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार जलजमाव में डूब-डूब कर पत्रकारिता धर्म का निर्वाह करते हुए दिखाई देते हैं।

ऐसा नहीं है कि अतिवृष्टि अथवा बाढ़ से सिर्फ और सिर्फ जान-माल का नुकसान होता है, बल्कि प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से इसके कई फायदे भी हैं। भ्रष्टाचार के वाहक नेताओं और अफसरों के लिए आपदा एक अवसर की तरह होता है। अमूमन प्रति वर्ष आने वाला बाढ़ की आपदा अवधि ऐसे महामानव के लिए अमृतकाल की तरह होता है। जिसमें वे कागजी कार्रवाई के तहत राहत के नाम पर आँकड़ों का सुडोकू खेल लेते हैं। इस मौसम में हर घर नल-जल की फेल हो चुकी सरकारी योजना प्राकृतिक रूप से साकार हो जाती है। बाढ़ के दौरान वैसे घरों तक भी पानी पहुंच जाता है, जहां सरकारी हर घर जल योजना के तहत पानी नहीं पहुंच पाया हो। जल जमाव से निर्मित नेचुरल वाटर पार्क में बच्चे स्वीमिंग का प्राकृतिक आनंद लेते दिख जाते हैं।

रील्स-मीम्स क्रिएटर्स बालाओं को भीग-भीग कर ठुमका लगाने एवं सोशल मीडिया पर वीडियो अपलोड करके चार लाइक और दो पैसे कमाने का अवसर प्राप्त हो जाता है। बाढ़ के मौसम में न्यूज चैनल को मसालेदार शीर्षकों और दृश्यों के साथ प्राकृतिक न्यूज मिल जाता है। जरूरतमंद से ज्यादा संपन्न अथवा अप्रभावित या आंशिक रूप से प्रभावित मासूम जनता सरकारी योजनाओं का लाभ पाने को आतुर दिखाई देता है। हम साथ साथ हैं का दंभ करने वाले परिवार भी हम आपके हैं कौन की तरह प्रत्येक सदस्यों के लिए अलग-अलग राहत सामग्री का डिमांड करते एवं हो-हंगामा मचाते आसानी से देखे जा सकते है। गंगा मैया, कोसी मैया,गंडक माता स्वयं भक्तों के घर में पधारती और उन्हें धन्य करती हैं।

बहरहाल प्रकृति के विरुद्ध जाकर कच्चे बांधों के स्थान पर कृत्रिम पक्का बांध बनवा कर बाढ़ रोकने का स्थाई उपाय भी किया जा सकता है किंतु बाढ़ के उपरोक्त लोक कल्याणकारी फायदों को देखते हुए यह निर्णय समीचीन प्रतीत नहीं होता, साथ ही बाढ़ राहत योजनाओं के नाम पर जन और जन प्रतिनिधि को प्राप्त होने वाले अवसर और लाभ की हकमारी साबित हो सकता है।

नजरिया

# बढ़ते गर्मी के दिन, बढ़तीं परेशानियां



**पंकज चतुर्वेदी**

**वा**यु सेना के शो के दौरान चेन्नई में तेज गर्मी के चलते छह लोग मारे गए और 100 से अधिक बीमार हो गए। बस्तर में कभी दशहरे के पास का मौसम बहुत सुहाना होता था, आज वहां तापमान 35 के पार है और गर्मी की चुभन 40 जैसी। अभी एक हफ्ते पहले ही उत्तर पूर्वी राज्यों में सबसे भीगा और पसंदीदा मौसम कहलाने वाले समय में गुवाहाटी समेत कई जिलों में स्कूल बंद करने पड़े, क्योंकि तापमान 45 से पार हो गया। उत्तराखंड में देहरादून में अधिकतम तापमान 35 डिग्री और पंतनगर का अधिकतम तापमान 37.2 होना असामान्य है। कश्मीर मौसमी तपिश लोगों को बेहाल किए है। यहां इस मौसम के तापमान से कोई 6.6 डिग्री अधिक गर्मी दर्ज की गई है और हालात लू जैसे हैं। कुपवाड़ा में 33.3, पहलगाम में 29.5 और गुलमर्ग में 23.6 तापमान असहनीय सा है। हिमाचल प्रदेश में सितंबर के महीने में जून सी गर्मी है। ऊना समेत प्रदेश के पांच जिलों में तापमान 35 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है। मंगलवार को ऊना का तापमान 38 डिग्री को पार कर गया। जबकि कांगड़ा, मंडी, चंबा और बिलासपुर में भी तापमान 35 डिग्री पर पहुंच रहा है। सामान्य तौर पर सितंबर माह में हल्की सर्दी का दौर शुरू हो जाता है। लेकिन इस बार गर्मी का असर देखने को मिल रहा है। शिमला में भी तापमान 28 डिग्री सेल्सियस बना हुआ है। जो सामान्य से कहीं अधिक है।

यह संभलने की व्यक्त है, क्योंकि जलवायु परिवर्तन का असर सबसे संवेदनशील नैसर्गिक स्थल-हिमाचल की गोद में अब गहरा होता जा रहा है। गर्मी से लोगों की सेहत पर तो बुरा असर हो ही रहा है, लगातार गर्मी ने पानी की मांग बढ़ाई और संकट भी। सबसे बड़ी बात गर्मी से शुद्ध पेयजल की उपलबद्धता घटी है। प्लास्टिक बोतलों में बिकने वाला पानी हो या फिर आम लोगों द्वारा सहेज कर रखा गया जल, तीखी गर्मी ने प्लास्टिक बोतल में उबाल गए पानी के जहर बना दिया। पानी का तापमान बढ़ना तालाब-नदियों की सेहत खराब कर रहा है। एक तो वाष्पीकरण तेज हो रहा है, दूसरा पानी अधिक गरम होने से जल में विकसित होने वाले जीव-जन्तु और वनस्पति मर रहे हैं।

तीखी गर्मी भोजन की पौष्टिकता की भी दुश्मन है। तीखी गर्मी में गेंहू, कहने के दाने छोटे हो रहे हैं और उनके पौष्टिक गुण घट रहे हैं। वैसे भी तीखी गर्मी में पका हुआ खान जल्दी सड़-बुस रहा है। फल-सब्जियां जल्दी खराब हो रही हैं। खासकर गर्मी में आने वाले वे फल जिन्हें केमिकल लगा कर पकाया जा रहा है, इतने उच्च तापमान में जहर बन रहे हैं और उनका सेवन करने वालों के अस्पताल का बिल बढ़ रहा है। इस बार की गर्मी की एक और त्रासदी है कि इसमें रात का तापमान कम नहीं हो रहा, चाहे पहाड़ हो या मैदानी महानगर, बीते दो महीनों से न्यूनतम तापमान सामन्य से पांच डिग्री तक अधिक रहा ही है। खासकर सुबह चार बजे भी लू का एहसास होता है और इसका कुप्रभाव यह है कि बड़ी आबादी की नींद पूरी नहीं हो पा रही। खासकर स्लम, नायलॉन आदि के किनारे रहने वाले मेहनतकश लोग उनींदे से सारे दिन रहते हैं और इससे उनकी कार्य क्षमता पर तो असर हो ही रहा है, शरीर में कई विकार या रहे हैं। जो लोग सोचते हैं कि वातानुकूलित संयत्र से वे इस गर्मी की मार से सुरक्षित हैं, तो यह बड़ा भ्रम है। लंबे समय तक एयर कंडीशनर वाले कमरों में रहने से शरीर की नस-नाड़ियों में संकुचन, मधुमेह और जोड़ों के दर्द का खामियाजा ताजिंदगी भोगना पड़ सकता है।

**मौसम के बदलते मिजाज को जानलेवा हद तक ले जाने वाली हरकतें तो इंसान ने ही की हैं। फिर यह भी जान लें कि प्रकृति की किसी भी समस्या का निदान हमारे अतीत के ज्ञान में ही है, कोई भी आधुनिक विज्ञान इस तरह की दिक्कतों का हाल नहीं खोज सकता।**



मार्च-24 में संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) ने भारत में एक लाख लोगों के बीच सर्वे कर एक रिपोर्ट में बताया है कि गर्मी/लू के कारण गरीब परिवारों को अमीरों की तुलना में पांच फीसदी अधिक आर्थिक नुकसान होगा। चूंकि आर्थिक रूप से सम्पन्न लोग बढ़ते तापमान के अनुरूप अपने कार्य को ढाल लेते हैं, जबकि गरीब ऐसा नहीं कर पाते। भारत के बड़े हिस्से में दूरस्थ अंचल तक लगातार बढ़ता तापमान न केवल पर्यावरणीय संकट है, बल्कि सामाजिक-आर्थिक त्रासदी-असमानता और संकट का कारक भी बन रहा है। यह गर्मी अकेले शरीर को नहीं प्रभावित कर रही, इससे इंसान की कार्यक्षमता प्रभावित होती है, पानी और बिजली की मांग बढ़ती है, उत्पादन लागत भी बढ़ती है।

सवाल यह है कि प्रकृति के इस बदलते रूप के सामने इंसान क्या करे? यह समझना होगा कि मौसम के बदलते मिजाज को जानलेवा हद तक ले जाने वाली हरकतें तो इंसान ने ही की हैं। फिर यह भी जान लें कि प्रकृति की किसी भी समस्या का निदान हमारे अतीत के ज्ञान में ही है, कोई भी आधुनिक विज्ञान इस तरह की दिक्कतों का हाल नहीं खोज सकता। आधुनिक ज्ञान के पास तात्कालिक निदान और कथित सुख के साधन तो हैं लेकिन कुपित कायनात से जूझने में वह असहाय है। अब समय आ ही गया कि इंसान बदलते मौसम के अनुकूल अपने कार्य का समय, हालात, भोजन, कपड़े आदि में बदलाव करे। खासकर पहाड़ों पर विकास और पर्यटन दो ऐसे मसले हैं, जिन पर नए सिरे से विचार अकरण होगा शहर के बीच बहने वाली नदियां, तालाब, जोहड़ आदि यदि निर्मल और अविरल रहेंगे तो बढ़ी गर्मी को सोखने में सक्षम होंगे। खासकर बिसरा चुके कुएं और बावड़ियों को जिलाने से जलवायु परिवर्तन की इस त्रासदी से बेहतर तरीके से निबटा जा सकता है। आवासीय और कार्यालयों के निर्माण की तकनीकी और सामग्री में बदलाव, सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा, बहुमंजिला भवनों का ईको फ्रेंडली होना, ऊर्जा संचयन, शहरों के तरफ पलायन रोकना, ऑर्गेनिक खेती सहित कुछ ऐसे उपाय हैं, जो बहुत कम व्यय में देश को भट्टी बनने से बचा सकते हैं।

## सार संक्षेप

### ब्रूनो विश्व कप क्वालीफायर के लिए ब्राजील की टीम में शामिल




**रियो डी जेनेरियो** : फ्लैमेंगो डिफेंडर फैब्रिसियो ब्रूनो को चिली और पेरू के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर के लिए ब्राजील की टीम में शामिल किया गया है। ब्राजील फुटबॉल परिसंघ (सीबीएफ) ने बताया कि 28 वर्षीय खिलाड़ी रियल मैड्रिड के सेंटर-बैक एडर मिलिटाओ की जगह लेंगे जिन्हें मांसपेशियों में खिचाव के कारण मैचों बहार होना पड़ा है। मिलिटाओ चोट के कारण ब्राजील की टीम से बाहर किए जाने वाले पांचवें खिलाड़ी हैं। इससे पहले रविवार को सीबीएफ ने घोषणा की थी कि गर्दन की समस्या के कारण रियल मैड्रिड के फॉरवर्ड विनीसियस जूनियर के हटने के बाद फुलहम के मिडफील्डर एंड्रियास परेरा को टीम में शामिल किया गया। हाल के दिनों में टीम से बाहर किए गए अन्य खिलाड़ियों में जुवेंटस के सेंट्रल डिफेंडर ब्रेमर, एटलेटिको माइनिरो के लेफ्ट बैक गिलहर्मे अराना और लिवरपूल के गोलकीपर एलिसन शामिल हैं। ब्राजील 10 अक्टूबर को सैंटियागो में चिली से और पांच दिन बाद ब्रासीलिया में पेरू से भिड़ेगा। पांच बार के विश्व चैंपियन ब्राजील वर्तमान में दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग ग्रुप में पांचवें स्थान पर हैं और उसने पहले आठ मैचों में से केवल तीन जीते हैं। चिली और पेरू क्रमशः नौवें और 10वें स्थान पर हैं।

### श्रीलंका के प्रमुख कोच बने जयसूर्या



**कोलंबो** : सनथ जयसूर्या को 2026 टी-20 विश्व कप तक श्रीलंकाई पुरुष टीम का प्रमुख कोच बनाया गया है। श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने अंतरिम कोच जयसूर्या की अगवाई में टीम के अच्छे प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें स्थाई कोच बनाने का फैसला किया है। एसएलसी की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि श्रीलंका क्रिकेट की एग्जेक्यूटिव कमेटी ने टीम के बेहतरीन प्रदर्शन को आधार मानते हुए ये निर्णय लिया है। जयसूर्या के अंतरिम कोच रहते हुए टीम ने भारत, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के खिलाफ शानदार जीत दर्ज की है। पिछले कुछ महीने में जयसूर्या की कोचिंग में श्रीलंका ने 27 साल बाद भारत के एकदिवसीय सीरीज जीती, उसके बाद इंग्लैंड के खिलाफ इंग्लैंड में 10 साल बाद टेस्ट में जीत हासिल की और फिर अभी भी न्यूजीलैंड को टेस्ट सीरीज में 2-0 से हराते हुए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में जगह बनाने की उम्मीदों को जिंदा रखा है। जयसूर्या का ये पहला कोचिंग अनुभव है। इससे पहले जयसूर्या श्रीलंकाई टीम के साथ मुख्य चयनकर्ता के तौर भी कार्यभार संभाल चुके हैं। प्रमुख कोच के तौर पर जयसूर्या का पहली परीक्षा दंबुला और पल्लेकेले में होने वाले वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू सफेद गेंद सीरीज में होगा।

### डीडी स्पोर्ट्स, फैनकोड के साथ द्विपक्षीय हॉकी सीरीज का होगा प्रसारण

**नई दिल्ली** : डीडी स्पोर्ट्स, फैनकोड के साथ मिलकर भारत और जर्मनी के बीच 23 और 24 अक्टूबर को मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में होने वाली दो मैचों की बहुप्रतीक्षित द्विपक्षीय हॉकी श्रृंखला का प्रसारण करेगा। फैनकोड और डीडी स्पोर्ट्स के संयुक्त प्रसारण से इस हॉकी मैच श्रृंखला को देशभर में देखा जा सकेगा। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप टिर्की ने कहा कि हॉकी इंडिया नेशनल चैंपियनशिप के जरिए फैनकोड के साथ हमारी साझेदारी बहुत उपयोगी रही है। उन्होंने हॉकी को देश भर के खेल प्रशंसकों के लिए और अधिक सुलभ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। भारत बनाम जर्मनी श्रृंखला को भारत के सबसे बड़े खेल चैनलों में से एक डीडी स्पोर्ट्स पर प्रसारित करने के साथ-साथ उनके प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम किया जाना है।

# शान और शफीक के शतक आखिरी सत्र में इंग्लैंड की वापसी

### पहले दिन पाकिस्तान ने चार विकेट पर बनाए 328 रन




**मुल्तान,** : शान मसूद के शानदार (151) और अब्दुल्लाह शफीक (102) की शतकीय पारियों के दम पर पाकिस्तान ने सोमवार को शुरु हुये टेस्ट मैच के पहले दिन खेल समाप्त होने तक चार विकेट पर 328 रन बना लिए हालांकि आखिरी सत्र में तीन विकेट झटकर इंग्लैंड ने मैच में की वापसी। एक समय पाकिस्तान चायकाल तक एक विकेट पर 233 रन बनाकर बड़े स्कोर की ओर बढ़ रहा था, आखिरी सत्र में इंग्लैंड ने वापसी करते हुए मैच में पाकिस्तान के तीन विकेट झटक लिए। 60वें ओवर में गस ऐटकिंसन ने अब्दुल्लाह शफीक (102) को आउट कर दूसरे विकेट के लिए हुई 253 रनों साझेदारी को तोड़ा। 64वें ओवर में जैक लीच ने शान मसूद (151) को अपनी ही गेंद पर कैच आउटकर पवेलियन भेज दिया। बतौर कप्तान शान मसूद ने अपने टेस्ट करियर का पहला शतक लगाया है। खिलाड़ी के रूप में यह उनका 5वां टेस्ट शतक है। दूसरी तरफ अब्दुल्ला शफीक ने अपने शतक (102) रनों के लिए 184 गेंदों का सामना किया। इसके बाद बाबर आजम (30) को वोक्स ने पगबाधा आउट कर दिया। पाकिस्तान ने आज तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला के पहले मुकाबले में इंग्लैंड के खिलाफ टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और पांचवें ओवर में गस ऐटकिंसन ने सैम अयूब (चार) को विकेटकीपर स्मिथ के हाथों कैच आउट कराकर इंग्लैंड को पहली सफलता दिलाई। खेल समाप्ति के समय शकील (नाबाद 35) और नसीम शाह शून्य पर नाबाद रहे। इंग्लैंड के गेंदबाजों ने मैच के आखिरी सत्र में तीन विकेट और निकालकर पाकिस्तान को बड़े स्कोर से रोकने का प्रयास किया। इंग्लैंड की ओर गस ऐटकिंसन ने 15 ओवर में 70 रन देकर दो विकेट लिए।

# दीपा ने जिम्नास्ट को कहा अलविदा

**महिला आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक में दीपा की उपलब्धियां**

- एशियन चैंपियनशिप-2024 में गोल्ड
- वर्ल्ड कप 2018 में गोल्ड
- वर्ल्ड कप 2018 में ब्रॉन्ज
- एशियन चैंपियनशिप 2015 में ब्रॉन्ज
- कॉमनवेल्थ गेम्स 2014 में ब्रॉन्ज



● नई दिल्ली, वार्ता

**भारतीय** खेल जगत से फैन्स को निराश करने वाली एक खबर आई है। स्टार जिम्नास्ट दीपा कर्माकर ने संन्यास का ऐलान कर दिया है। दीपा ने रियो ओलंपिक 2016 में दमदार प्रदर्शन किया था, लेकिन वो चौथे नंबर पर रहकर मेडल जीतने से चूक गई थीं।

तब दीपा ओलंपिक में शिरकत करने वाली भारत की पहली महिला जिम्नास्ट बनी थीं। दीपा रियो ओलंपिक की वॉल्ट स्पर्धा में सिर्फ 0.15 अंक से ब्रॉन्ज मेडल जीतने से चूक गई थीं। दीपा को 2016 में खेल रत्न अवॉर्ड भी मिला था। इसके अगले ही साल यानी 2017 में उन्हें पद्मश्री पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था हालांकि 2018 में उन्होंने तुर्की के मर्सिन में आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक्स वर्ल्ड चैलेंज कप के वॉल्ट कॉम्पिटिशन में देश के लिए गोल्ड मेडल जीता था। ऐसा करने वाली वह भारत की पहली जिम्नास्ट बनी थीं। 31 साल की दीपा कर्माकर को गोल्डन गर्ल के नाम से भी जाना जाता है। त्रिपुरा की दीपा कर्माकर ने दीपा कर्माकर भारतीय जिम्नास्टिक्स की एक प्रमुख हस्ती हैं, जिन्होंने 2016 रियो ओलंपिक में वॉल्ट स्पर्धा में उल्लेखनीय चौथा स्थान हासिल किया था. उन्होंने लीप जिम्नास्टिक्स फेसिलिटी का दौरा किया और युवाओं को उनके नक्शेकदम पर चलने के लिए प्रेरित किया। दीपा ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए संन्यास का ऐलान किया है। लंबी पोस्ट में दीपा का दर्द भी छलका है। उन्होंने कहा कि मैंने बहुत सोचने के बाद फैसला लिया है कि जिम्नास्टिक से संन्यास ले रही हूं। यह फैसला आसान नहीं रहा है। मगर अब सही वक्त आ गया है। अपनी बात रखते हुए दीपा ने आगे लिखा, जिम्नास्टिक मेरी जिंदगी का सबसे बड़ा हिस्सा रहा है। मुझे वो 5 साल की दीपा याद आ रही है जिसको बोला था कि फ्लैट फीट की वजह से कभी जिमनास्ट नहीं बन सकती है। आज मुझे अचीवमेंट्स देखकर बहुत गर्व होता है। दीपा ने लेटर में बचपन की कहानी भी बयां की है। साथ ही अपनी पोस्ट में दीपा ने संन्यास का कारण भी बताया है। उन्होंने लिखा कि मेरी आखिरी जीत एशियन जिम्नास्टिक चैंपियनशिप ताशकंद एक टर्निंग पॉइंट था। मुझे तब तक लगा कि मैं अपनी बॉडी को और पुश कर सकती हूं लेकिन कभी-कभी हमारा शरीर बताता है कि आराम का वक्त आ गया है। लेकिन दिल अभी भी नहीं मानता है।

# बांग्लादेशी कप्तान ने अपने बल्लेबाजों को लताड़ा

### बोले-हमारे बैटर्स नहीं जानते 180 रन कैसे बनाएं, कहा- पावरप्ले में कम रन बने



**ग्वालियर,** : बांग्लादेशी कप्तान नजमुल हसन शांतो ने अपनी टीम के बल्लेबाजों की आलोचना की है। ग्वालियर में पहला टी-20 मैच 7 विकेट से गंवाने के बाद शांतो ने कहा कि हमारे बल्लेबाज नहीं जानते 180 रन कैसे बनाएं।

26 साल के शांतो ने स्वीकार किया कि उनकी टीम अच्छी शुरूआत करने में नाकाम रही और आगामी मुकाबलों में उन्हें बेहतर योजना की जरूरत होगी। मुकाबले में बांग्लादेश ने भारत को 128 रन का टारगेट दिया था, जिसे भारतीय बल्लेबाजों ने 11.5 ओवर में 3 विकेट पर हासिल कर लिया। अर्शदीप सिंह प्लेयर ऑफ द मैच रहे। उन्होंनें 14 रन देकर 3 विकेट लिए। शांतो बोले कि हमारी शुरूआत खराब रही शांतो ने मैच के बाद कहा कि हमने अच्छी शुरूआत नहीं की। टी-20 में पहले 6 ओवर बहुत महत्वपूर्ण होते हैं, लेकिन हमने अच्छी शुरूआत नहीं की। हमारा प्लान पॉजिटिव क्रिकेट खेलने और पहली गेंद से जज्बे के साथ खेलने का था, लेकिन हमें कुछ ओवर देखकर खेलने पड़े। उन्होंने कहा कि हमें अगले मैचों के लिए बेहतर योजना की जरूरत है। अगर हमारे पास कुछ विकेट होते तो हम 10-15 रन और बना सकते थे। बांग्लादेश के कप्तान ने कहा कि गेंदबाजी के लिहाज से हमारे पास पर्याप्त रन नहीं थे। इस तरह की पिच पर गेंदबाजों के लिए यह बहुत मुश्किल था। हमें और रन चाहिए थे, लेकिन मुझे लगता है कि रिषाद और फिज (मुस्ताफिजुर रहमान) ने अच्छी गेंदबाजी की। शांतो ने एक चौके और छक्के के सहारे 108.00 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए।

# एडिडास ने किया पैरालंपिक नायकों को सम्मानित

● नई दिल्ली, वार्ता




**एडिडास** इंडिया ने भारत के पैरालंपिक नायकों सुमित अंतिल और निषाद कुमार की विजयी वापसी पर यहां उन्हें सम्मानित किया।

कंपनी के महाप्रबंधक नीलेंद्र सिंह ने इन विजेताओं को सम्मानित करने के मौके पर कहा कि एडिडास में हम हमेशा से एथलीटों को सकारात्मक मानसिकता के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए सशक्त बनाने में विश्वास करते हैं। पैरालंपिक 2024 में उनके असाधारण प्रदर्शन के बाद सुमित अंतिल और निषाद कुमार का घर में स्वागत करना गर्व की बात है। यह उनका अथक समर्पण है जिसने उन्हें नकारात्मक दबाव से उबरने और यह सम्मान घर लाने में मदद की है। हमें इस यात्रा में उनके साथ जुड़ने पर गर्व है और उम्मीद है कि वे दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रेरित करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम भारत में सभी स्तरों पर खेलों के विकास का समर्थन करने के लिए एडिडास के निरंतर प्रयासों का प्रमाण था, जिसमें भविष्य के एथलीटों को विकसित करने पर विशेष ध्यान दिया गया। इस कार्यक्रम के हिस्से के रूप में, युवा पैरा-एथलीटों को पैरालंपिक नायकों के साथ सार्थक बातचीत देखने और उनसे जुड़ने के लिए आमंत्रित किया गया था। एथलीटों ने पेरिस पैरालंपिक 2024 से अपनी व्यक्तिगत यात्रा, चुनौतियों और सफलताओं को साझा किया। इसके अलावा, विश्व स्तरीय प्रशिक्षण सहायता और गियर के माध्यम से एथलीटों को सशक्त बनाने के एडिडास के प्रयासों को प्रदर्शित करते हुए, नई पीढ़ी के खिलाड़ियों को अपनी क्षमता पर विश्वास करने के लिए प्रेरित किया।

# भारत ने पहले दिन बनाए 316 रन

### भारत के अंडर-19 टीम के चार खिलाड़ियों ने जड़े अर्धशतक




**चेन्नई, वार्ता** : नित्या पांडे (94), केपी कार्तिकेय (71), निखिल कुमार (61) और कप्तान सोहम पटवर्धन (नाबाद 61) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर भारत अंडर-19 टीम ने सोमवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले जा दूसरे चार दिवसीय टेस्ट मैच में पहले दिन पांच विकेट पर 316 स्कोर खड़ा कर मैच पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली है।

यहां चेपक स्टेडियम में भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और केवल चार रन के स्कोर पर वैभव सूर्यवंशी (3) आउट होकर वापस पैवेलियन लौट गए। वैभव को होकेस्ट्रा ने ली यंग के हाथों आउट करा ऑस्ट्रेलिया को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद विहान मल्होत्रा एवं नित्या पांड्या ने दूसरे विकेट के लिए 60 रन जोड़े। मल्होत्रा (10) को रामकुमार ने बोल्ड आउट कर दिया। इसके बाद नित्या पंड्या और केपी कार्तिकेय ने तीसरे विकेट के लिए 172 रनों की साझेदारी की। इस दौरान नित्या पंड्या (94) शतक से चूक गए। पांड्या को होकेस्ट्रा ने रानाल्डो के हाथों कैच आउट कराया। केपी कार्तिकेय ने 71 रन बनाए। उन्हें होवे ने ओ'कॉनर के हाथों कैच आउट कराया। पांचवें विकेट के रुप में निखिल कुमार (61) रन बनाकर आउट हुए। निखिल को पैटरसन ने होवे के हाथों कैच आउट कराया। दो मैचों की इस श्रृंखला में भारतीय टीम 1-0 की बढ़त बनाए हुए है। दिन का खेल समाप्त होने पर कप्तान सोहम पटवर्धन (नाबाद 61) और हरवंश (सात) रन बनाकर नाबाद रहे। ऑस्ट्रेलिया की ओर हेरी होकेस्ट्रा ने दो विकेट लिए जबकि पैटरसन, होवे तथा रामकुमार को एक-एक विकेट मिला।

# भारत ने लीमा चैंपियनशिप में जीते 24 पदक

### भारतीय निशानेबाजों ने 24 पदकों में 13 स्वर्ण पदक भी जीते और तालिका में शीर्ष पर रहे

● लीमा (पेरू),




**भारत** की जूनियर निशानेबाजी टीम ने आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप 2024 के आखिरी दिन एक रजत और दो कांस्य पदक जीते। इसी के साथ टूर्नामेंट में भारत के पदकों की संख्या 24 हो गई और वह पदक तालिका में शीर्ष पर रहा।

प्रतियोगिता के अंतिम दिन भारत ने एक रजत और दो कांस्य पदक जीते। परीशा गुप्ता ने महिलाओं की 50 मीटर पिस्टल में रजत पदक जीता। जबकि मुकेश नेलावल्ली ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए पुरुषों की 50 मीटर पिस्टल में कांस्य पदक जीता। यह टूर्नामेंट में उनका छठा पदक है। इसके अलावा, शार्दुल विहान और सबीरा हैरिस ने मिक्स्ड टीम ट्रैप स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। परीशा ने महिलाओं की 50 मीटर पिस्टल में सराहनीय 540 अंक के साथ रजत जीता वहीं हंगरी की मिरियम जाको ने 546 अंकों के साथ जूनियर विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। अजरबैजान की सोफिया बरखालोवा ने 535 अंकों के साथ कांस्य पदक जीता। लीमा में भारत के बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले नेलावल्ली ने पुरुषों की 50 मीटर पिस्टल में 548 अंकों के साथ अपने खाते में एक और कांस्य पदक जोड़ा। अजरबैजान के इमरान गरायेव ने 552 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता और रोमानिया के लुका जोल्डिया ने 550 अंकों के साथ रजत पदक जीता। मिश्रित टीम ट्रैप प्रतियोगिता में, विहान और हैरिस ने कुल 138 अंक बनाए और चेकिया और इटली से पीछे रहे। प्रतियोगिता के अंतिम दिन महिलाओं की ट्रैप स्पर्धा में भारत मामूली अंतर से पदक से चूक गया। आशिमा अहलावत पहले सात सीरीज के बाद 25 अंकों के साथ इटली की सोफिया गोरी के साथ चौथे स्थान पर रहीं। गोरी ने 115 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर क्वालिफाई किया था, जबकि अहलावत 113 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर रहीं। पूरी चैंपियनशिप में भारत का दबदबा रहा और उसने 13 स्वर्ण, तीन रजत और आठ कांस्य पदक जीतकर पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। दूसरे स्थान पर रहने वाले इटली ने पांच स्वर्ण सहित 13 पदक जीते, जबकि नॉर्वे ने चार स्वर्ण सहित 10 पदकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।

# कानपुर जीत का श्रेय सिर्फ रोहित को

● नई दिल्ली, वार्ता



### गावस्कर बोले: कानपुर टेस्ट मैच सिर्फ रोहित ने जिताया न कि कोच गंभीर ने

**टीम** इंडिया फिलहाल बांग्लादेश के खिलाफ टी20 इंटरनेशनल सीरीज खेल रही है। इससे पहले हुई टेस्ट सीरीज को रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत ने 2-0 से अपने नाम किया। इसका दूसरा टेस्ट मैच, जो कानपुर में हुए, उसे भारत ने बड़े ही शानदार अंदाज में अपने नाम किया। इस जीत का क्रेडिट कई लोग हेड कोच गौतम गंभीर को दे रहे थे। इस बात से असहमति जताते हुए सुनील गावस्कर ने उन लोगों को गंभीर के तलवे चाटने वाले करार दे दिया।

दरअसल, कानपुर टेस्ट मैच टीम इंडिया ने तीन दिन में जीता। बारिश के प्रभावित इस मैच के पहले दिन सिर्फ 35 ओवर का ही खेल हुआ, जबकि दूसरे और तीसरे दिन एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी। बावजूद इसके भारत ने आक्रामक रवैया अपनाते हुए चौथे और पांचवें दिन शानदार खेल दिखाया और मुकाबले को अपने नाम कर लिया। इस जीत का क्रेडिट कई लोग हेड कोच गौतम गंभीर को दे रहे थे, जिसे पर सुनील गावस्कर भड़क गए। लिखे गए अपने कॉलम में गावस्कर ने कानपुर टेस्ट में भारत की रणनीति के लिए गंभीर को मिले क्रेडिट पर निराशा व्यक्त की। गावस्कर ने गंभीर को क्रेडिट देने वाले लोगों को तलवे चाटने वाले करार दिया। उन्होंने कहा कि हमने पिछले कुछ सालों में देखा है कि रोहित आक्रामक बल्लेबाजी कर रहे हैं और अपनी टीम को भी ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। गंभीर को कोचिंग करते हुए अभी कुछ ही महीने हुए हैं, इसलिए इसका क्रेडिट उन्हें देना उच्च स्तर की तलवा चटाई है। गावस्कर ने आगे कहा कि बेन स्टोक्स और ब्रेंडन मैकुलम के नेतृत्व में इंग्लैंड की बल्लेबाजी पूरी तरह बदल गई, लेकिन गंभीर ने शायद ही कभी मैकुलम की तरह बल्लेबाजी की हो।अगर टीम इंडिया की जीत का श्रेय किसी को जाता है तो वह सिर्फ रोहित को जाता है और किसी और को नहीं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेल:- dailyloktantra@gmail.com

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)